प्रकाशन का सफलतम 17 वां वर्ष

**सुविचार**

"तराशने वाले पत्थरों को भी तराश देते हैं, नासमझ हीरों को भी पत्थर क़रार देते हैं!!!

श्रीमद् भगवद् गीता


www.purvanchalsurya.com

आवाज आज की, नज़र कल पर

# पूर्वांचल सूर्य

रांची > दिल्ली > देवघर से प्रकाशित

RNI No.- JHAHIN/2007/24306






वर्ष - 17 | अंक 262 | दैनिक | रांची | मंगलवार 7 मई 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य : ₹ 4.00

झारखंड में चुनावी रैली में ईडी की कार्रवाई पर ओडिशा में बोले पीएम मोदी

## पड़ोसी राज्य में नोटों का पहाड़ मिल रहा



**नबरंगपुर (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय की ओर से झारखंड में भारी मात्रा में नकद जब्त किए जाने का जिक्र पीएम नरेंद्र मोदी ने ओडिशा में एक चुनावी रैली में की। ओडिशा के नबरंगपुर में एक चुनावी सभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि केंद्रीय एजेंसी की कार्रवाई की कुछ लोग सराहना कर रहे हैं तो कुछ लोग इस भ्रष्टाचार और लूट को रोकने की आलोचना कर रहे हैं।

पीएम ने कहा, आज, पड़ोसी राज्य झारखंड में नोटों का पहाड़ मिला है। लोग कह रहे हैं कि चोरी हो गया और माल पकड़ रहा मोदी वहां। अब आप ही बताइए, यदि मैं उनकी चोरी रोकूंगा, उनकी आमदनी बंद कर दूंगा, उनकी लूट बंद कर दूंगा तो वे मोदी को गाली देंगे नहीं देंगे तो और क्या करेंगे। पीएम ने चुनावी सभा में कहा, क्या गालियों के बावजूद मुझे यह काम नहीं करना चाहिए? क्या मुझे आपके पैसों की रक्षा नहीं करनी चाहिए।

पीएम ने यह प्रतिक्रिया सोमवार को ईडी की ओर से झारखंड की राजधानी रांची में की गई बड़ी कार्रवाई के बाद दी है। सोमवार को केंद्रीय एजेंसी ने झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के घरेलू सहायक के आवास से 20 करोड़ रुपये जब्त किए।

## अशोक गहलोत और भूपेश बघेल के कंधों पर अमेठी–रायबरेली जीतने की जिम्मेदारी, कांग्रेस ने बनाया पर्यवेक्षक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्रियों भूपेश बघेल और अशोक गहलोत को क्रमशः रायबरेली और अमेठी संसदीय क्षेत्रों के लिए पार्टी का वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया। कांग्रेस ने राहुल गांधी के रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ने की शुक्रवार को घोषणा की थी। रायबरेली राहुल गांधी की मां सोनिया गांधी का पारंपरिक निर्वाचन क्षेत्र रहा है।

## मुख्य सचिव के पत्र पर हो एफआईआर, पूरे मामले की सीबीआई जांच कराएं चंपई सोरेन : बाबूलाल मरांडी

वरीय संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने 6 मई को प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन की रैली में हेमंत सोरेन को ऐसे पेश किया गया कि भ्रष्टाचार से उनका दूर-दूर तक कोई नाता नहीं है। हेमंत सोरेन हो या उनकी पूरी सरकार, सभी भ्रष्टाचार के दलदल में डूबी हुई है। यह बार-बार कहते हैं कि आदिवासी होने के कारण उन्हें फंसाया जा रहा है। परेशान किया जा रहा है। हेमंत सोरेन ने अपने कार्यकाल में आदिवासियों के मान सम्मान को पूरी तरह से धूमिल करने का काम किया। आदिवासियों की पहचान है कि वे सहज और सरल होते हैं। गड़बड़ी से कहीं भी उनका कोई नाता नहीं होता है, लेकिन पिछले 4 वर्षों में सत्ता में रहकर हेमंत सोरेन ने छल कपट किया है, प्राकृतिक संसाधन या खनिज संपदा को लुटवाया है, खुद लूट में शामिल रहे हैं और उनके संरक्षण में बिचौलिया, दलाल और भ्रष्ट अफसर ने मिलकर लुटा है। कोयला, लोहा, बालू यहां तक की सेवा की जमीन को भी उन लोगों ने नहीं छोड़ा। आदिवासियों की जमीन का भी फर्जी कागजात बनाकर लूटा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य के यहां से 350 सौ करोड़ नोटों का पहाड़ पकड़ा गया था। उसको भी दुनिया ने



देखा। यहां से मिले नोटों की गिनती 1 दिन में समाप्त नहीं हुई, कई दिनों तक चली। आदमी तो आदमी मशीन तक थक गए। ठीक से जांच होने पर पैसे में वर्तमान या पूर्व मुख्यमंत्री की संलिप्तता भी नजर आएगी।

झारखंड में भ्रष्ट अफसर, दलाल, बिचौला के ठिकानों पर भी 20 करोड़ रुपए के नोट मिले थे। आज भी आलमगीर आलम के पीएस के नौकर के यहां करोड़ों रुपए मिले हैं। इंडी गठबंधन के नेता राहुल गांधी को यह बताना चाहिए कि यह पैसा किसका है।

उन्होंने कहा कि नौकर के घर में पैसों का इतना जखीरा मिला है, तो उनके सहायक, उनके सचिव या फिर मंत्री, सरकार से जुड़े दलाल- बिचौलियों के घर भी अगर छापामारी हो जाए तो पता नहीं कितने करोड़ रुपए मिलेंगे। इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। इंडी गठबंधन के लोग पूरी तरह हताश और निराश है। वे पैसे के बल पर चुनाव जीतना चाह रहे हैं। झारखंड सरकार भ्रष्टाचार में पूरी तरह लिप्त है। पूर्व मुख्यमंत्री का अपने नाम से खनिज पट्टा लेना, पत्नी के नाम से औद्योगिक क्षेत्र में जमीन लेना, पाकुड़ जिला में भाई के नाम से खनन का पट्टा लेना, प्रेस सलाहकार के नाम से खनन का पट्टा लेना, परिवार के नाम पर खनन का पट्टा लेना, यह सब सबके सामने है।

उन्होंने कहा कि उनके बीच के दलाल - इंजीनियर भी जेल में बंद है। आज मिले पैसे या 350 करोड़ की जांच होगी तो इसके तार कांग्रेस के शहजादे तक भी पहुंच जाएगी। वसूली का धंधा पिछले 4 वर्षों तक राज्य में जारी रहा। यहां के नेता घूम घूमकर कहते हैं कि हेमंत सोरेन को फंसाया गया। कल्पना सोरेन कहती है कि पति को फंसाया गया। इससे बड़ा सबूत और क्या हो सकता है कि इतने बड़े नोटों की गड्डी, 350 करोड़ रुपये कांग्रेस नेता के यहां से मिले। पहले ही 20 करोड़ रुपये एक आईएएस के ठीकानों से मिलता है। आज कांग्रेस पार्टी के मंत्री के निजी सचिव के नौकर के घर से पैसे मिले हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव ने ग्रामीण विकास सचिव को पत्र लिखा था वह सारे पत्र नोटों का बंडल के साथ मिले हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चपाई सोरेन उसे पत्र के आधार पर तुरंत एफआईआर कराएं। पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराएं। इसकी अनुशंसा करें। ऐसा न हो कि उनका बुढ़ापा भी जेल में कटे। मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाईक, सह मीडिया प्रभारी योगेन्द्र प्रताप भी मौजूद थे।

## हर साख पर आलमगीर बैठा है,अंजाम ए झारखंड क्या होगा : तरुण चुग

विशेष संवाददाता



**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सोमवार को एक दिवसीय झारखंड दौरे पर नई दिल्ली से रांची आए। श्री चुग ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित चतुर्थ चरण में होने वाले चुनाव संसदीय क्षेत्र पलामू,सिंहभूम,खूंटी लोहरदगा के लोकसभा प्रभारी,सह प्रभारी,संयोजक ,जिलाध्यक्ष गण के साथ बैठक की। बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह,प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू,मनोज सिंह उपस्थित थे । बैठक में लोकसभा चुनाव में सभी सीटों पर जीत सुनिश्चित करने की रणनीति पर चर्चा हुई। श्री चुग ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि झारखंड में सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा हो गई है। अब तो मंत्री और कांग्रेस पार्टी विधायक दल के नेता के घर से ईडी की कार्रवाई में करोड़ों रुपए नकद बरामद हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड के हर साख पर एक आलमगीर बैठा है।ऐसे में ठगबंधन की सरकार में अंजाम ए झारखंड क्या होगा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को को बताना चाहिए कि ये पैसे किनके हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड की 14लोकसभा सीट पर एन डी ए की जीत पक्की है।जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना चाहती है।

## तीसरा फेज, 11 राज्यों की 93 सीटों पर वोटिंग आज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के तीसरे फेज में आज मंगलवार (7 मई) को 10 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 93 सीटों पर वोटिंग होगी। पहले इस फेज में 10 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 95 सीटें थीं, लेकिन 21 अप्रैल को सूरत से कांग्रेस प्रत्याशी का पर्चा रद्द होने और 8 कैंडिडेट के नामांकन वापस लेने के बाद भाजपा के मुकेश दलाल निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। वहीं जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम की वजह से अनंतनाग-राजौरी सीट का चुनाव टाल दिया गया है। अब यहां छठे फेज में 25 मई को वोट डाले जाएंगे।

केजरीवाल ने क्या आतंकी संगठन से लिए 16 मिलियन डॉलर

## एलजी ने की एनआईए जांच की सिफारिश



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश की है। उन्होंने कहा है कि केजरीवाल ने बैन किए गए आतंकी संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' से पॉलिटिकल फंडिंग ली है।

एलजी के पास वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव आशू मोंगिया की शिकायत आई थी, जिसमें कहा गया था कि अरविंद केजरीवाल की पार्टी आप ने 2014 से 2022 के बीच खालिस्तानी आतंकी समूहों से 1.6 करोड़ डॉलर यानी 133 करोड़ रुपए लिए थे, ताकि देवेंद्र पाल भुल्लर की रिहाई कराई जा सके। इस शिकायत के आधार पर एलजी ने यह सिफारिश की है।

**एलजी ऑफिस की तरफ से गृह मंत्रालय के नाम लिखा गया लेटर...** शिकायत में दावा- केजरीवाल ने 2014 से 2022 के बीच खालिस्तानी समूहों से 133 करोड़ रुपए लिए।

इस लेटर में लिखा है कि 1 मई को एलजी के पास वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव आशू मोंगिया ने एक शिकायत भेजी थी। इसमें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आम आदमी पार्टी के पूर्व कार्यकर्ता डॉ. मुनीष कुमार रायजादा के कुछ पोस्ट का प्रिंटआउट, एक लेटर और एक पेनड्राइव भी थी। अपनी शिकायत में आशू मोंगिया ने पेनड्राइव के एक वीडियो का जिक्र किया था, जिसमें खालिस्तानी आतंकी और सिख फॉर जस्टिस का फाउंडर गुरपतवंत सिंह पन्नू ने यह दावा किया था कि अरविंद केजरीवाल की पार्टी आप ने 2014 से 2022 के बीच खालिस्तानी समूहों से 1.6 करोड़ डॉलर यानी 133.60 करोड़ रुपए की फंडिंग ली है। इसमें यह दावा भी किया गया था कि 2014 में केजरीवाल ने न्यूयॉर्क के गुरुद्वारा रिचमंड हिल में खालिस्तान समर्थक सिखों से मुलाकात की थी। इस मीटिंग में केजरीवाल ने वादा किया था कि अगर आम आदमी पार्टी को खालिस्तानी समूहों से फंडिंग मिलती रहेगी तो वे देवेंद्र पाल भुल्लर की रिहाई में मदद करेंगे।

## झारखंड में लोकतंत्र के नाम पर लूट तंत्र की सरकार चल रही है : संजय सेठ

विशेष संवाददाता



**रांची।** सांसद संजय सेठ ने कहा कि जिस प्रकार इंडिया गठबंधन के सरकार के एक मंत्री के आप्त सचिव के घर से जिस तरह रुपए बरामद हुए हैं यह झारखंड को फिर से शर्मसार किया है। झारखंड के लिए यह बहुत ही दुर्भाग्य की बात है। झारखंड के मुख्यमंत्री जमीन घोटाले में जेल में हैं। उनके अधिकारी मनी लांड्रिंग के केस में जेल में हैं। अब उनके मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव के यहां 30 करोड़ से अधिक नगदी बरामद होती है।

श्री सेठ ने कहा झारखंड इकलौता राज्य है जहां भ्रष्टाचार की सालगिरह मनाई जाती है। दो साल पहले आज ही के दिन देश ने भ्रष्टाचार की पूजा देखा था आज देश भ्रष्टाचार का आलम देख रहा है। झारखंड में लूट तंत्र की सरकार चल रही है। झारखंड की सरकार ने यहां की गरीब जनता की जमीन लूटी, उनका हक छीना, सेना की जमीन लूटी, यहां के खनिज संपदा को लूट और तो और यहां के बालू तक को लूट कर अपनी तिजोरी भर ली। वहीं ,एक ओर नरेंद्र मोदी गरीबों के मसीहा हैं ,जिन्होंने अभी तक 25 करोड़ लोगों के जीवन में परिवर्तन लाया। इसलिए झारखंड को बचाने के लिए नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाएं। झारखंड में लोकतंत्र के नाम पर लूट तंत्र चल रहा है। इंडिया गठबंधन ने राज्य की ऐसी हालत कर दी है कि हम विकास, रोजगार ,और भ्रष्टाचार ,मिटाने की कल्पना भी नहीं कर सकते । सांसद सेठ ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि इसकी निष्पक्ष जांच हो और मंत्री आलमगीर आलम को अविलंब गिरफ्तार किया जाए। झारखंड की जनता ने इनके चाल चरित्र और चेहरा को देख लिया है। इस लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में झारखंड की जनता इन्हें मुंह तोड़ जवाब देगी। जिन्होंने झारखंड को पूरे देश में बदनाम करने का काम किया है।

## एसएसपी द्वारा पत्रकार के साथ दुर्व्यवहार मामले को लेकर डीजीपी व निर्वाचन आयुक्त से मिला रांची प्रेस क्लब का प्रतिनिधिमंडल

### प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी और मुख्य निर्वाचन आयुक्त से कार्रवाई की मांग की

वरीय संवाददाता

**रांची।** गत दिनों रांची प्रेस क्लब के कार्यकारिणी सदस्य और नक्षत्र टीवी के सीनियर जर्नलिस्ट सौरभ शुक्ला के साथ रांची के सीनियर एसपी ने अभद्रता की थी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रांची दौरे के दौरान सौरव शुक्ला न्यूज़ कवरेज कर रहे थे उस दौरान एसएसपी ने दुर्व्यवहार करते हुए उनकी माइक आईडी छीन ली थी। इस घटना की कड़ी भर्त्सना करते हुए रांची प्रेस क्लब के प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह और झारखंड के मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रविकुमार से मुलाकात कर और उनसे कार्रवाई की मांग की है। इस





बाबत प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन ने कहा की विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के मौके पर एक वरिष्ठ पत्रकार के साथ एसएसपी द्वारा किया गया दुर्व्यवहार दुर्भाग्यपूर्ण है, जिसकी प्रेस क्लब कड़ी निंदा करता है और झारखंड के डीजीपी और मुख्य निर्वाचन आयुक्त से कार्रवाई की मांग करते हुए यह भी मांग करता है कि राज्य की पुलिस पत्रकारों के साथ शालीनता से पेश आए। प्रतिनिधिमंडल की मांगों पर गौर करते हुए डीजीपी और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने मामले की जांच करवा कर कार्रवाई करने का आश्वासन प्रतिनिधिमंडल को दिया है। ज्ञापन सौंपने वालों में क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र लाल सोरेन, सचिव अमरकांत, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गिरी, कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह, कार्यकारिणी सदस्य सौरभ शुक्ला, चंदन भट्टाचार्य, कलब के पूर्व सचिव सह वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश सिंह और अमन मिश्रा मुख्य रूप से शामिल थे।



इंडिया गठबंधन द्वारा मोरहाबादी मैदान में सोमवार को आयोजित जनसभा में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय एवं कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए।



इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने सोमवार को रांची के उपायुक्त सह जिला निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, राज्यसभा सांसद डॉ.महुआ माजी, प्रकाश वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# टेलीविजन से 10,000 करोड़ रुपये की बिक्री करेगा सैमसंग

**रांची।** इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने एआई टेलीविजन के अपने 2024 लाइनअप के लॉन्च के साथ भारत में अपने टेलीविजन कारोबार से 10,000 करोड़ रुपये की बिक्री हासिल करने का लक्ष्य तय किया है। विश्लेषकों के मुताबिक, भारत में अब तक किसी भी टेलीविजन ब्रांड ने यह उपलब्धि हासिल नहीं की है। रिसर्च एजेंसी ओमडिया के मुताबिक सैमसंग भारत की नंबर 1 टीवी बनाने वाली कंपनी है। सैमसंग ने नए क्यू एलईडी 8के, 4के और ओएलईडी टीवी की 2024 रेंज लॉन्च की है जिनकी कीमत 139990 रुपये से शुरू होती है। सैमसंग इंडिया के विजुअल डिस्प्ले बिजनेस के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट मोहनदीप सिंह ने कहा कि एआई-पावर्ड 8के नियो क्यूइएलईडीस, 4के नियो क्यूपएलईडी और ओएलईडी टीवी की नई रेंज के लॉन्च के साथ, हमें इस साल भारत में अपने रेवेन्यू और मार्केट लीडरशिप को बढ़ाने का पूरी उम्मीद है। 2024 में हमने भारत में अपने टीवी कारोबार से 10,000 करोड़ रुपये का रेवेन्यू हासिल करने का लक्ष्य तय किया है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यशस्विनी सहाय का किया भव्य स्वागत



**वरीय संवाददाता रांची।** गाड़ीखाना चौक पर सैकड़ो की संख्या में युवा, महिला एवं बुजुर्गों ने रांची लोकसभा की युवा महिला उम्मीदवार यशस्विनी सहाय एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय का भव्य स्वागत किया। सुबह से ही लोग ढोल नगाड़े के साथ गाड़ीखाना चौक के समीप पूरे उत्साह के साथ आ गए एवं जैसे ही यशस्विनी सहाय का काफिला आया, सभी लोगों का जोश और उमंग देखने लायक था। सभी लोग पूरे उत्साह के साथ उनका स्वागत माता की चुनरी पहना कर एवं पुष्प माला पहना कर किया। उन्हें विजयी होने के लिए आशीर्वाद दिया। महागठबंधन के रांची लोकसभा की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय हजारों समर्थकों के साथ नामांकन किया एवं विशाल जनसभा को संबोधित किया।इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से समाजसेवी एवं कांग्रेस नेता दीपक लाल, मोनू शर्मा, निजाम अली, बाबू खान, संदीप घोष, सौरव वर्मा, अमन एवं आस पास के सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहे।

# निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त किया प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन

## नाम वापसी के दिन कुल 23 उम्मीदवारों में से 01 उम्मीदवार ने अपना नामांकन लिया वापस, कुल 22 उम्मीदवार लड़ेगे चुनाव

पूर्वांचल सूर्य ब्यूरो

**चतरा।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों को बताया कि दिनांक-26.04.2024 को अधिसूचना जारी के होने के पश्चात दिनांक-26.04.2024 से 03.05.2024 तक नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की तिथि निर्धारित थी। जिसमें कुल 31 उम्मीदवारों ने अपना नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया था। वहीं दिनांक 04.05.2024 को स्क्रूटनी की तिथि निर्धारित थी जिसमें कुल 08 उम्मीदवारों का निर्देशन पत्र में त्रृटिपूर्ण रहने के कारण नाम निर्देशन पत्र अस्वीकृत किया गया। वहीं आज नाम वापसी की तिथि 06.05.2024 को जय प्रकाश सिंह भोगता, पिता-महेन्द्र सिंह भोगता, पता




ग्राम-तिलैया, पोस्ट-द्वारी, थाना-गिद्धौर, जिला-चतरा निर्दलीय ने अपना नामांकन वापस लिया। साथ ही शेष 22 उम्मीदवार लोकसभा चुनाव लड़ेंगे की जानकारी प्रेसवार्ता के माध्यम से दी गई।

### मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के अभ्यर्थी

काली चरण सिंह भारतीय जनता पार्टी, कृष्णानन्द त्रिपाठी इंडियन नेशनल काँग्रेस, नागमणि बहुजन समाज पार्टी से उम्मीदवार है।

### पंजीकृत राजनैतिक दलों के सदस्य (मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों अतिरिक्त)

अर्जुन कुमार कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, कर्मलाल उरांव पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक), कामदेव डिहो राण राष्ट्रीय जन उत्कर्ष पार्टी, दर्शन गंझु झारखण्ड पार्टी, दुलेश्वर साव भारतीय जवान किसान पार्टी, विमल लकड़ा आंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया, महेश बांडो बहुजन मुक्ति पार्टी, लव कुमार पंडित भागीदारी पार्टी, संजय कुमार स्नेही लोकहित अधिकार पार्टी, सुमित कुमार यादव समता पार्टी से

### अन्य अभ्यर्थी निर्दलीय

अर्जुन प्रजापती, मो0 अबुजर खाँ, डॉ अभिषेक कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, चंदन कुमार, दीपक कुमार गुप्ता, योगेश कुमार सिंह, विक्रांत कुमार सिंह, श्रीराम सिंह निर्दलीय से उन्होंने सभी पत्रकार बंधुओं से अपील करते हुए कहा कि 7 मई को संध्या 6 बजे से 8 बजे रात्रि तक सोशल मीडिया पर मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर का कैंपेन चलेगा।आप सभी इस कैंपेन में भाग लें इस बार हर एक मतदाता इलेक्शन एंबेसडर हैं अपने जानने वाले लोगों को भी इस कैंपेन में भाग लेने हेतु बोले।इस कैंपेन का उद्देश्य सोशल मीडिया के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करना है। इस प्रेस कॉन्फ्रेस में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पाण्डेय, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मण्डल, अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव, उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी शकील अहमद समेत प्रिंट/इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार बंधु उपस्थित थे।

# आज चलेगा संध्या 06:00 से रात्रि 08:00 बजे तक सोशल मीडिया पर हैसटैग महा अभियान, मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर

**▸▸ इस बार हर वोटर बनेगा ब्रांड एम्बेसडर ▸▸ जिले के सभी मतदाता इस अभियान में शामिल होकर बने मै भी इलेक्शन एम्बेसडर**

पूर्वांचल सूर्य ब्यूरो

**चतरा।** जिले में मतदान के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 07 मई को संध्या 06:00 बजे से रात्रि 08:00 बजे तक %मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर% अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य सोशल मीडिया के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करना है। जिससे जिले में अधिक से अधिक मतदान हो सके।

अभियान को सफल बनाने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा ऑनलाइन माध्यम से सरकार व गैर सरकारी विद्यालयों के प्रधानाचार्य के साथ रविवार को बैठक की गई एवं विद्यालयों के बच्चों के बीच रंगोली, चित्रकला, प्रभातफेरी, पत्र लेखन, स्लोगन लेखन समेत अन्य गतिविधि चलाकर 07 मई को संध्या 06:00 बजे से रात्रि 08:00 बजे तक अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर हैसटैग मै भी इलेक्शन एम्बेसडर के साथ पोस्ट करने की बात कही। आगे उन्होने कहा पूरे राज्य की तुलना में पूर्व निर्वाचन के दौरान चतरा जिले का मतदान प्रतिशत कम देखा गया है। इसमें वृद्धि हो इसलिए व्यापक रूप से मतदाताओं का जागरूक करने के लिए विशेष प्रचार-प्रसार करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। साथ ही सभी मतदाताओं का अभियान में सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

लोकसभा चुनाव एक महापर्व है इसमें हर वोटर ब्रांड एम्बेसडर है। इस बार के चुनाव में हर एक मतदाता खुद अपने आस पास के लोगों को जागरूक करें। जिला स्तरीय विभागों, बूथ अवेयरनेस समूहों, प्रज्ञा केन्द्रों, शिक्षकों, जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों, कृषि मित्रों, वोटर अवेयरनेस फोरम, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स सहित अन्य के द्वारा किए जाने वाले कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

07 मई को संध्या 06:00 बजे रात्रि 08:00 बजे मतदाता जागरूकता से संबंधित फोटो, वीडियो, स्लोगन, पेंटिंग सहित कोई भी विशेष पहल को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर मै भी इलेक्शन एम्बेसडर एवं वोट करेगा चतरा हैसटैग के साथ शेयर करने की अपील की। इसके अलावे रविवार को संध्या 05:00 बजे झारखण्ड निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अभियान को सफल बनाने हेतु कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

# हाथों में हथकड़ी लगे दूल्हे की हुई शादी

पूसू प्रतिनिधि



**गिरिडीह।** पुलिस द्वारा प्रेमी को गिरिडीह जेल से लाकर प्रेमिका के साथ सोमवार को दुखिया महादेव मंदिर में विवाह करवाया गया।युवक के हाथों में हथकड़ी लगी थी।वहीं हथकड़ी को पकड़े हुए एक पुलिसकर्मी मौके पर खड़ा था।इसी अवस्था में युवक तमाम वैवाहिक रस्मों को पूरा कर रहा था।बताया गया कि गावां थाना क्षेत्र के पिहरा के रहने वाले गुलशन कुमार और जमुआ थाना के बदडीहा की कल्पना कुमारी का प्रेम प्रसंग चार वर्ष से चल रहा था।युवती के घर वालों को पता चलते ही युवती के परिजनो ने युवक पर मुकदमा कर दिया।जिसके बाद पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।हालांकि युवती की जिद के आगे उसके परिजन हार गए और दोनों परिवारों में सुलह समझौता हुआ।जिसके बाद सीधे जेल से लाकर हथकड़ी के साथ ही युवक को दुखहरन नाथ मंदिर में विवाह के मंडप में बिठा दिया।यहां राजी खुशी दोनों के परिवार वालों की मर्जी से दोनों का विवाह संपन्न हुआ।बताया गया कि युवक को फिर जेल ले जाया गया।सुलह समझौते के आधार पर हुए करारनामा को लेकर कोर्ट से बेल स्वीकृत होने पर वह बाहर आएगा।

# लोकसभा चुनाव हेतु इण्डिया व एनडीए प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया



पूसू प्रतिनिधि

गिरिडीह। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर गिरिडीह लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में चुनावी तपिश बढ़ती ही जा रही है। इधर कोडरमा लोकसभा चुनाव को लेकर नामांकन समाप्त होने के बाद गिरिडीह लोकसभा को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। सोमवार को गिरिडीह लोकसभा से दो प्रमुख दलों के प्रत्याशी ने बोकारो में नामांकन किया। राजग गठबंधन से जहां वर्तमान सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी ने पर्चा भरा। वहीं इंडिया गठबंधन से टुंडी विधायक मथुरा महतो ने नामांकन पर्चा दाखिल किया।

इस दौरान गिरिडीह के निवर्तमान सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी अपने प्रस्तावक व समर्थको के साथ बोकारो समाहरणालय पहुंचें और जिला निर्वाचन पदाधिकारी विजया जाधव के समक्ष नामांकन पर्चा दाखिल किया। इस दौरान सीपी चौधरी के साथ गोमिया विधायक लंबोदर महतो सहित राजग गठबंधन के कई नेता मौजूद थे। इस दौरान बिहार के डिप्टी सीएम सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित कई नेता भी सीपी चौधरी का उत्साह बढ़ाने के लिए बोकारो पहुंचे हुए थे। इधर गिरिडीह लोकसभा के लिए इंडिया गठबंधन से टुंडी विधायक मथुरा महतो भी निश्चित समय पर बोकारो में नामांकन पर्चा दाखिल करने के लिए पहुंचे। इस दौरान गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से काफी संख्या में झामुमो कार्यकता बोकारो पहुंचे हुए थे। मथुरा महतो अपने समर्थकों के साथ बोकारो सामहरणालय पहुंचे और जिला निर्वाचन पदाधिकारी विजया जाधव के समक्ष नामांकन पर्चा दाखिल किया। इस दौरान श्री महतो के साथ मंत्री बेबी देवी, झामुमो के केन्द्रीय महासचिव सूप्रियों भट्टाचार्य सहित पार्टी के कई नेता मौजूद थे।

# मतदाता जागरूकता हेतु मतदाता प्रतिज्ञा शपथ, पेंटिंग प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, भाषण, पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिता का आयोजन

पूसू प्रतिनिधि

**गिरिडीह।** लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदाता भागीदारी बढ़ाने, नैतिक मतदान एवं निर्वाचन संबंधी जागरूकता संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गिरिडीह जिले के सुभाष इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग, श्रीमती स्नेह कश्यप के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। सुभाष इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य वहां के युवा मतदाताओं को जागरूक करना तथा उन्हें मतदान के महत्व, निर्वाचन प्रणाली, वोटर हेल्प लाइन ऐप, 1950, सुविधा ऐप, सी-विजिल ऐप व निर्वाचन से संबंधित अन्य जानकारी उपलब्ध कराना है। साथ ही युवा मतदाताओं के माध्यम से उनके पैरेंट्स को भी जागरूक करने का प्रयास करना है। इस दौरान मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मतदाता प्रतिज्ञा शपथ, पेंटिंग प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर मेकिंग, भाषण आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिता में के सभी छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित की। जहां मतदाताओं के बीच मतदाता प्रतिज्ञा शपथ पाठ कराया गया। साथ ही सभी लोगों से लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम चुनाव में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की गई। इसके अलावा बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान की तिथि घोषित कर दी गई है, जिसके अनुसार कोडरमा लोकसभा व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव दिनांक 20.05.24 तथा गिरिडीह लोकसभा में मतदान तिथि 25.05.24 को चुनाव कराया जाना है। आप सभी को इस महापर्व में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना है। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत सभी युवा मतदाताओं को जागरूक किया गया। मौके पर सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें शपथ दिलाई गई कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करेंगे। साथ ही उन्हें अपने स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करने लिए अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया।

इसके अलावा स्कॉलर बीएड कॉलेज में आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान के माध्यम से विभिन्न प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। जहां क्विज प्रतियोगिता में प्रथम/द्वितीय तथा तृतीय स्थान लाने वाले युवा मतदाताओं को सम्मानित किया गया। वहीं पोस्टर मेकिंग/नुक्कड़ नाटक/भाषण प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग के द्वारा बताया गया कि सभी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा। इस दौरान नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में सभी मतदाता बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें और अपने मताधिकार का इस्तेमाल करें। कहा कि भारत सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और यहां के युवा जागरूक मतदाता होने का फर्ज अदा करते हैं। हमारे देश का प्रजातंत्र तभी मजबूत होगा जब मतदान में लोगों की भागीदारी बढ़ेगी। जब-तक हम सभी जागरूक नागरिक नहीं बनेंगे तब-तक विकास संभव नहीं है। बेहतर राज्य की परिकल्पना के लिए हमें मतदान करना पड़ेगा। और इस महापर्व में सबकी सहभागिता सुनिश्चित करनी होगी।

मौके पर सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर, सहयोगी पदाधिकारी, स्वीप कोषांग समेत स्वीप कोषांग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# माले नेता ने कोडरमा व गांडेय हेतु चलाया जन संपर्क अभियान



पूसू प्रतिनिधि

**गिरिडीह।** भाकपा माले नेता राजेश यादव के नेतृत्व में गांडेय प्रखंड के बरमसिया पंचायत के कई गांवों का दौरा कर जन संपर्क अभियान चलाया गया। कोडरमा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र और गांडेय विधान सभा उप चुनाव में इंडिया प्रत्याशियों क्रमशः विनोद सिंह और कल्पना सोरेन को जिताने की अपील की गई।

इस दौरान माले नेता ने कहा कि भाजपा ने देश की जनता को तबाही के दलदल में धकेला है। युवाओं को रोजगार और किसानों को उपज के बेहतर दाम के नाम पर ठगा है, मजदूरों से उनके श्रम कानूनों को छीनकर उन्हें तबाह किया। जनता के अच्छे के बजाय एक बुरे दिन ला दिए गए।

श्री यादव ने कहा कि, कोडरमा लोकसभा और गांडेय विधानसभा दोनों ही सीट इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जीतेंगे। इसके लिए झामुमो, भाकपा माले सहित इंडिया के सहयोगी सभी दलों के नेता/ कार्यकर्ता रात-दिन एक करके लगे हुए हैं। मौके पर मुख्य रूप से मेहताब अली मिर्जा, रामजीत मुर्मू, श्याम किशोर हांसदा, विनय टुडू, राजू पासवान, मुन्ना मरांडी, बाबूराम मुर्मू, चरण मुर्मू, संतोष बेसरा, आनंद कु हांसदा, बबलू मरांडी, सुशील मुर्मू, बसंत देव हांसदा, कोरेसी हांसदा, कौलेश्वर हांसदा, अरविंद हांसदा, मोसो बेसरा, बालेश्वर हांसदा, महेंद्र टुडू, सोहन लाल मुर्मू, राजेंद्र टुडू, बुधन टुडू, गणेश मुर्मू, वकील हेंब्रम, राजवीर टुडू, हरिलाल मरांडी, रामकृपाल टुडू, मोहन लाल मुर्मू सहित अन्य महिला-पुरुष मौजूद थे।

# मेडिक्लेम प्रक्रिया में समय लगने के कारण मरीजों को डिस्चार्ज मिलने में होती है देरी: सर्वे

**रांची।** स्वास्थ्य सेवा प्रदाता प्रिस्टीन केयर के एक नए अध्ययन में यह पता चला है कि चिकित्सा बीमा दावों के लिए लगने वाले अत्यधिक समय के कारण प्रत्येक 10 में से 5 मरीजों को डिस्चार्ज मिलने में देरी का सामना करना पड़ता है। स्वास्थ्य बीमा पॉलिसीधारकों द्वारा अनुभव की जाने वाली परेशानी को कम करने के लिए, भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) द्वारा 100 प्रतिशत कैशलेस हॉस्पिटल नेटवर्क सुविधा शुरू करने की संभावना है जिसमें सूचीबद्ध और गैर-सूचीबद्ध दोनों तरह के अस्पताल शामिल होंगे। अध्ययन से पता चला है कि 40 प्रतिशत से अधिक लोग भारत में स्वास्थ्य बीमा दावों में देरी के लिए अस्पताल प्रशासनिक प्रक्रियाओं को जिम्मेदार मानते हैं, जबकि 25 प्रतिशत लोग इसके लिए अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच समन्वय की कमी को जिम्मेदार ठहराते हैं। जटिल दस्तावेजी प्रकियाएं भी इन देरी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसके अलावा सर्वे में बीमा दावों की प्रक्रिया के दौरान रोगी के परिवारों के सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों को रेखांकित करता है, जिसमें 10 में से लगभग चार उत्तरदाताओं ने दावा प्रक्रिया के संबंध में ग्राहक सेवा में कठिनाई का सामना करने की बात मानी है। अध्ययन में यह भी पाया गया कि 10 में से 6 लोगों ने कभी भी स्वास्थ्य बीमा दावा प्रक्रिया शुरू नहीं की। ऐसा करने वालों में, 34 प्रतिशत ने कागजी कार्रवाई पर असंतोष व्यक्त किया, जबकि 40 प्रतिशत को अपनी बीमा कंपनियों से समय पर प्रतिक्रिया प्राप्त करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ा। करीब 10 में से 3 मरीजों को प्री-अप्रूव्ड और अंतिम दावा राशि के बीच विसंगतियों का सामना करना पड़ा। इसके अलावा, करीब 38 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि डिस्चार्ज प्रक्रिया में 8 घंटे से अधिक का समय लगा, क्योंकि अस्पतालों को दावा प्रक्रिया पूरी करने में लगभग इतने ही समय की जरूरत होती है। लगभग 10 में से 4 लोगों के पास अपनी पॉलिसी के नियम और शर्तों को लेकर स्पष्टता की कमी थी। इतना ही नहीं, करीब 18 प्रतिशत लोगों ने दावे की स्थिति के संबंध में अपनी बीमा कंपनियों से प्राप्त कम्युनिकेशन पर असंतोष व्यक्त किया।

# भाजपा के पक्ष में सुनामी, रिकॉर्ड मतों से जीतेगी अन्नपूर्णा देवी: चुन्नू कांत

**प्रतिनिधि, गिरिडीह।** गिरिडीह भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य व धनवार विधानसभा के प्रभारी चुन्नू कांत ने कहा कि जनता में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में चुनाव को लेकर सुनामी है, सामने कोई प्रत्याशी नहीं है और न कोई दल है, जो भाजपा के आगे पीछे भी हो। कहा, जो स्थिति है उसमें बीजेपी इस बार 400 से अधिक सीटों से जीतकर नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएगी। उक्त बातें श्री कांत ने यहां



पार्टी बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में कही। इसके पूर्व पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ता और मंडल के अध्यक्ष के साथ मंडल कार्यालय के प्रबंधन को लेकर चर्चा की गई। साथ ही वहां बैठकर चुनाव की आगे की रणनीति तय की?। कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए श्री कांत ने कहा कि एक-एक कार्यकर्ता बूथ पर लगे और आगामी 20 में को चुनाव के दिन अधिक से अधिक मतदान करने में अपनी पूरी समर्थ लगा दे, क्योंकि बूथ पता से ही चुनावी जीत होगी, जीत तो होना तय है, लेकिन जीत का अंतर इतना बड़ा हो कि कोडरमा लोकसभा का एक संदेश पूरे देश में जाए। उन्होंने कहा कि इसी आगामी प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारी पर भी बैठक में चर्चा की गई।बैठक में अन्य लोगों मंडल अध्यक्ष प्रद्युम्न वर्मा, प्रवेश यादव, मदन राय, विजय पांडे, संजय राम, सुखदेव राम, सुबोध सिंह, मनोज राम, संदीप राय आदि लोग उपस्थित थे।

# व्यय प्रेक्षक गांधी डोंठी ने 20बरकट्ठा विधानसभा अंतर्गत निर्वाचन को लेकर तैयारियों का जायजा लिया

**पूसू प्रतिनिधि गिरिडीह।** लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव के निमित्त सोमवार को व्यय प्रेक्षक गांधी डोंठी के द्वारा 20 बरकट्ठा विधानसभा अंतर्गत निर्वाचन को लेकर की गई तैयारियों का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने सहायक निर्वाची पदाधिकारी, 20 बरकथा विधानसभा से निर्वाचन को लेकर क्या क्या तैयारियां की गई है, इसका उचित जानकारी प्राप्त की तथा कई बिंदुओं को लेकर आवश्यक दिशा



निर्देश दिए गए। इसके अलावा उन्होंने एसएसटी/एफएसटी के द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली तथा कई दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उनके कार्य दायित्व के संबंध में कई निर्देश दिए गए। साथ ही उन्होंने सहायक निर्वाची पदाधिकारी, 20 बरकट्ठा के द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त कर निर्वाचन के कार्यों को स-समय पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान श्रम अधीक्षक, सहायक निर्वाची पदाधिकारी, 20 बरकथा समेत निर्वाचन के कई अधिकारी उपस्थित थे।

# बड़कागांव के विस्थापितों के साथ न्याय हो इसलिए जेपी पटेल को जिताना है: अंबा प्रसाद

## 9 मई को जयप्रकाश भाई पटेल का बड़कागांव में चलेगा जनसंपर्क अभियान

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि

**बड़कागांव।** आगामी 9 मई दिन बृहस्पतिवार को लोकसभा महागठबंधन प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल का बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान प्रस्तावित है । बृहस्पतिवार को होने वाले जनसंपर्क अभियान को लेकर बड़कागांव में महागठबंधन के नेता एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक हुई। उक्त बैठक में मुख्य रूप से स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद मौजूद रही। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सह 20 सूत्री उपाध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे एवं संचालन मोहम्मद मजहर ने किया।

उक्त बैठक में लोकसभा प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को भारी मतों से विजयी बनाने एवं आगामी बृहस्पतिवार को होने वाले जनसंपर्क अभियान को लेकर तैयारी को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। विधायक अंबा प्रसाद ने संबोधित करते हुए कहा कि केरेडारी में महागठबंधन प्रत्याशी का अद्भुत समर्थन प्राप्त हुआ है आगामी दिन बृहस्पतिवार को जयप्रकाश भाई पटेल का बड़कागांव प्रखंड में जनसंपर्क अभियान को सफल बनाने का कार्य सभी को मिलजुल कर करना है। आगे अंबा प्रसाद ने कहा कि विस्थापितों के साथ न्याय हो उनको उचित हक अधिकार मिले एवं कंपनियों के द्वारा शोषण बंद हो इसके लिए



महागठबंधन के पक्ष में मतदान करें। अंबा प्रसाद ने कहा कि कंपनियां बड़कागांव के विस्थापितों के साथ शोषण कर रही है लेकिन आज तक बड़कागांव का मामला संसद तक नहीं पहुंचा, जयप्रकाश भाई पटेल की जीत ही बड़कागांव के विस्थापितों के साथ न्याय की शुरुआत करेगी। अंबा प्रसाद कहा ने राज्य सरकार द्वारा ओबीसी वर्ग के आरक्षण सीमा बढ़ाए जाने के विधेयक को लागू नहीं होने देने पर पूरे राज्य का ओबीसी वर्ग आक्रोशित है। आगे विस्थापन के मुद्दे पर अंबा प्रसाद ने कहा कि पूर्व में हजारीबाग लोकसभा से जीतने वाले सांसद ने बड़कागांव के विस्थापितो के हित में नहीं सोचा, और विस्थापन के मामले पर चुप्पी बनाए रखी और विस्थापन के मामले पर राज्य सरकार व विधायक को दोषी ठहराने का कार्य किया गया जबकि सारी कंपनियां केन्द्र प्रायोजित है और सांसद की उदासीनता ही बड़कागांव के विस्थापन का दंश झेल रहे लोगों के जिम्मेदार हैं। वहीं प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वरनाथ चौबे ने बताया कि 9 मई को सुबह 6ः30 बजे बरवाडीह भोक्ता स्थान से जनसंपर्क अभियान की शुरुआत होगी उन्होंने महागठबंधन के सभी घटक दलों से जनसंपर्क अभियान में शामिल होने का आह्वान किया है। झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह ने जयप्रकाश भाई पटेल के जनसंपर्क अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही है।

मौके पर मुख्य रूप से मुखिया इलियास अंसारी, जिला परिषद प्रतिनिधि दीपक करमाली, मुखिया प्रतिनिधि बिगल चौधरी, संजय महतो, सुरेश महतो, तेली समाज के प्रखंड अध्यक्ष जगत नंदन प्रसाद गुप्ता, युवा प्रखंड अध्यक्ष आनंद मेहता, वरिष्ठ कांग्रेसी कुलेश्वर राम, चंदर साव, पदुम साव, पंचायत अध्यक्ष गिरधारी प्रजापति, कामेश्वर सिंह, दिनेश साव, सुरेश चौधरी, श्याम भार्गव, त्रिलोकी साव, झामुमो नेता झमन महतो,मोहम्मद हुसैन, विशेश्वर राम, कांग्रेस कार्यकर्ता संजय साव, उमाशंकर साव, विक्रम गुप्ता, अशोक सिंह, किशन शुक्ला, चंद्रिका साव, विमल करमाली, सहित कई लोग मौजूद थे।

## चुरचू में ग्राहक सेवा केंद्र का हुआ उद्घाटन, लोगों को होगी सहूलियत



**प्रतिनिधि, चुरचू।** चुरचू प्रखंड क्षेत्र के चूरचू पंचायत स्थित चूरचू में सोमवार को भारतीय स्टेट बैंक चुरचू शाखा के शाखा प्रबंधक श्याम सुन्दर श्रीवास्तव , उप प्रमुख संजय कुमार सिंह व मुखिया पूनम बेसरा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक ने कहा कि निश्चित तौर पर आज लोग बैंकों से अधिक से अधिक जुड़ रहे हैं। बैंकों में भी काम की अधिकता बढ़ गई है जिससे बैंक में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारी भी व्यस्त हो जाते हैं। ऐसे में ग्राहक सेवा केंद्र के माध्यम से ग्राहकों को सुलभ सेवा देने के लिए कटिबद्ध है। उपप्रमुख संजय कुमार सिंह ने कहा कि लोगों को खाता खोलने और जमा निकासी करने में सहूलियत मिलेगी। उन्होंने ग्राहक सेवा केंद्र की अनिवार्यता पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए अधिक से अधिक संख्या में ग्राहक सेवा केंद्र से जुड़ने की सलाह लोगों को दिया। ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक सदाब अनवर ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन सहित कई पेंशन के भुगतान के लिए ग्राहक सेवा केंद्र ग्राहकों की सेवा में सदैव तत्पर रहेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर ग्राहक सेवा केंद्र के खुलने से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी काफी सहूलियत होगी।इस दौरान महफूज खान, सहदेव किस्कू, संजीत यादव, मोबिन खान, प्रदीप यादव अकबर मियां, मनोज यादव, पप्पू मियां, निज़ाम मिया,सोनू खान,आफताब, खान समेत कई लोग उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में पत्रकार पिता की दर्दनाक मौत, मां घायल

**प्रतिनिधि, बरकट्ठा।** गोरहर और बगोदर थाना के सीमाने पर स्थित तारा पंजाब होटल के समीप जीटी रोड पर हुई सड़क हादसे में पत्रकार साहेब सोरेन के पिता रामेश्वर मांझी 56 वर्ष पिता सोमर मांझी घंघरी निवासी की मौत अज्ञात वाहन के चपेट में आने से घटना स्थल पर ही हो गई। वहीं मां सबिता देवी घायल हो गई। सूचना मिलते ही घटना स्थल पर गोरहर और बगोदर पुलिस पहुंच कर बगोदर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। वहीं घायल महिला का इलाज अस्पताल में किया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मृतक अपनी पत्नी के साथ घंघरी से अटका स्थित महुआटांड जा रहे थे। इसी क्रम में अज्ञात वाहन ने अपने चपेट में ले लिया और रामेश्वर मांझी की घटना स्थल ही मौत हो गई। वहीं इस घटना के बाद प्रेस क्लब बरकट्ठा ईकाई के अध्यक्ष गोपाल प्रसाद, वरिष्ठ पत्रकार रियाज खां,उपाध्यक्ष ईश्वर यादव, सचिव रामकृष्ण पाण्डेय, कोषाध्यक्ष अनिल वर्णवाल, पंकज मोदी, उपसचिव अजीत मोदी, सुरेश पाण्डेय, संतोष कुमार मंडल, शहनवाज खां, मंटू पाण्डेय छोटी रविदास, समेत दर्जनों पत्रकारों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए अपने साथी पत्रकार साहेब सोरेन को ढांढस बंधाया।

## मतदाता पहचान पत्र वितरण के लिए रविवार को भी खुला रहा डाकघर



**प्रतिनिधि,हजारीबाग।** हजारीबाग डाक प्रमंडल के अंतर्गत आने वाले हजारीबाग,चतरा व कोडरमा लोकसभा चुनाव 20 मई 2024 को है। इसको लेकर नये मतदाता भी चिह्नित किये गये हैं. साथ ही पुराने वोटर आइडी कार्ड में सुधार भी किया गया है।ऐसे मतदाताओं तक उनका नया वोटर आइडी पहुंचाने की जिम्मेदारी डाक विभाग को सौंपी गयी है।मतदाताओं तक वोटर आइडी पहुंचे, इसके लिए रविवार को भी डाकघर खुले रहे। सहायक डाक अधीक्षक ब्रजेश कुमार पासवान ने बताया कि डाक विभाग ने डाककर्मी, डाकिया और जीडीएस कर्मियों की मदद से बचे हुए सभी 3392 वोटर आइडी कार्ड का वितरण शनिवार व रविवार को कर दिया और आने वाले सभी मतदाता पहचान पत्र को समय पर मतदाताओं तक पहुंचने के लिए संकल्पित है।सहायक डाक अधीक्षक ने कहा कि चुनाव महापर्व को सफल बनाने के लिए डाक विभाग अपना योगदान दे रहा है।आनेवाले चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें इसके लिए समय पर मतदाता पहचान पत्र वितरण पूरी तत्परता से किया जा रहा है। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए डाक विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

## गोरहर पुलिस ने अवैध रूप से विभिन्न कंपनी के शराब के साथ, शराब विक्रेता को धर दबोचा



**प्रतिनिधि, बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में आए दिन अवैध रूप से देशी व अंग्रेजी शराब बिक्री का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है तो वहीं सोमवार को गोरहर पुलिस की छापेमारी दल ने गोरहर थाना अंतर्गत जमुवा मोड़ के पास से अवैध रूप से विभिन्न कंपनी के शराब बरामद की है । इस बाबत गोरहर थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कहा है कि छ्- मई सोमवार को गोरहर पुलिस की छापेमारी दल ने थाना अंतर्गत जमुवा मोड़ के पास से अवैध रूप से विभिन्न कंपनी के अंग्रेजी शराब बरामद किया है जिसमें से एक सफेद प्लास्टिक के जरकिन में 10 लीटर देशी शराब, करीब एक लीटर माजा के बोतल में भरी देसी शराब, हायवर्ड 5000 लिखा 4 पीस केन बीयर 500 एम एल। किंग फिशर स्ट्रोंग बीयर 1 पीस 500 एम एल, इंपिरियर ब्लू 180 एम एल,1 पीस, मेगडाल्स नं 1 लक्जरी 375 एम एल 1 पीस, मेगडाल्स नं 1 लक्जरी 180 एम एल, 4 पीस, एवं प्लास्टिक का 60 पीस डिस्पोजल ग्लास बरामद किया है। इस बाबत गोरहर पुलिस ने शराब विक्रेता बिहारी मंडल उम्र 55 वर्ष पिता मनु महतो ग्राम जमुवा मोड थाना गोरहर जिला हजारीबाग तथा विकास कुमार पिता बिहारी मंडल ग्राम जमुवा मोड थाना गोहर जिला हजारीबाग को कांड संख्या 13/ 24 के तहत धारा 272/273/278/290/ भा.द.वि.एवम् धारा 47 ए उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। छापेमारी दल में मुख्य रूप से गोरहर थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह, स.अ.नि. निरंजन प्रकाश, सशस्त्र बल के हवलदार उपेंद्र सिंह, उमेश बेदिया व एकरामुला अंसारी उपस्थित थे।

## विद्यालय भवन निर्माण में अनियमितता को लेकर जिला परिषद ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**प्रतिनिधि,पाकुड़।** जिले भर में डीएमएफटी फंड से बन रहे विद्यालय भवन निर्माण पर अनियमितता और लापरवाही का आरोप लगाते हुए जिला परिषद के सदस्य बेसागी पहाड़िन ने जिले के उपायुक्त के समक्ष आवेदन दिया। वही इस मामले पर उन्होंने कहा कि जिले भर में डीएमएफटी फंड से बन रहे विद्यालय भवन के निर्माण में घोर लापरवाही और अनियमित की जा रही है। भवन निर्माण विभाग भवन प्रमंडल पाकुड़ द्वारा अल्पकालीन निविदा जिनकी संख्या 5 / 2023- 24 जिसमें लिट्टीपाड़ा प्रखंड अंतर्गत है 12 अदद विद्यालय भवन का निर्माण कि स्वीकृति मिली है जिसमें सूची क्रमांक 11 में अंकित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय मासधारी में भवन निर्माण किया जा रहा है, जिसमें अनियमितता खुलेआम दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि मासधारी विद्यालय भवन निर्माण कार्य किसी संवेदक को आमंत्रित किया गया है। संवेदक दोबारा भवन निर्माण कार्य प्रकरण के विपरीत मनमानी तरीके से मापदंड को दरकिनार कर भारी गड़बड़ी एवं मनमानी कर रहे हैं। ये साफ तौर पर देखा जा सकता है। विद्यालय भवन के निर्माण में जो पिलर खड़ा किया गया है वह पिलर फटा हुआ है, थर्ड क्लास ईट का जोड़ाई कर दीवार में डीपीसी का बाइंडिंग नहीं है, पहले लिंटन ढलाई, बाद में पिलर खड़ा किया गया है। पानी का पटवन भी नहीं किया गया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भवन निर्माण के नाम पर राशि का दुरुपयोग करना या भवन निर्माण विभाग के अभियंता की सहमति से संवेदक को खुलेआम भ्रष्टाचार का बढ़ावा दिया जा रहा है। इस कदर भ्रष्टाचारी सर चढ़ कर बोल रहा है जिससे भ्रष्टाचार साफ तौर पर दिख रहा है, मानो संवेदक कुबेर के खजाने में गोता लगा रहा है। उन्होंने आवेदन के साथ तस्वीर भी उपायुक्त को दिए है, और उच्च स्तरीय जांच कर विभागीय कार्यवाही करने की बात की है।

## श्री श्री अनंत श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का प्रथम एकदिवसीय वार्षिक उत्सव का किया गया आयोजन

### धार्मिक कार्य के अनुष्ठान से मन बुद्धि और मस्तिष्क होता है पवित्रः टेकलाल महतो यज्ञ समिति अध्यक्ष

**प्रतिनिधि,रामगढ़/गोला।** गोला प्रखंड के महलीडीह गांव में श्री श्री अनंत श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का प्रथम एकदिवसीय वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। एक दिवसीय महायज्ञ के लिए महलीडीह के महिला पुरुष बच्चे व ग्रामीण सुबह 6 बजे पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में एकत्रित हुए। यज्ञ समिति द्वारा उपलब्ध कलश लेकर सपाही नदी पहुंचे। जहां आत्मदर्शी श्री श्री रामशरण गिरी महराज के निर्देश में आचार्य मनीष कुमार पांडे, लोकेश गिरी,आदित्य गिरी रामसेवक गिरी अनिल गिरी के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर जल यात्रा सपाही नदी महलीडीह से पंचमुखी हनुमान मंदिर प्रांगण तक निकाला गया। मंदिर परिसर में बने यज्ञशाला में विधिवत पूजा अर्चना के बाद प्रवेश किया है। उसके बाद अमृत पान कर पुनः पूजा प्रारभ हवन किया गया। मुख्य रूप से विशेष पूजा में प्रधान कलश के यजमान पोकलाल महतो दंपति जुगली देवी रामनाथ महतो दंपति कुन्ती देवी मनोहर कुमार दंपती शीला देवी जयलाल मुंडा दंपती पुष्पा देवी नागेश्वर महतो दंपती पुरनी देवी केशवरी महतो दंपती प्रेमनाथ यादव दंपती, नागेंद्र महतो दंपती बबिता देवी मुख्य रूप से भगवान







की पूजा अर्चना कर आहुति दी।

महायज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ समिति अध्यक्ष टेकलाल महतो, सचिव मनोहर कुमार, कोषाध्यक्ष सुधीर महतो सिकंदर महतो, पिंटू कुमार महतो, रामनाथ महतो मंटू महतो उपेंद्र महतो, रमेश मुंडा रोहित महतो, रिंकू कुमार महतो मुकुंद महतो महावीर महतो गुड्डू मुंडा रंजित महतो मुख्य रूप से उपस्थित रहकर सहयोग किया।

झारखंड उजाला संवातदाता टेकलाल महतो ने आत्मदर्शी श्री श्री रामशरण गिरी से बात चीत किया तो उन्होंने कहा की इस प्रकार धार्मिक कार्य का अनुष्ठान करने से भावी पीढ़ी में रामराज्य का संस्कार मिलता है। बच्चों के प्रति आदर्श भाव उत्पन होता है। आचार्य मनीष कुमार पांडे ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक कार्य का अनुष्ठान करने से हवन कुंड में घी जै तील लकड़ी जलने और मंत्रोचारण से पर्यावरण शुद्ध होता है। जहां तक हवन कुंड का धुवां और मंत्रोचारण की ध्वनि पहुंचता है वहां तक पर्यावरण में उपस्थित कीटाणु नष्ट होती है। जिससे गंभीर बीमारी फैलाने की आशंका कम होती है। भक्ति भाव में विभोर हुए महलीडीह के सैकड़ो महिला पुरुष 40 डिग्री सेल्सियस तापमान में भी यज्ञशाला का परिक्रमा करते देखा गया। जल यात्रा में मुख्य रूप से मालो देवी सीमा देवी शीला देवी सरीता देवी बेला देवी ललिता कुमारी सुशीला कुमारी रीमा कुमारी फुलेश्वरी देवी मोनिका देवी मुनिता देवी मुंगिया देवी सुमन देवी पूजा कुमारी मालती देवी सुमन देवी संजू कुमारी एवं सैकड़ो महिला शामिल हुए। इस जल यात्रा में यज्ञ समिति के अध्यक्ष मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस एक दिवसीय महायज्ञ यज्ञ के कलश यात्रा में लगभग डेढ़ सौ कलश यात्रा निकाली गई। यज्ञ समिति महलीडीह सभी सदस्यों का बहुत अच्छा सहयोग और मेहनत के कारण ऐसा कार्य का आयोजन हो सका।

## प्रमंडलीय आईजी पहुंची पाकुड़, किया दो जिले के एसपी के साथ समीक्षा बैठक

**प्रतिनिधि,पाकुड़।** सोमवार को संथाल परगना के आईजी ए. विजयालक्ष्मी पाकुड़ पहुंचकर जिले के पुलिस अधीक्षक कार्यालय में लोकसभा चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक की। इस बैठक में जिले के एसपी प्रभात कुमार, साहिबगंज के एसपी कुमार गौरव सहित पाकुड़ जिले भर के सभी एसडीपीओ, डीएसपी एवं थाना प्रभारी मौजूद थे। बैठक में मुख्य रूप से लोकसभा चुनाव को लेकर विशेष चर्चा की गई, साथ ही विधि व्यवस्था को लेकर मुस्तैद रहने का निर्देश आईजी ने दिए। बंगाल से सटा होने के कारण बॉडर क्षेत्र में विशेष सतर्क रहने के साथ साथ मतदाताओं में भयमुक्त मतदान करने हेतु विशेष पहल करने की बात कही। वही पाकुड़ जिले में लगभग सभी व्यवस्थाएं जिला पुलिस प्रशासन के द्वारा की गई है इसकी तारीफ करते हुए आईजी ने बताई कि जिलेभर में पुलिस अपना सही काम कर रही है और लोकसभा चुनाव पर पुलिस पूरी तरह से चौकन्ना रहेगी ताकि कहीं भी कोई अप्रिय घटना ना घटे और मतदाता भय मुक्त होकर मतदान कर सके।

## भीषण गर्मी में हो रही है पानी की किल्लत, लेकिन नगर परिषद पूरी तरह से है मुस्तैद



**प्रतिनिधि,पाकुड़।** इस बार भीषण गर्मी से जहां एक और जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया, वही 43 से 44 डिग्री रिकॉर्ड तोड़ गर्मी ने लोगो का जीना मुश्किल कर दिया। विभागीय आदेश पर विद्यालय बंद, वही समय समय पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा सुझाव जारी किया गया।दोपहर को सड़क पर ईक्का दुक्का लोग ही नजर आते है, वही जिले भर में पानी को लेकर उपायुक्त के निर्देश पर हेल्पलाइन नंबर तक जारी हुई, और सभी पानी की समस्या के शिकायत पर तुरंत कार्यवाही हेतु विभागीय पहल की। वहीं बात करे नगर परिषद की, अधिकांश कर्मी चुनावी कार्यों में व्यस्त होने के वावजूद विभाग ने कोई कसर नहीं छोड़ी पानी के समस्या से निजात दिलाने में। मामला वार्ड नं 07, ग्वालपाड़ा में वैसे तो जमीन में पानी का लेयर काफी नीचे है, मोहल्ले वासियों ने नगर परिषद के प्रशासक को शिकायत की थी कि पाइप की कमी के कारण पानी मात्र पांच मिनिट ही चल रहा है, जिससे दर्जनों घर में पानी की किल्लत हो गई है। इस पर नगर परिषद के प्रशासक राजकमल मिश्रा ने तुरंत कार्यवाही करते हुए जेई राजू कुमार को टीम के साथ भेज कर मरम्मती में जुट गए। इस कार्य से मुहल्ले के लोगो ने नगर परिषद का धन्यवाद अदा किया और विशेष कर प्रशासक का गुणगान भी किया। वर्षो बाद एक अच्छे मिलनसार अधिकारी नगर परिषद को मिला है, जो जनता के सुख दुःख में हमेशा से खड़ा रहते है।

## महागठबंधन सरकार की नजर सिर्फ धन संग्रह पर केंद्रित है तथा भ्रष्टाचार से कांग्रेस का पुराना रिश्ता रहा है : अकिल अख़्तर



**प्रतिनिधि,पाकुड़।** रांची में पड़ी ईडी रेड को लेकर पुर्व विधायक सह आजसू केंद्रीय उपाध्यक्ष अकील अख्तर का बयान सामने आया है। उन्होने कहा कि मीडिया के माध्यम से जो बातें सामने आई हैं, उसे देख कर तो लगता है कि ये कोई छोटी मोटी स्कैम नही है। अगर जांच एजेंसी इसकी तहकीकात करेंगे तो बड़े बड़े सुरमो का भी असली चेहरा सामने आ जाएगा। ग्रामीण विकास मंत्री का राजनीतिक कैरियर काफी दागदार रहा है। भ्रष्टाचार से कांग्रेस का पुराना रिश्ता रहा है। चाहे विधानसभा नियुक्ति घोटाला की बात करे या मधु कोड़ा मनी लांड्रिंग मामला हो। झारखंड की जनता ने जब जब कांग्रेस को सत्ता सौंपी है तब तब भ्रष्टाचार बढ़ा है। हर बार इस पार्टी के नेताओं ने पुरे प्रदेश को शर्मशार किया है। इस महागठबंधन सरकार ने जनता को सिर्फ छलने का काम किया और धन संग्रह करने का काम किया। जिस प्रदेश की जनता आज रोजगार के लिए अन्य राज्यों का पलायन कर रही है, वहीं मंत्री के पीएस के नौकर के घर से 25क्ष्30 करोड़ निकल रहा है। सत्ता में बैठे नेता मंत्री ने अवैध खनन और माइनिंग की काली कमाई से अपनी तिजोरी भरने के लिए पूरे प्रदेश को खोखला कर दिया है। इस बार लोकसभा और विधानसभा चुनावों में जनता मूंह तोड़ जवाब देगी और प्रदेश को लूटने से बचाने की काम करेगी।

## कांग्रेस पर आरोप लगाने से पहले अपने गिरेबान में झांकें पीएम नरेंद्र मोदी : दीपक लाल

वरीय संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीपक लाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाने से पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। जनसभाओं में कांग्रेस के विरुद्ध बेबुनियाद बयानबाजी करके प्रधानमंत्री मोदी जनता को बरगला रहे हैं। ?



दीपक लाल सोमवार को कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के नामांकन के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी के नामांकन में उमड़ी भीड़ से संकेत मिल गया है कि चुनाव में जीत हासिल होगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनसभाओं में झूठ बोलकर जनता को दिग्भ्रमित करते हैं। चुनावी रैलियों में प्रधानमंत्री मोदी महंगाई,बेरोजगारी पर चर्चा नहीं करते।

दीपक लाल ने कहा कि पिछले चुनाव में भाजपा द्वारा किए गए वादे पूरे नहीं हुए। प्रधानमंत्री ने कहा था कि विदेशों में जमा काला धन वापस लाकर सबके खाते में 15 लाख रुपए जमा करेंगे, किसानों की आमदनी दोगुनी कर देंगे, दो करोड़ युवाओं को नौकरी देंगे। लेकिन सभी वादे हवा-हवाई हो गए। धरातल पर ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा ने चुनावी बांड के नाम पर काफी धन एकत्रित किया है। महंगाई,बेरोजगारी चरम पर है। इस ओर पीएम मोदी का जरा भी ध्यान नहीं है।

उन्होंने रांची संसदीय क्षेत्र की जनता से इंडिया गठबंधन की युवा प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की है।

# उपायुक्त ने मुखिया, वार्ड सदस्यों के साथ बैठक कर अपने-अपने क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करने का किया अपील

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि

**गढ़वा।** जिले में मतदान प्रतिशत दर बढ़ाने के उद्देश्य स्वीप गतिविधियों के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज रंका स्थित प्रखंड कार्यालय में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, गढ़वा शेखर जमुआर द्वारा मतदाताओं को जागरूक कर शतप्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से सभी मुखिया एवं वार्ड सदस्य जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक किया गया। बैठक में मुख्य रूप से स्वीप कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचने में सभी जन प्रतिनिधियों को सहयोग करने को कहा गया, जिससे अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा सके। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने 13 मई 2024 को मतदान के दिन अपने-अपने क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित कर शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने को कहा। उन्होंने क्षेत्र के मतदाताओं से उक्त मतदान की तिथि को सुबह 7ः00 से संध्या 5ः00 के बीच मतदान केन्द्रों पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने का अपील किया। साथ ही उपस्थित सभी मुखिया, वार्ड सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को मतदान के दिन अपने-अपने क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने में सहयोग करने को कहा गया। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अबकी बार 80त्न के पार मतदान का नारा लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दिया गया है, जिसके



तहत हम मतदाताओं को जागरूक कर अधिक से अधिक मतदान कराना सुनिश्चित करें और गढ़वा जिला में एक अलग कीर्तिमान स्थापित करें। वहीं बैठक में जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से मतदान के लिए किए गए तैयारी की भी जानकारी सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों को दी गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर एवं आवश्यकता अनुसार वाहनों की व्यवस्था भी की जाएगी एवं मतदान केन्द्रों पर मतदान कर्मी एवं मतदाताओं के लिए चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति भी की जाएगी, जिससे तेज धूप एवं गर्मी के बीच मतदान करने में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराई जा सके। मतदान केन्द्रों पर पेयजल, शौचालय, विद्युत, शेड, रैंप, बैठने की व्यवस्था, महिला एवं पुरुषों का अलग-अलग कतार बनाने समेत अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई ताकि मतदान के लिए आने वाले मतदाताओं को समस्या न हो। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा भी विभिन्न प्रकार के सुझाव दिए गए एवं अपनी बातों को रखा गया तथा मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर अपेक्षित सहयोग करने की बात कही गई। मतदाता जागरूकता हेतु विभिन्न शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों से भी अपने-अपने क्षेत्र में रात्रि चौपाल, गीत-नाट्य, नुकड़-नाटक, गीत-संगीत, रैली, रंगोली आदि अन्य लोकप्रिय माध्यमों से मतदाताओं को जोड़ते हुए उन्हें अपने वोट के अधिकार का प्रयोग अवश्य करने हेतु प्रेरित करने की बात कही गई। बैठक में कहा गया कि आप सभी के वार्ड में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में जरूर सहभागिता दर्ज कराएं, जिससे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम और प्रभावी ढंग से क्षेत्र के मतदाताओं के बीच पहुंचे और उन्हें मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा सके। आगे उन्होंने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 7 मई को अपराह्न 6 बजे से 8 बजे तक MainBhiElectionAmbassador सोशल मीडिया कैम्पेन का आयोजन किया गया है। उक्त अभियान में गढ़वा जिले के सभी स्कूल/कॉलेज के बच्चे, इंफ्लुएंसर, सेलेब्रिटी, एफपीओ, एफपीओ, एनएसएस, एनसीसी, नेहरु युवा केन्द्र, कर्मचारी संघ समेत जिले के आम नागरिक अवश्य भाग लें। इस बीच हर नागरिक मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने और निर्वाचन के महापर्व को उत्साहपूर्ण ढंग से मनाने के लिए अपने निर्वाचन कार्यों के डिजिटल कंटेंट को सोशल मीडिया पर उक्त समय के बीच अवश्य अपलोड करें और इस मुहिम का हिस्सा बने। साथ हीं अभियान से पूर्व बूथ अवेयरनेस ग्रुप की भी बैठक करें। साथ हीं इससे पूर्व भी मतदाता जागरूकता को लेकर किए गए कार्यों का पोस्ट को शेड्यूल करे, जिससे उक्त समय अवधि में अधिक से अधिक पोस्ट MainbhiElectionAmbassador हैश टैग के साथ किया जा सके। इस बैठक में मुख्य रूप से डीसीएलआर रंका-सह-स्वीप नोडल, प्रमेश कुमार कुशवाहा, प्रखंड विकास पदाधिकारी रंका समेत सभी मुखिया, वार्ड सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के नामांकन में शामिल हुए आजसू पाकुड़ जिलाध्यक्ष



**प्रतिनिधि, पाकुड़।** गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के नामांकन में आजसू के पाकुड़ जिला अध्यक्ष आलमगीर आलम शामिल हुए। उन्होंने कहा कि ह्ष्ठ के आजसू सांसद श्री चंद्र प्रकाश चौधरी जी का नामांकन दाखिल समारोह में शामिल होने का सौभाग्य मिला।गिरिडीह लोकसभा सीट के नामांकन दाखिल सभा में पाकुड़ जिला का आजसू कार्यकर्ता शामिल हुए। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर मैं गिरिडीह की जनता को प्रणाम और जोहार करता हूं कि नामांकन में जन सैलाब उमड़ा। जनता का स्नेह, आशीर्वाद और सहभागिता के साथ गिरिडीह लोकसभा को सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी प्रगति की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। इस लोकसभा चुनाव में बड़ी अंतराल से जीत हासिल होगी। इससे पहले सुबह जिला अध्यक्ष आलमगीर आलम के नेतृत्व में जिला प्रवक्ता शेकसादी राहमातुल्ला, जिला मीडिया प्रभारी अहमादुल्ला, बरहरवा प्रखंड सचिव प्रणव साह और कोटलपोखर पंचायत सचिव सुनिल शेखर ने चन्द्र प्रकाश चौधरी के आवास में मुलाकात किए और अंगवस्त्र भेंट किया।

## एसडीपीओ ने किया मासिक अपराध गोष्ठी की बैठक, दिए कई निर्देश



**प्रतिनिधि, पाकुड़।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दयानंद आजाद ने अपने कार्यालय कक्ष में सभी पुलिस इंस्पेक्टर एवं थाना प्रभारियों के साथ मासिक अपराध गोष्ठी की समीक्षा अपने कार्यालय कक्ष में किया। वही इस संबंध में एसडीपीओ ने बताया कि ये एक मासिक रूटीन बैठक है, लेकिन आज की बैठक विशेष तौर पर लोकसभा चुनाव को लेकर भी है। वही थाने में पुराने केस, वारंटी सहित कई मामलों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया, साथ ही लोकसभा चुनाव को लेकर सभी अपने थाना क्षेत्र में सजग रहे और बॉर्डर एरिया पर विशेष ध्यान रखे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया सामग्री कोषांग का निरीक्षण



**प्रतिनिधि, पाकुड़।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल * ने सोमवार को समाहरणालय के निचले तलें में बनें सामग्री कोषांग का निरीक्षण किया। यहां के कामकाज को देखा। अधिकारियों तथा कर्मियों को पूरी सावधानी से काम करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि चुनाव के लिए अगर किसी सामग्री की कमी है तो फिर इसकी सूची बनाकर निर्वाचन शाखा को सौंपे। वहां से सामग्री की आपूर्ति कर दी जाएगी। मतदानकर्मियों के लिए जरूरी सामान की पैकेजिंग के बारे में भी उन्होंने जानकारी ली। पूरी लगन के साथ बगैर किसी कोताही के काम करने का निर्देश दिया गया। मौके पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अजय सिंह बड़ाईक, जिला कल्याण पदाधिकारी लक्ष्मण हरिजन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## आठ जून को एमएसीटी वाद से संबंधित विशेष लोक अदालत को लेकर की गई अहम बैठक



**प्रतिनिधि, पाकुड़।** झालसा रांची के निर्देशानुसार आगामी आठ जून 2024 को एमएसीटी वाद से संबंधित विशेष लोक अदालत को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ बाल कृष्ण तिवारी की अध्यक्षता में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के प्रकोष्ठ में अहम बैठक की गई। उक्त बैठक में विशेष लोक अदालत में एमएसीटी वाद को लेकर इंश्योरेंस कंपनी के अधिवक्तागण, एमएसीटी से संबंधित वादी के अधिवक्तागण के साथ कई मुद्दों पर चर्चा की गई। एमएसीटी से संबंधित अधिक से अधिक मामलों को निष्पादन के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ बाल कृष्ण तिवारी द्वारा दिशा निर्देश दी गई। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के सचिव अजय कुमार गुड़िया समेत अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओ के साथ बैठक



**प्रतिनिधि, मनिका (लातेहार)।** मनिका प्रखण्ड मुख्यालय स्थित लैंप्स के समीप कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष राजकिशोर सिंह के अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए प्रमोद सिंह ने लोगो को कहा की इंडिया गठबंधन के लिए हम सभी राजनीतिक दल के लोगो को निस्वार्थ भाव से काम करने का जरूरत है। चतरा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को भारी मतों से विजय बनाए। इस दौरान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र पासवान, संजय सिंह, दरोगी यादव, विश्वनाथ पासवान, मनोज यादव, अरुण सिंह, गणेश यादव, नवल सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## मतदाता जागरूकता को लेकर स्वीप के द्वारा समाहरणालय परिसर में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि

**गढ़वा।** 6 मई सोमवार को स्वीप कोषांग गढ़वा द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु समाहरणालय परिसर में मतदाता जागरूकता सह नैतिक मतदान विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बाबु दिनेश सिंह विश्वविद्यालय, गोपीनाथ सिंह महिला कॉलेज, सूरत पांडे डिग्री कॉलेज, तेतरी चंद्रवंशी बी.एड. कॉलेज, इंदिरा सिंह बी.एड. कॉलेज एवं एसएसजेएस नामधारी कॉलेज गढ़वा के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। सभी के द्वारा मतदाता जागरूकता विषय पर आकर्षक, मनमोहक एवं संदेशात्मक रंगोली बनाई गई। सभी प्रतिभागियों द्वारा बनाए गए रंगोली का जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त, गढ़वा के द्वारा निरीक्षण किया गया। इस मौके पर स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी प्रमेश कुमार कुशवाहा, परियोजना अर्थशास्त्री क्षमा प्रिया, सहायक परियोजना पदाधिकारी सिया



जानकी सिंह एवं नेहा नूतन लकड़ा उपस्थित थें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त श्री जमुआर ने विद्यार्थियों द्वारा बनाये गए रंगोली की सराहना की। विदित हो कि सभी प्रतिभागीयों ने पहले कॉलेज स्तर पर रंगोली बनाओ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। वहां से सर्वश्रेष्ठ रंगोली बनाने वाले प्रतिभागियों को जिला स्तर पर रंगोली बनाओ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। इन सभी प्रतिभागियों द्वारा बनाए गए रंगोली का अंतिम निरीक्षण के बाद प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को दिनांक 07 मई 2024 को जिला स्तर पर उपायुक्त गढ़वा के द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

## कालीचरण सिंह ने पुन: कमल खिलाने का किया अपील



**लातेहार, प्रतिनिधि।** चतरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने चतरा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बालूमाथ में आयोजित कार्यक्रम में प्रजापति समाज के लोगों को संबोधित कर उनसे चतरा में पुनः कमल खिलाने की अपील की। बालूमाथ के प्रजापति भवन में आयोजित कार्यक्रम में लातेहार के पूर्व विधायक प्रकाश राम समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और आमजन शामिल हुए ढ्ढ

इसी क्रम में एक अन्य कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने बारियातु मंडल के टोंटी गांव में नुक्कड़ सभा कर लोगों से भाजपा को प्रचंड मत से विजय की अपील की। प्रजापति समाज के लोगों को सम्बोधित करते हुए कालीचरण सिंह कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने ग्रामीण अर्थ व्यवस्था को पटरी पर लाने एवं प्रजापति समाज के लोगों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कई कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। प्रजापति समाज के परम्परागत स्वरोजगार में रुचि रखने वाले कारीगरो के वित्तीय सहायता भी उपलब्ध करा रही है। जिससे कई परिवार लाभान्वित हो रहे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 10 वर्ष के कार्यकाल में देश के दबे कुचले लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य किया है। देश में सिर्फ एक भाजपा पार्टी ही है जो पिछड़े एवं वंचित समाज के बारे में चिंतन कर उनके उत्थान और कल्याण की बात करती है। जबकी अन्य दल सिर्फ इनके नाम पर राजनीती करते है। और सिर्फ अपना ही भला और कल्याण करते है ढ्ढ इस दौरान पूर्व विधायक श्री प्रकाश राम, भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह , मुकेश निरंजन सिन्हा , रामदेव सिंह ,लव कुमार सिंह समेत कई भाजपा कार्यकर्त्ता एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## भाजपा ने किया पथ सभा कार्यक्रम का आयोजन



**प्रतिनिधि, मनिका (लातेहार)।** भारतीय जनता पार्टी मनिका मंडल के तत्वाधान में पथ सभा कार्यक्रम का आयोजन पंचायत स्तर पर किया गया। प्रखंड क्षेत्र के बरवैया, जान्हो, बंदुआ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजधानी प्रसाद यादव, राजीव रंजन पांडे समेत कई लोग उपस्थित रहे। मौके पर उपस्थित भाजपाइयों ने मोदी सरकार के कार्यकाल को स्वर्णिम कार्यकाल बताते हुए आगामी 20 तारीख को कमल फूल पर बटन दबाकर भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को जिताने का आग्रह किया। इस दौरान पर बबन पासवान, लव कुमार दुबे,धर्मजीत राय,मंदिप कुमार, सूरज कुमार निराला, अमरेंद्र कुमार, अरुण ठाकुर, संजय यादव, मनोज यादव, श्रवण यादव, वीरेंद्र यादव, ज्ञानचंद प्रजापति, प्रमोद यादव, प्रिंस कुमार,प्रदीप उपाध्याय,रवि प्रसाद,वकील प्रसाद,राजन कुमार,नंदू प्रसाद समेत कई लोग उपस्थित थे।

## भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता मार्गदर्शिका

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि

**गढ़वा।** मतदान केन्द्र से संबंधित क्षेत्र की मतदाता सूची सांधारित रखने की जिम्मेदारी बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) की होती है। वे सूची की सत्यता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक घर का भौतिक दौरा करते हैं, ताकि मतदाता सूची का सत्यापन हो सके। प्रत्येक मतदाता को सलाह दी जाती है कि वह संबंधित बीएलओ, जो आमतौर पर उस इलाके का निवासी होता है, के संपर्क में रहें। एक मतदाता वोटर सर्विस पोर्टल, मतदाता हेल्पलाइन ऐप और सक्षम-ईसीआई ऐप के माध्यम से अपने बीएलओ का विवरण जान सकता है।

### मतदाता सूची में अपना नाम खोजें

ईपीआईसी (मतदाता फोटो पहचान पत्र) रखना मतदान के लिए निश्चित पात्रता नहीं है। मतदाता सूची में अपना नाम सुनिश्चित करना



होगा। मतदाता सूची की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए इसे अब साल में चार बार अद्यतन किया जाता है। इसे ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में चेक किया जा सकता है।

1. मतदाता हेल्पलाइन ऐप (एंड्रॉइड / आईओएस पर उपलब्ध)

2. मतदाता पोर्टल पर जाएं- https://voters.eci.gov.in/

3. 1950 पर एसएमएस करें-ईसीआई <स्पेस> <ईपीआईसी नंबर>

4. 4. सक्षम-ईसीआई ऐप (एंड्रियोड) / सक्षम-ईसीआई ऐप (आईओएस)

### वोट डालने से पहले जानें अपने उम्मीदवारों के बारे में, मतदाता हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से :

1. वोटर हेल्पलाइन ऐप पर लॉगइन करें
2. उम्मीदवार की जानकारी विकल्प चुनें
3. चुनाव चुनें - आम चुनाव (लोक सभा/विधान सभा)
4. उम्मीदवार चुनें
5. उम्मीदवार द्वारा दाखिल किए गए हलफनामे पर क्लिक करें।

### KYC ऐप के माध्यम से

1. KYC ऐप पर लॉगइन करें
2. चुनाव प्रकार चुनें आम चुनाव (लोक सभा/विधान सभा)
3. उम्मीदवार चुनें
4. उम्मीदवार द्वारा दाखिल किए गए हलफनामे पर क्लिक करें
5. उम्मीदवार द्वारा दाखिल किए गए हलफनामे और उसके आपराधिक इतिहास, यदि कोई हो, के बारे में जानकारी प्राप्त करें।

### पीडब्ल्यूडी एवं वरिष्ठ नागरिकों हेतु उपलब्ध सुविधाएं

1. रैंप एवं व्हील चेयर
2. ब्रेल युक्त इवीएम
3. विशिष्ट स्वयंसेवक
4. सांकेतिक भाषा समेत अन्य सुविधाएं।

## इंडिया गठबंधन प्रत्याशी यशस्विनी सहाय की जनसभा:

# झारखंड में आइएनडीआईए का परचम लहराएगा : गुलाम अहमद मीर



## मैं झारखंड की बेटी व खतियानी झारखंडी : यशस्विनी सहाय

विशेष संवाददाता

**रांची।** रांची संसदीय सीट से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने सोमवार को रांची के उपायुक्त सह जिला निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय में नामांकन दाखिल किया। उनके नामांकन करते समय राज्यसभा सांसद डॉ.महुआ माजी, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय सहित अन्य नेता गण मौजूद थे। नामांकन के बाद चुनावी जनसभा का आयोजन शहर के मोरहाबादी मैदान में किया गया। सभा में काफी संख्या में कांग्रेस, झामुमो, राजद, वामदल और आम आदमी पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

सुश्री सहाय नामांकन से पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के आवास पहुंची और वहां उनसे आर्शीवाद प्राप्त किया।

सभा को संबोधित करते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि झारखंड शहीदों एवं क्रांतिकारियों की धरती है। यहां के अमर शहीदों की लंबी फेहरिस्त है। झारखंड की जनता ने इस बार भाजपा का सफाया करने की ठान ली है।

इस बार व्यापक जन समर्थन से सभी 14 सीटें जीतकर देश में राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने में यह राज्य अहम भूमिका निभाएगा।

उन्होंने कहा कि झारखंड में सभी 14 प्रत्याशी खांटी झारखंडी हैं, कोई भी प्रत्याशी बाहरी नहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड, झारखंडियों का था, है और हमेशा झारखंडियों का ही रहेगा।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने ठाना है, जिसकी जितनी आबादी, उसकी उतनी हिस्सेदारी। हम खोखले दावों के साथ चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। कांग्रेस ने अपने न्याय पत्र में जितनी बातें कही है, वह सभी लागू करेगी। उन्होंने कहा कि प्रथम और दूसरे चरण में हुए 184 सीट से इंडिया गठबंधन को 125 सीटें मिलने का अनुमान है। दक्षिण में भाजपा साफ हो गयी है, बाकी अन्य राज्य राजस्थान, गुजरात, बिहार, यूपी में भी जनता ने भाजपा को नकार दिया है।

उन्होंने कहा कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर सरना धर्म कोड, खतियान आधारित स्थानीय नीति, ओबीसी आरक्षण समेत अन्य सभी हक झारखंडवासियों को दिया जाएगा।उन्होंने कहा यशस्विनी सहाय केवल सुबोधकांत की बेटी नहीं, यह झारखंड की बेटी और बहन है। ऐसी पढ़ी-लिखी महिलाओं को राजनीति में आने से महिलाओं के अधिकार की बातें संसद में गूंजेगी।

### यशस्विनी सोनिया-राहुल की पंसद : सुबोधकांत सहाय

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि बेटी को टिकट मिलने में मेरी कोई भूमिका नहीं रही है। यशस्विनी सोनिया-राहुल की पंसद हैं। मैं चाहता तो यशस्विनी को राजनीति से दूर रखकर उसे अन्य क्षेत्रों में भी आगे बढ़ा सकता था। लेकिन मैंने तय किया कि एक उभरती हुई प्रतिभा को सार्वजनिक जीवन में लाया जाए। ताकि समाज का कुछ भला हो सके। यशस्विनी भले ही पढ़ाई लिखाई बाहर की, लेकिन हम और हमारा परिवार मूल रूप से झारखंडी हैं। उन्होंने कहा कि आप लोग जिस तरह मुझे कभी नेता बनने नहीं दिया, सुबोध भैया ही बनाए रखा। उसी प्रकार मेरी बेटी को अपनी बेटी, बहन बनाकर प्यार दें। पीएम मोदी पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी जी ने 2014 में जो कहा, उसे बाद में जुमले का नाम दे दिया। अब उसी जुमले को गारंटी बताकर चुनाव लड़ रहे हैं।

### मैं खतियानी झारखंडी हूं : यशस्विनी

इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने कहा कि सबसे पहले तो मैं सबको बता दूं कि मैं बाहरी नहीं, खतियानी झारखंडी हूं। पढ़ाई लिखाई बाहर करने से कोई बाहरी हो जाता है क्या? मैं आपके पास वोट मांगने नहीं, आपका प्यार मांगने आयी हूं। हमारी पार्टी ने वादा किया है कि संविधान बदलने नहीं देंगे, लोकतंत्र खत्म होने नहीं देंगे। महिलाओं को हर माह 8,500 रूपए और महिलाओं को सरकारी नौकरी में 50 प्रतिशत आरक्षण देंगे। भाजपा सरकार अच्छे दिन का वादा करके आई, मगर पूरे देश में बुरे दिन ला दिए।

### सांप्रदायिक ताकतों को शिकस्त दें : राजेश ठाकुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि यशस्विनी सहाय को सोनिया गांधी, राहुल गांधी और हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के ने उतारा है। उन्होंने कहा कि आज जो देश के हालात हैं उमसें हिदु-मुस्लिम पर, मुस्मिल हिंदू पर, आदिवासी ईसाई पर, ईसाई आदिवासी पर, पिछड़ा अगड़ा पर और अगड़ा पिछड़ा पर शक कर रहा है। हर कोई एक दूसरे पर शक की निगाह से देख रहा है। उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक ताकतों को हराने के लिए जनता ने कमर कस लिया है।

### संविधान बदलने वाले को बदल डालें : आमलगीर आलम

विधायक दल नेता और मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि झारखंड में अब मतदान शुरू होने वाला है। मतदान के दिन संविधान बदलने की बात करने वालों को ही बदल डालें। आप लोग खुद ही तय करें कि 2014 से 2024 तक देश में क्या-क्या हुआ, क्या होना चाहिए था, क्या हुआ। हमारी सरकार ने सरना धर्म कोड, स्थानीय नीति और ओबीसी आरक्षण सदन से पास करके भेजा मगर ये लोग इसे लागू होने नहीं दिया। ओबीसी का आरक्षण बाबूलाल मरांडी ने ही कम करने का काम किया।

### थाली बजाने से क्या रोग-दुख खत्म होता है क्या : बंधु तिर्की

कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि इस देश में नेहरू से लेकर अटल जी तक प्रधानमंत्री बने। मगर वर्तमान में जो पीएम है, वैसा पीएम देश ने कभी नहीं देखा। कोविड काल में इन्होंने थाली बजवा दिया, दिया जलवा दिया। अब बताइए कि रोग-दुख थाली बजाने से खत्म होता है क्या। इस बार का चुनाव हमारे लिए, आपके लिए करो-मरो का चुनाव है। इसलिए कमर कस लें और संविधान बदलने को ही बदल डालें।

### जनसभा में ये सब रहे उपस्थित:

जन सभा में झामुमो जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम, राज नेता कैलाश यादव, समाजिक संगठनों के अगुवा अजय तिर्की, कुंदरसी मुंडा, शिवा कच्छप, निरंजना हेरेंज, प्रेम शाही मुंडा, विधायक राजेश कच्छप, कुमार राजा, राकेश किरण, राजीव रंजन प्रसाद, रमा खलखो, शहजादा अनवर, प्रदीप तुलस्यान, अजय नाथ शाहदेव, राकेश सिन्हा, मनोहर यादव, राजेश यादव,धर्मेन्द्र महतो सहित विभिन्न दलों के कई नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

### इससे पूर्व इंडिया गठबंधन की निकली नामांकन यात्रा

**धर्मस्थलों पर मत्था ठेका :** सुबह सात बजे यशस्विनी सहाय ने मनीटोला डोरंडा में काली मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद धुर्वा सेक्टर-3 के दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद नामांकन जुलूस निकाला गया। जो बिरसा चौक पहुंचा। यहां पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा को माल्यार्पण किया। इसके बाद हिनू चौक में हनुमान मंदिर और शनि मंदिर में दर्शन में दर्शन किया। यहां इसके बाद डोरंडा एजी मोड़, स्वामी विवेकानंद चौक, बाबा साहेब अंबेडकर चौक, रिसालदार बाबा मजार पहुंचा। इसके बाद कडरु में महावीर मंदिर में दर्शन किया। इसके बाद अरगोड़ा चौक, हनुमान मंदिर होते हुए हरमू चौक, स्वामी सहजानंद चौक, कार्तिक उरांव चौक, भारत माता चौक जुलूस पहुंची। किशोरगंज चौक में संतोषी माता मंदिर में दर्शन किया। इसके बाद रातू रोड चौराहा, जाकिर हुसैन पार्क होते हुए समाहरणालय भवन पहुंची।

## निर्दलीय प्रत्याशी ने बैल गाड़ी से जाकर नामांकन पर्चा किया दाखिल

पूसू प्रतिनिधि

**गिरिडीह।** सोमवार को आंदोलन कारी इमाम सफी ने गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने नामांकन के लिए परंपरागत तरीके से बैलगाड़ी द्वारा पहुंचे डीसी आफिस और झारखंड की परंपरागत विरासत और संस्कृति को बचाने का संदेश दिया। बताते चलें कि इमाम सफी जेपीएससी,जेएसएससी भाषा खतियान आंदोलन में हमेशा सक्रिय रहे हैं और बढ़-चढ़कर नेतृत्व करते रहे हैं।बताया कि इण्डिया गठबंधन द्वारा झारखंड में मुस्लिम समुदाय की अनदेखी की गई है,जिससे उनमें असंतोष की स्थिति है।

## कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के नामांकन में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता भारी संख्या में हुए शामिल

**प्रतिनिधि,रांची।** कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने आज नामांकन किया। इससे पूर्व अपने धुर्वा स्थित आवास से निकली। जिसमें युवा कांग्रेस महासचिव एवं रांची विधानसभा के प्रभारी रोहित सिन्हा के नेतृत्व में करीब दर्जनों मोटरसाइकिल में युवाओं की टोली जुलूस के रूप में आगे आगे चलती रही। युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जत्था विभिन्न मार्गो से होते हुए समाहरणालय के समीप पहुंचा।

## विश्व हाथ स्वच्छता दिवस विशेष

संजय कुमार धीरज

हाथों की बेहतर सफाई अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने का एक प्रभावी तरीका है। हाथों की उचित सफाई से कई बीमारियों व संक्रमण के प्रसार को प्रभावी तरीके से रोका जा सकता है। हाथों की स्वच्छता को बढ़ावा देने व इसके प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल 05 मई को विश्व हाथ स्वच्छता दिवस मनाया जाता है। विश्व हाथ स्वच्छता दिवस का मूल उद्देश्य ÷जीवन बचाएं अपने हाथों को साफ करें÷ अभियान का बढ़ावा देना है। डब्ल्यूएचओ द्वारा वर्ष 2009 से संचालित ये विशेष अभियान वैश्विक स्तर पर हाथों की स्वच्छता को बढ़ावा देने व लोगों को इसकी उपयोगिता के प्रति जागरूक करना है। इस वर्ष विश्व हाथ स्वच्छता दिवस हाथों की स्वच्छता सहित संक्रमण की रोकथाम व नियंत्रण पर नवीन व प्रभावशाली प्रशिक्षण व शिक्षा के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों के ज्ञान व क्षमता संर्द्धन को बढ़ावा संबंधी उद्देश्य की प्राप्ति को लक्ष्य मानकर आयोजित किया जा रहा है।




हाथों की समुचित सफाई हमें कई गंभीर बीमारी व विभिन्न संक्रामक रोगों के प्रभाव से मुक्त रखता है। हाथों की सफाई कब जरूरी है और हाथ कैसे धोया जाए। इस संबंध में हर एक व्यक्ति को जागरूक होने की जरूरत है। बेहतर तरीके से हाथों की सफाई के लिए ये जरूरी है कि हाथों को बहते पानी में पहले गीला किया जाए। हाथों में साबुन ठीक से लगाएं और अच्छे तरीके से साबुन लगे हाथों के पिछले हिस्से, उंगलियों के बीच, नाखूनों के नीचें हल्के हाथों से कम से कम 20 सकेंड तक रगड़ें। इसके बाद हाथों की ठीक से धोलें, फिर सूखे तौलिये से हाथों को सुखाना जरूरी होता है।

खाद्य पदार्थ या किसी तरह के पेय पदार्थ के सेवन से पूर्व, भोजन तैयार करने से पूर्व, कोई दवा लेने या किसी घाव की सफाई से पहले किसी बीमार व्यक्ति से मिलने व उनकी देखभाल से पूर्व व बाद में, शौच के बाद, बच्चों का डायपर बदलने के बाद, कूडा फेंकने, पशु चारा व अपशिष्ट प्रबंधन के बाद हाथों की सफाई बेहद जरूरी होता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, चतरा
(डाक मतपत्र–सह–मतपत्र कोषांग)
:– आम सूचना :–

लोकसभा आम चुनाव 2024 में लोकसभा क्षेत्रवार डाक मतपत्र के माध्यम से Home Voting (AVSC/AVPD) के मतदाताओं को मतदान कराने के लिए निम्नलिखित तिथियॉ निर्धारित की जाती है जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

प्रथम चरण :–

| क्रम | पोस्टल बैलेट से मतदान की तिथि | निर्धारित समय | विधान सभा का संख्या एवं नाम | सुविधा केन्द्र का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 09.05.24 से 14.05.24 | पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक | 27–चतरा एवं 26–सिमरिया | प्रखण्ड–कान्हाचट्टी, ईटखोरी, मयूरहण्ड, पत्थलगडडा, सिमरिया, टण्डवा, कुन्दा, हण्टरगंज, चतरा में 40% से उपर के दिव्यांग एवं 85+ Years के Home Voting हेतु चिन्हित मतदाताओं को मतदान कराने हेतु गठित मतदान टीम द्वारा घर–घर मतदान कराया जाएगा। |

द्वितीय चरण :–

| क्रम | पोस्टल बैलेट से मतदान की तिथि | निर्धारित समय | विधान सभा का संख्या एवं नाम | सुविधा केन्द्र का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 16.05.24 से 17.05.24 | पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक | 27–चतरा एवं 26–सिमरिया | प्रखण्ड–कान्हाचट्टी, ईटखोरी, मयूरहण्ड, पत्थलगडडा, सिमरिया, टण्डवा, कुन्दा, हण्टरगंज, चतरा में 40% से उपर के दिव्यांग एवं 85+ Years के Home Voting हेतु चिन्हित मतदाताओं को मतदान कराने हेतु गठित मतदान टीम द्वारा घर–घर मतदान कराया जाएगा। |

नोट :– बुर्जूग मतदाता–85+ उम्र।
दिव्यांग मतदाता–40%+ दिव्यांगता।

विशेष नोट :– सभी अभ्यार्थी, लोकसभा 4–चतरा (2024) को सूचित किया जाता है कि मतदान तिथि को संबंधित प्रखण्डों मे अपने मतदान अभिकर्त्ता (Polling Agent) को नियुक्त करते हुए Home Voting Team के साथ भेजा जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, चतरा।

PR 324475 Election(24-25)D

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़
(उत्पाद शाखा)
-:संशोधित आदेश:-

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, रांची का पत्रांकः–01/नि0वि0 –22–23 (पार्ट–1) 2020/1186 दिनांक–18.03.2024 एवं आयुक्त उत्पाद, झारखण्ड, रांची के पत्रांकः– 01/नीति– 05–10/ 2022–651 दिनांक–01.04.2024 एवं पत्रांकः–05/मु0स्था0–15–01/2019–814 दिनांक–12.04.2024 के आलोक में उपायुक्त–सह– जिला दण्डाधिकारी, रामगढ के आदेश ज्ञापांक–410/उ0, दिनांक–22.4.2024 द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन–2024 के अवसर पर उक्त आदेश में अंकित तिथियों एवं निर्धारित समय पर सभी प्रकार की मदिरा एवं मादक पेय पदार्थो की बिक्री प्रतिबंधित किया गया है।

भारत का राजपत्र सं0–105] दिनांक–29 अप्रैल, 2024 में 35–पुर्लिया संसदीय निर्वाचन क्षेत्र रामगढ जिला का सीमावर्ती राज्य पश्चिम बंगाल में दिनांक–25.05.2024 (शनिवार) को मतदान का समय पूर्वा0 7:00 बजे से अप0 6:00 बजे तक संसूचित है।

अतः इस कार्यालय के ज्ञापांक–410/उ0, दिनांक–22.04.2024 में आंशिक संशोधन करते हुए लोकसभा आम निर्वाचन–2024 के अवसर पर सभी प्रकार की मदिरा एवं मादक पेय पदार्थो की बिक्री प्रतिबंधित करने के उद्देश्य से मै चन्दन कुमार (भा0प्र0से0) उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, रामगढ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम,1951 की धारा 135 C. में निहित निदेश के आलोक में एवं झारखण्ड उत्पाद अधिनियम 1915 की धारा 26 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सम्पूर्ण रामगढ जिला में लोकसभा आम निर्वाचन–2024 मतदान के 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान की समाप्ति तक, मतगणना के दिन यदि आवश्यक हुआ तो पुर्नमतदान के दिन को शराब की बिक्री पर रोक से संबंधित शुष्क दिवस (Dry Day) निम्नरूप से घोशित करता हूँ–

| चरण | मतदान की निर्धारित तिथि | रामगढ जिलान्तर्गत | शुष्क दिवस (Dry Day) की अवधि |
|---|---|---|---|
| चतुर्थ चरण | 13.05.2024 | सम्पूर्ण जिला | दिनांक–11.05.2024 को शाम 5:00 pm से दिनांक–13.05.2024 के शाम 5:00 pm तक |
| पंचम चरण | 20.05.2024 | सम्पूर्ण जिला | दिनांक–18.05.2024 को शाम 5:00 pm से दिनांक–20.05.2024 के शाम 5:00 pm तक |
| षष्टम चरण | 25.05.2024 | सम्पूर्ण जिला | दिनांक–23.05.2024 को शाम 5:00 pm से दिनांक–25.05.2024 के शाम 6:00 pm तक |

तथा मतगणना हेतु निर्धारित तिथि 04.06.2024 को भी सम्पूर्ण रामगढ जिला में शुष्क दिवस (Dry Day) रहेगा।

उपरोक्त घोशित शुष्क दिवस (Dry Day) की अवधि में झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लि0 के माध्यम से संचालित सभी देशी/विदेशी/कम्पोजिट शराब दुकान/रेस्तरां एवं बार/मे0 पाली हिल्स ब्रिवरी,प्रा0, लि0, पतरातु, रामगढ एवं अन्य सभी उत्पाद अनुज्ञप्तियां पूर्णतः बंद रहेगी। किसी भी होटल/रेस्तरां/क्लब/ दुकान/भोजशाला अथवा अन्य किसी लोक अथवा निजी स्थान से कोई भी स्प्रीटयुक्त लीकर, मादक पदार्थ या वैसी ही प्रकृति का अन्य कोई पदार्थ की बिक्री/ वितरण/उपभोग प्रतिबंधित रहेगा।

ह०/–
उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी,
रामगढ।

PR.NO.324434 Excise(24-25):D

## गरीबों को जो लूटेगा, वह जेल जाएगा, यही मोदी की गारंटी है : सम्राट चौधरी

▶▶ इंडी गठबंधन के लिए आरक्षण का अर्थ परिवार को आगे बढ़ाना है

▶▶ गिरिडीह से एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी को भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील

विशेष संवाददाता

**रांची।** बिहार भाजपा अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी 6 में को गिरिडीह लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी के नामांकन में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने बोकारो के जैनामोड़ हाई स्कूल मैदान में आयोजित जनसभा को भी संबोधित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि 2014 में जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने, तब लोगों ने सोचा नहीं था कि इतना विकास होगा। इतने सपने सच होंगे। आज दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। पहले विश्व में भारत को चौथी दुनिया के तौर पर जाना जाता था। देश के प्रधानमंत्री ने अंग्रेज को हराकर दंश की अर्थव्यवस्था को 12वें से 5वें स्थान पर लाने का काम किया। भारत को मेक इन इंडिया का सपना दिया है। अब हम सोने की चिड़िया नहीं, सोने का शेर बना रहे हैं। यह दुनिया को दहाड़ने का काम कर रहा है। किसी ने सोचा नहीं था की कोई प्रधानमंत्री शौचालय की बात करेगा। गरीबों के लिए पक्का मकान की बात करेगा। प्रधानमंत्री ने 4 करोड़ 35 लाख लोगों को पक्का मकान देने का काम किया है। जल जल योजना शुरू कर लोगों के घर तक पानी पहुंचाने का काम किया। लोगों को शौचालय देने का काम किया। घर में गैस कनेक्शन देने का काम किया। इसके बाद सभी गरीबों को मुफ्त अनाज दे रहे हैं। अब मोदी जी घर-घर सोलर युक्त बिजली पहुंचाना चाहते हैं। गरीबों की बिजली मुफ्त देने का काम करेंगे। जब देश में डॉ मनमोहन सिंह के सरकार थे, तब वे बिना सोनिया गांधी के स्विच के नहीं चलते थे। जब सोनिया गांधी बोलती थी, तब देश का प्रधानमंत्री बोलते थे। आज प्रधानमंत्री मोदी की बात पूरा विश्व सुनता है। रूस और यूक्रेन की लड़ाई में बिहार और झारखंड के बच्चे फंस गए थे। प्रधानमंत्री मोदी के प्रयास से बच्चे वहां से सब कुशल वापस आ सके। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया है कि गरीबों का कल्याण करेंगे और देश के भ्रष्टाचारियों को नहीं छोड़ेंगे। भ्रष्टाचारी जेल में है, यही मोदी की गारंटी है। गरीबों को जो लूटेगा, वह जेल जाएगा। झारखंड में लालू प्रसाद यादव ने चारा खाया था, आज सोरेन और लालू परिवार एक साथ है। जब चुनाव आएगा, तब ये लोग बोलेंगे कि संविधान खतरे में है। आरक्षण खतरे में है। चुनाव खत्म होते यह सभी का खत्म हो जाता है। एक तरफ लालू यादव ने चुनाव में अपने पूरे परिवार को उतारने का काम किया, दूसरी तरफ शिबू सोरेन ने पूरे परिवार को उतारने का काम किया। यही इनके लिए आरक्षण है। इनके जीवन में दूसरे लोग नहीं है, उनके परिवार के लोग ही हैं। अपने ही परिवार को नेता बनना है किसी और को नहीं बनाना है। मजबूत सरकार के लिए एनडीए प्रत्याशी को जीताएं।

### नौकर के घर से भी मिल रहे हैं करोड़ों और पूछते हैं हेमंत सोरेन का क्या कसूर है :बाबूलाल मरांडी

प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस बार झारखंड से हम 13 कमल फूल भेजेंगे और उसके साथ एक फल भी रहेगा। केला भी रहेगा। गिरिडीह से एनडीए गठबंधन के नेता और आजसू प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी को केला छाप पर बटन दबाकर रिकार्ड मतों से विजयी बनाएं, ताकि फिर से नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री बने। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री बनने के बाद पिछले 10 वर्षों में उन्होंने गरीबों के लिए काम किया। किसानों के लिए काम किया। महिलाओं के लिए काम किया। मजदूर के लिए काम किया। गरीबों के घरों की चिंता की। उनके घरों में गैस का कनेक्शन पहुंचाया। गरीब भूखे नहीं रहे, इसके लिए गरीबों को प्रति महीना 5 किलो अनाज भी मुफ्त देने का काम कर रहे हैं। पहले गरीब जब बीमार होते थे, तब पैसे का भाव में उनका इलाज नहीं हो पाते थे। घर में यूं ही पड़े रह जाते थे। प्रधानमंत्री मोदी ने इन गरीबों के लिए भी 5 लाख रुपए की आयुष्मान योजना शुरू की, ताकि वे अच्छे से अच्छे अस्पताल में इलाज कर सके।

उन्होंने कहा कि जो गरीबों की चिंता करते हैं, गांव की चिंता करते हैं, दवा की चिंता करते हैं। गांव की चिंता करते हैं, ऐसे व्यक्ति को देश का प्रधानमंत्री बनाना है। श्री मरांडी ने कहा कि झारखंड में आज जिन लोगों की सरकार चल रही है, ये सभी झारखंड के विरोधी रहे हैं। विकास के विरोधी रहे हैं। झारखंडवासियों के भी विरोधी है। झारखंड वासियों की मांग वर्षो से अलग राज्य की थी? देश में 55 वर्षों तक कांग्रेस पार्टी ने राज किया, लेकिन कभी यहां के लोगों की भावनाओं का ख्याल नहीं किया। सम्मान नहीं दिया। जब देश में भाजपा-एनडीए की सरकार बनी और अटल बिहारी वाजपेई प्रधानमंत्री बने, तब झारखंड अलग राज्य बना। कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा के कारण अलग राज्य नहीं बना।

श्री मरांडी ने कहा कि ये झारखंड के भी विरोधी है और विकास के भी विरोधी है। झारखंड बनने से पहले वर्षों तक प्रदेश में कांग्रेस की सरकार रही। तब गांव में आने जाने में बहुत दिक्कत होती थी। सड़के नहीं थी। बिजली नहीं होती थी। किरोसीन के लिए लड़ाई होती थी। देश और प्रदेश में जब बीजेपी की सरकार बनी, तब गांव तक सड़कें पहुंच गई। नदी नाले में पुल-पुलिया बन गए। घरों तक बिजली भी पहुंच गई। यह और बात है कि आज भी बिहार और झारखंड में कुछ लोग लालटेन लेकर घूमते हैं।

झारखंड में जब से इंडी गठबंधन की सरकार बनी है, तब से चारों तरफ लूट मची हुई है। इन लोगों ने कोयला को लूटा, बालू को लूटा, पहाड़ के पत्थर को लूटा। यहां तक कि जमीन को भी नहीं छोड़ा। फर्जी कागज बनाकर उसे बेचने का काम किया। सेना की भी जमीन को बेचने का काम किया। आज जेएमएम और कांग्रेस के नेता लोग कहते हैं कि हेमंत सोरेन का क्या कसूर है। इसी झारखंड की धरती में सभी ने देखा कि झारखंड के कांग्रेस नेता के यहां 350 करोड रुपए मिले थे। इससे पहले झारखंड में अफसर के ठिकाने पर 22 करोड़ रूपए नकद मिला। आज ही कांग्रेस पार्टी के नेता के निजी सचिव के नौकर के घर से 30 करोड रुपए मिले हैं। अगर नौकर के घर से इतना पैसा मिला है, तो मंत्रियों के घर में कितना पैसा होगा। उनके निजी सचिवों के घर में कितना पैसा होगा। इसके बाद भी लोग बोलते हैं कि हेमंत सोरेन का क्या कसूर है। इन लोगों ने झारखंड को लूटकर अपने घर में ही नहीं, नौकर के घरों में भी पैसा डंप करके रखा है। राहुल गांधी को यह बताना चाहिए कि उनके मंत्री के पीएस के नौकर के यहां से इतना पैसा कहां से आया। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को आलमगीर आलम को मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर देना चाहिए।श्री मरांडी ने कहा कि झारखंड में पुलिस के पीसीआर से भी पैसा चुनाव के लिए पहुंचाया जा रहा है। पकड़े जाने पर ऐसा करने वाले सरकारी अफसर को नहीं छोड़ा जाएगा। इंडी गठबंधन की सरकार सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर रही है।

"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता"
कार्यालय :-जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, लातेहार
(Postal Ballot& EDC कोषांग)
चुनाव का पर्व DESH KA GARV
आम सूचना

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के धारा 28 A में निहित प्रावधान तथा भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक 52/2023/SDR/VOL-4 दिनांक 31.10.2023 से प्राप्त निदेश के आलोक में आवश्यक सेवाओं में संलग्न अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं का लोकसभा आम चुनाव 2024 में पोस्टल बैलेट के द्वारा पोस्टल वोटिंग सेंटर (Postal Voting Centre) के माध्यम से मतदान कराया जाना है। उक्त मतदान हेतु लातेहार जिलान्तर्गत स्थापित होने वाले पोस्टल वोटिंग सेंटर(Postal Voting Centre) एवं मतदान की तिथि का चरणवार विवरणी निम्नवत है :–

| क्र0 | प्रशिक्षण स्थल/पोस्टल वोटिंग सेंटर (Postal Voting Centre)का पता | चरणवार मतदान की तिथि | लोकसभा क्षेत्र का नाम | मतदान का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | समाहरणालय, लातेहार का प्रतिक्षालय (प्रथम तल, उपायुक्त कार्यालय के बगल में) | 4th चरण– 10मई 2024 से 12मई 2024 तक | 10 सिंहभूम/11 खुंटी/12 लोहरदगा/13 पलामू | पू० 09.00 बजे से अप० 05.00 बजेतक |
| | | 5th चरण– 14 मई 2024 से 16 मई 2024 तक | 4 चतरा/5 कोडरमा/14 हजारीबाग | |
| | | 6th चरण– 19 मई 2024 से 21 मई 2024 तक | 6 गिरीडीह/7 धनबाद/8 रांची/9 जमशेदपुर | |
| | | 7th चरण– 27 मई 2024 से 29 मई 2024 तक | 1 राजमहल/2 दुमका/3 गोड्डा | |

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, लातेहार

PR 324431 Election (24-25)_D

# चुनाव से पहले उम्मीदवारों का आना-जाना

**संपादकीय**

राजनीतिक दलों में लोकतांत्रिक वातावरण होना अच्छी बात मानी जाती है, ताकि किसी भी सदस्य को अगर किसी बात पर एतराज हो तो वह उसे जाहिर कर सके। मगर इसका यह अर्थ कतई नहीं कि कोई पार्टी अपने भीतर अनुशासन बनाना ही बंद कर दे। चलते चुनाव के बीच जिस तरह कांग्रेस के नेता बगावत करते और दूसरे दलों का दामन थामते देखे जा रहे हैं, उसे कांग्रेस बेशक पार्टी का आंतरिक लोकतंत्र बता कर खुद अपनी पीठ थपथपाने की कोशिश करे, पर हकीकत यही है कि इससे उसमें अनुशासन की कमी जाहिर होती है। कुछ दिनों पहले गुजरात में सूरत सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार ने जानबूझ कर अपना पर्चा भरने में गड़बड़ी की, जिसके चलते उसका पर्चा निरस्त हो गया और भाजपा का प्रत्याशी निर्विरोध चुन लिया गया। अब इंदौर सीट से उम्मीदवार ने नामांकन वापस लेने के आखिरी दिन अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। एक दिन पहले दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद से अरविंदर सिंह लवली ने यह कहते हुए इस्तीफा दे दिया कि चुनाव प्रभारी उनकी बात नहीं सुनते। लवली ने पार्टी नेतृत्व पर भी कई आरोप लगाए हैं। हालांकि इन तीनों मामलों में भाजपा के दबाव और सांठगांठ की बातें भी की जा रही हैं, मगर इससे कांग्रेस की अनुशासनात्मक ढिलाई और अपने नेताओं को संभाल कर रख पाने में नाकामी छिप नहीं जाती। पिछले कुछ वर्षों में बड़ी संख्या में नेता कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हो गए। उनमें कई वरिष्ठ नेता भी थे। यह ठीक है कि कई नेताओं को जब कांग्रेस में अपना भविष्य नजर नहीं आया, तो उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया। कुछ के बारे में कहा जाता है कि वे अपने भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई से बचने के लिए सत्तापक्ष की तरफ चले गए। मगर इससे कांग्रेस नेतृत्व पर सवाल तो उठते ही हैं कि वह क्यों अपने नेताओं को संतुष्ट नहीं रख सकी। ऐसा क्या हुआ कि उसके जो नेता कल तक सिद्धांतों की दुहाई देते न थकते थे, वे अचानक विद्रोही और अवसरवादी नजर आने लगेअरविंदर सिंह लवली कउनका असंतोष अचानक फूट पड़ा और वे कांग्रेस के खिलाफ विष-वमन करने लगे। किसी भी पार्टी को ताकत इस बात से मिलती है कि उसके नेता और कार्यकर्ता कितने प्रतिबद्ध हैं। उन्हें कोई जिम्मेदारी मिलती है या नहीं मिलती, उन्हें चुनाव का टिकट मिलता है या नहीं मिलता, वे चुप रह कर पार्टी नेतृत्व का फैसला स्वीकार कर लेते और अपने प्रत्याशी को जिताने के लिए निष्ठा और एकजुटता का परिचय देते हैं। भाजपा इसीलिए इस वक्त सबसे ताकतवर पार्टी है कि उसका नेतृत्व अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं को अपने साथ जोड़ कर रखने में कामयाब है। चुनाव जीतने के लिए हर राजनीतिक दल अपने पैंतरे आजमाता ही है।

# हिन्दू विवाह पर सर्वोच्च अदालत का स्वागत योग्य फैसला

(ललित गर्ग)

हिंदू विवाह से जुड़ा यह फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शादी 'गाने और डांस', 'शराब पीने और खाने' का आयोजन या अनुचित दबाव डालकर दहेज और गिफ्ट्स की मांग करने का मौका नहीं है। विवाह कमर्शियल ट्रांजैक्शन नहीं है।

देश की सर्वोच्च अदालत ने हिन्दू विवाह को लेकर बड़ा फैसला देकर न केवल हिन्दू विवाह के संस्कारों एवं पारंपरिक रिवाजों को पुष्ट किया है बल्कि उन्हें कानूनी दृष्टि से आवश्यक स्वीकार किया है। आज जबकि हिन्दू विवाह की पवित्रता एवं परम्परा तथाकथित आधुनिक जीवन एवं प्रभाव के कारण धुंधली होती जा रही है, पाश्चात्य संस्कृति की आंधी में हिन्दू विवाह की पवित्रता समाज में समय के साथ घटी है और उसमें सुधार एवं सुदृढ़ता की जरूरत है। जो लोग विवाह को मात्र एक पंजीकरण मानते हैं, उन्हें चेत जाना चाहिए। उन्हें सात फेरों का अर्थ समझना होगा। बिना सात फेरों, हिन्दू रीति-रिवाजों एवं वैवाहिक आयोजनों के कोर्ट की दृष्टि में भी विवाह मान्य नहीं होगा। हिंदू विवाह पर कोर्ट का ताजा फैसला न केवल स्वागतयोग्य है बल्कि इसके दूरगामी परिणाम सुखद होंगे। इससे हिन्दू संस्कृति एवं संस्कारों को बल मिलेगा। पारिवारिक-संस्था को मजबूती मिलेगी।

हिंदू विवाह से जुड़ा यह फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शादी 'गाने और डांस', 'शराब पीने और खाने' का आयोजन या अनुचित दबाव डालकर दहेज और गिफ्ट्स की मांग करने का मौका नहीं है। विवाह कमर्शियल ट्रांजैक्शन नहीं है। यह एक गंभीर बुनियादी सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजन है, जिसे एक पुरुष और एक महिला के बीच संबंध बनाने के लिए मनाया जाता है, जो भविष्य में एक अच्छे परिवार के लिए पति और पत्नी का दर्जा प्राप्त करते हैं। यह भारतीय हिन्दू समाज-व्यवस्था की एक बुनियादी इकाई एवं मजबूत सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयाम है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि बिना सात फेरों के हिन्दू विवाह को मान्यता नहीं मिल सकती है अर्थात शादी के लिए हिन्दू विवाह अधिनियम में जो नियम और प्रावधान बनाए गए हैं उसका पालन करना होगा। इस तरह कोर्ट ने अपने फैसले में हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के तहत हिंदू विवाह की कानूनी आवश्यकताओं और पवित्रता को स्पष्ट किया है। अधिनियम के अनुसार, एक हिंदू विवाह किसी भी पक्ष के पारंपरिक संस्कारों और समारोहों के अनुसार संपन्न किया जाएगा। समारोहों में सप्तपदी (दूल्हा और दुल्हन द्वारा पवित्र अग्नि के चारों ओर संयुक्त रूप से सात कदम उठाना) शामिल है, और जब वे सातवां चरण एक साथ लेते हैं तो विवाह पूर्ण और बाध्यकारी हो जाता है। कुल मिलाकर हिन्दू विवाह एक संस्था है, संस्कार है और विवाह कोई व्यावसायिक लेन-देन नहीं है।

कोर्ट ने जोर दिया है कि हिंदू विवाह की वैधता के लिए सप्तपदी (पवित्र अग्नि के चारों ओर सात फेरे) जैसे उचित संस्कार और उससे जुड़े समारोह जरूरी है। विवाद की स्थिति में समारोह के प्रमाण पेश करना जरूरी है। कोर्ट की सात फेरों और उससे जुड़े समारोह का मूल्य समझाने की यह कोशिश हिन्दू विवाह को न केवल मजबूती प्रदान करेंगी बल्कि आधुनिकता की आंधी में धुंधलाते मूल्यों को नियंत्रित करने का काम करेगी। इसमें कोई शक नहीं कि विवाह संस्कार का मूल महत्व पहले की तुलना में कम हुआ है, अब विवाह बहुतों के लिए एक दिखावा, मजबूरी या समझौता भर रह गया है। न्यायमूर्ति बी नागरत्ना ने अपने प्रासंगिक एवं उपयोगी फैसले में बिल्कुल सही कहा है कि हिंदू विवाह एक संस्कार है, जिसे भारतीय समाज में एक महान मूल्य की संस्था के रूप में दर्जा दिया जाना चाहिए। पारंपरिक संस्कारों या सात फेरों जैसी रीतियों के बिना हुए विवाह को हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 7 के अनुसार हिंदू विवाह नहीं माना जाएगा। इस वजह से कोर्ट ने युवा पुरुषों और महिलाओं से आग्रह किया हैं कि वो विवाह की संस्था में प्रवेश करने से पहले इसके बारे में गहराई से सोचें और भारतीय समाज में उक्त संस्था कितनी पवित्र है, इस पर विचार करें।

प्रश्न है कि हिन्दू विवाह को लेकर कोर्ट को जागरूक होने एवं हिन्दू संस्कारों को मजबूती देने की जरूरत क्यों पड़ी? हिन्दू विवाह से जुड़े संस्कारों एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों को लेकर अनेक मामले कोर्ट की चौखट पर आते रहे हैं, हर बार कोर्ट सजगता, दूरदर्शिता एवं विवेक से विवाह-संस्था से जुड़े मामलों पर अपना नजरिया प्रस्तुत करती रही है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने पिछले दिनों यह माना कि हिंदू विवाह अधिनियम के अनुसार, हिंदू विवाह को संपन्न करने के लिए कन्यादान का समारोह जरूरी नहीं है। उस फैसले में भी सप्तपदी के महत्व को दर्शाया गया था। मध्यप्रदेश की एक परिवार अदालत के फैसले में महिला पक्ष को यह समझाया गया था कि सिंदूर लगाना एक विवाहित हिंदू महिला का धार्मिक कर्तव्य होता है। सर्वोच्च न्यायालय के ताजा फैसले में ऐसी ही समझाइश की कोशिश झलकती है। कुल मिलाकर, न्यायालय का संदेश यह है कि फिजूल के तमाशे-दिखावे से बचते हुए विवाह के मूल अर्थ को समझना चाहिए। हिंदू विवाह को लेकर अब ज्यादा स्पष्टता की जरूरत है और विशेषतः हिन्दू संस्कारों एवं संस्कृति को बल देने की भी। क्योंकि भारत में परिवार संस्था कायम है तो इसका कारण हिन्दू संस्कार एवं परम्पराएं ही हैं। इस तरह कोर्ट ने अपने फैसले में हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के तहत हिंदू विवाह की कानूनी आवश्यकताओं और पवित्रता को स्पष्ट किया है। हिन्दू विवाह एक आदर्श परम्परा एवं संस्कार है। हिंदू धर्म में विवाह को सोलह संस्कारों में से एक संस्कार माना गया है। विवाह = वि .वाह, अतः इसका शाब्दिक अर्थ है - विशेष रूप से उत्तरदायित्व का वहन करना। पाणिग्रहण संस्कार को सामान्य रूप से हिंदू विवाह के नाम से जाना जाता है। अन्य धर्मों में विवाह पति और पत्नी के बीच एक प्रकार का करार होता है जिसे विशेष परिस्थितियों में तोड़ा भी जा सकता है परंतु हिंदू विवाह पति और पत्नी क बीच जन्म-जन्मांतरों का सम्बंध होता है जिसे किसी भी परिस्थिति में नहीं तोड़ा जा सकता। अग्नि के सात फेरे लेकर और ध्रूव तारा को साक्षी मान कर दो तन, मन तथा आत्मा एक पवित्र बंधन में बंध जाते हैं।

# लोकसभा चुनावों में धराशायी विपक्ष के टूलकिट आधारित मुद्दे!

**स्वतंत्रता के बाद भारत में अभी तक जितने भी लोकसभा या विधानसभा चुनाव संपन्न हुए हैं उनमें पहली बार कांग्रेस के नेतृत्व में बना गठबंधन हर दृष्टि से कमजोर नजर आ रहा है। जब से लोकसभा चुनावों के लिए कांग्रेस व इंडी गठबंधन के नेताओं ने प्रचार आरम्भ किया है तभी से कांग्रेस नेता राहुल गांधी व उनके प्रवक्ता मीडिया एजेंसियों व टीवी चैनलो पर बैठकर केवल एक ही बहस कर रहे हैं कि अगर मोदी जी तीसरी बार 400 सीटों के साथ प्रधानमंत्री बन जाते हैं तो फिर भाजपा संविधान को फाड़ कर फेंक देगी, दोबारा चुनाव नहीं होंगे क्योंकि इनके पास कोई मुद्दा नहीं है मोदी जी को घेरने का। इसके अतिरिक्त मोदी जी और अमित शाह के एआई द्वारा बनाए गए डीप फेक वीडियो या फिर सम्पादित/ डॉक्टर्ड वीडियो को आधार बनाकर झूठ फैला रहे हैं।**

(मृत्युंजय दीक्षित)

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बयान जारी कर राहुल गांधी के सभी आरोपों को मिथ्या बताया। महासचिव चंपत राय ने बताया कि राहुल गांधी को स्मरण कराना चाहूंगा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एवं पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद दोनों को रामलला के मूल विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आमंत्रित किया गया था।

स्वतंत्रता के बाद भारत में अभी तक जितने भी लोकसभा या विधानसभा चुनाव संपन्न हुए हैं उनमें पहली बार कांग्रेस के नेतृत्व में बना गठबंधन हर दृष्टि से कमजोर नजर आ रहा है। जब से लोकसभा चुनावों के लिए कांग्रेस व इंडी गठबंधन के नेताओं ने प्रचार आरम्भ किया है तभी से कांग्रेस नेता राहुल गांधी व उनके प्रवक्ता मीडिया एजेंसियों व टीवी चैनलो पर बैठकर केवल एक ही बहस कर रहे हैं कि अगर मोदी जी तीसरी बार 400 सीटों के साथ प्रधानमंत्री बन जाते हैं तो फिर भाजपा संविधान को फाड़ कर फेंक देगी, दोबारा चुनाव नहीं होंगे क्योंकि इनके पास कोई मुद्दा नहीं है मोदी जी को घेरने का। इसके अतिरिक्त मोदी जी और अमित शाह के एआई द्वारा बनाए गए डीप फेक वीडियो या फिर सम्पादित/ डॉक्टर्ड वीडियो को आधार बनाकर झूठ फैला रहे हैं।

पिछले दिनों अमित शाह के ऐसे ही एक वीडियो के साथ आरक्षण के सम्बन्ध में दुष्प्रचार किया गया हालांकि अब इस पर दिल्ली पुलिस ने कार्यवही आरम्भ कर दी है और कई लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं। उधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस फर्जी वीडियो प्रकरण को को अपने पक्ष में मोड़कर मुद्दा बनाने मे कुछ हद तक सफलता प्राप्त कर ली है साथ ही वे संविधान और आरक्षण के नाम पर विगत 70 साल में पिछली सरकारों ने जो किया उसे भी बेनकाब कर रहे हैं।

वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार आने के बाद से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खिलाफ आरक्षण विरोधी होने का दावा कर अभियान चलाया जा रहा है। बिहार में 2015 के विधानसभा चुनावों में नीतीश कुमार और लालू यादव के बीच गबठबंधन हुआ था तब इन दलों ने पांचजन्य साप्ताहिक में प्रकाशित एक साक्षात्कार के आधार पर संघ के खिलाफ विषवमन किया था। बसपा नेत्री मायावती ने एक पुस्तिका प्रकाशित करवा के घर घर तक बंटवाई थी और बताया गया था कि संघ किस प्रकार से आरक्षण विरोधी है।

अब समय बदल चुका है यह 2024 की बदली हुई भाजपा और संघ है जो दुष्प्रचार के प्रति पूरी तरह सतर्क और सशक्त है। इस बार कांग्रेस नेताओं का यह दांव जमीनी धरातल पर नहीं उतर पा रहा है क्योंकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि संघ हमेशा संविधान सम्मत आरक्षण का पक्षधर रहा है। संघ का मानना है कि जब तक सामाजिक भेदभाव रहेगा या आरक्षण देने के कारण बने रहेंगे तब तक आरक्षण जारी रहे।संघ प्रमुख ने कहा कि उन्होंने एक वीडियो के बारे में सुना है जिसमें कहा गया है कि संघ आरक्षण के खिलाफ है। संघ आरक्षण का कभी विरोधी नहीं रहा है किंतु यह उसके खिलाफ विमर्श स्थापित किया जा रहा है क्योंकि कांग्रेस को लगता है कि संघ व भाजपा को आरक्षण व संविधान विरोधी साबित कर वह चुनावी किला फतह कर सकती है।

राहुल गांधी आजकल भाजपा को संविधान विरोधी साबित करने में दिन-रात एक किये हुए है जबकि वास्तविकता यह है कि अगर आज आम नागरिक अपने संविधान को जान रहा है, पढ़ रहा है और उसके अनुरूप आचरण करना चाह रहा है और उसके पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास ही हैं क्योंक अब हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जा रहा है। भारतीय संविधान को अब वेबसाइट पर आसानी से पढ़ा जा सकता है। नए संसद भवन के उद्घाटन और सेंगोल स्थापना के अवसर पर सदन के सदस्यों को भी संविधान की मूल प्रति दी गई।



कांग्रेस जो आज संविधान- संविधान का राग अलाप रही है संविधान का सत्यानाश कांग्रेस ने ही किया था। श्रीमती इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता बचाने के लिए संविधान में मूल भूत परिवर्तन करके उसमें धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी जैसे शब्द जोड़कर उसकी आत्मा ही नष्ट कर दी, आपातकाल लगाकर अपनी विकृत तानाशाही मानसिकता का परिचय दिया और मनमर्जी से विपक्षी दलों की प्रदेश सरकारों को गिराया। कांग्रेस के कार्यकाल में संविधान एक परिवार का बंधक हो गया था व एक धर्म विशेष का तुष्टीकरण कर रहा था।

इसी प्रकार कांग्रेस अयोध्या में प्रभु राम की जन्मभूमि और उस पर बन रहे भव्य मंदिर के प्रति भी नकारात्मक रही है। जन जन के आराध्य प्रभु राम को काल्पनिक कहने वाली कांग्रेस ने पहले तो मुद्दे को भटकाने, लटकाने, अटकाने के लिए जी जान लगा दी फिर भी असफल रहने पर अपने मुस्लिम तुष्टीकरण को मजबूती प्रदान कनने के लिए प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार किया। उसके बाद राहुल गांधी व विपक्ष के नेता जनसभाओं में बयान देने लगे कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में दलित आदिवासी होने के कारण राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नहीं बुलाया गया। यह भी बयान दिए जाने लग गये कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह में केवल और केवल बड़े उद्योगपति और बड़े घरानो के लोग ही उपस्थित रहे आम जनता को कोई भाव नहीं दिया गया। पिछले दिनों राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अयोध्या में रामलला के दर्शन करके ने राहुल गांधी के इस झूठ का करारा उत्तर दे दिया। राम मंदिर के गर्भगृह में राष्ट्रपति की उपस्थिति ने कांग्रेस नेता के आरोप को बुरी तरह से धो डाला। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गर्भगृह में पहुंचकर रामलला का विधिवत पूजन किया। आराध्य को निकट से देखकर राष्ट्रपति बहुत भावुक दिखीं और उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने अनुभव भी साझा किए।

इस बीच श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बयान जारी कर राहुल गांधी के सभी आरोपों को मिथ्या बताया। महासचिव चंपत राय ने बताया कि राहुल गांधी को स्मरण कराना चाहूंगा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एवं पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद दोनों को रामलला के मूल विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आमंत्रित किया गया था। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग समाज से जुड़े हुए संत, महापुरुष गृहस्थजन और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में यश प्राप्त करने वाले भारत का गौरव बढ़ाने वाले लोगों को भी आमंत्रित किया गया था। मंदिर में सेवारत श्रमिक और अल्पसंख्यक समुदाय के लोग भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। राहुल गांधी अपनी जनसभाओं मे यह आरोप भी लगा रहे हैं कि वहां कोई गरीब, महिला, किसान युवा दर्शन नहीं करने गया अब यह भी झूठ हो गया है क्योंकि अब तक दो करोड़ से अधिक लोग राम मंदिर के दर्शन कर चुके हैं और इसमें समाज के सभी वर्गों की आम जनता ही शामिल है किंतु राहुल के पदचिन्हों पर चलने वाले कांग्रेस के प्रवक्ता अभी भी बाज नहीं आ रहे हैं और अयोध्या मंदिर व दर्शन कार्यक्रम को इवेंट बताकर उसका अपमान कर रहे है।

इसके अलावा कांग्रेस और विपक्ष बार-बार ईवीएम मसहीनों पर ही संदेह पैदा कर रहा है किंतु ईवीएम यह दावा अब सुप्रीम कोर्ट में भी खारिज हो चुका है। पहले दो चरणों में कम मतदान का हवाला देकर विरोधी दलों ने सोशल मीडिया पर हल्ला मचाना प्रारम्भ कर दिया कि कम मतदान का मतलब है मोदी जी हार गये, हार गये। किंतु जब चार दिन बाद चुनाव आयोग ने मतदान प्रतिशत के अंतिम आंकड़े सार्वजनिक किये तो विपक्ष एक बार फिर ईवीएम और चुनाव आयोग पर संदेह करने लग गया। विपक्षी दलों के नेता सोशल मीडिया पर आकर ईवीएम-ईवीएम करने लगे और कहा कि चुनाव आयेग ने खेल कर दिया-खेल कर दिया।इसी राजनैतिक गहमा गहमी के बीच एस्ट्राजेनेका आक्सफोर्ड की कोरोना वैक्सीन कोविडशील्ड को लेकर विपक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि को खराब करने का अभियान प्रारम्भ कर दिया । इस आभासी मुद्दे को टूलकिट के नए टूल के रूप में सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मो पर उठाया जा रहा है। कोविडशील्ड के प्रकरण में जनहित याचिका दायर करने वाले दलाल भी सक्रिय हो गये हैं और सुप्रीम कोर्ट पहुंच गये हैं जबकि वास्तविकत यह है कि कोविडशील्ड से नुकसान बहुत ही कम हुआ है जबकि लाभ अधिक हुआ है। कोविडशील्ड को लेकर उठ रहे सभी विवाद पूरी तरह से भ्रामक खबरो पर आधारित हैं। विशेषज्ञों का मत है कि हर वैक्सीन के साइड इफैक्ट होते ही हैं। वह वैक्सीन लगाने के 21 दिन या एक महीने के भीतर ही हो सकता था। कोविड काल में दो वर्ष पूर्व लगे इस वैक्सीन से कोई नुकसान नहीं अपितु लाभ ही हुआ है।अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लातूर की जनसभा में कहा कि 2014 के पहले एक समय था जब खबर आती थी कि, सड़क पर पड़ी कोई भी लावारिस वस्तु को आप लोग न छुएं यह बम हो सकता है किंतु अब एक ऐसी खबरें आनी बंद हो गयी है ठीक उसके अगले ही दिन सुबह -सुबह दिल्ली के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी आती है और विरोधी दल आनंदमग्न होकर उस पर अपनी विकृत राजनीति प्रारम्भ कर देते हैं किंतु बाद में वह फर्जी अफवाह निकलती है हालांकि प्रकरण की अभी जांच चल रही है और हो सकता है कि यह विपक्ष की ही करतूत रही हो। कुछ ऐसी ही विकृत राजनीति कर्नाटक के एक सैक्स स्कैंडल को लेकर देखने को मिल रही है विरोधी दल उसमें भी भाजपा की छवि खराब करने का प्रयास कर रहे थे। कर्नाटक का सैक्स स्कैंडल कांग्रेस के शासनकाल में ही हुआ है। इसमें यह भी महत्वपूर्ण है कि कर्नाटक में कांग्रेस के अपने ही नेता की बेटी के साथ लव जिहाद की बर्बर घटना होने जाने के बाद कांग्रेस तुष्टीकरण के कारन मौन रही और जब भाजपा ने इसका विरोध किया, परिवार के साथ आगे बढ़ी तो सेक्स स्कैंडल को लेकर हल्ला मचा दिया गया।

आज की भाजपा अब 2014 के पहले वाली भाजपा नहीं रही कि उसे झूठे नैरेटिव चलाकर डराया, धमकाया या हराया जा सकता है। अब भजपा नेता हर बात के लिए सतर्क रहते हैं। गुजरात के एक सांसद रूपाला के बयान के बाद नैरेटिव चलाया गया कि राजपूत और क्षत्रिय भाजपा से नाराज हो गये हैं किंतु गुजरात में मोदी व भाजपा नेताओं की जनसभाओं में जैसी भीड़ आ रही है उससे लग रहा है कि राजपूत व क्षत्रियों की भाजपा से नाराजगी का नैरेटिव भी छिन्न भिन्न हो चुका है।

# अमेरिकी एजेंसियों समेत पश्चिमी देशों की फितरत पर दमदार पलटवार की है जरूरत, अन्यथा नहीं चेतेंगे

**यूँ तो अमेरिका की चुनाव प्रक्रिया के दौरान वहां के राजनीतिक दल और राजनेता कभी चीन तो कभी रूस पर हस्तक्षेप करने का आरोप लगाते रहे हैं, लेकिन अब भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने बजाप्ता प्रेस कांफ्रेंस करके अमेरिका की प्रतिष्ठित एजेंसी यूएससीआईआरएफ पर भारत में जारी चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने का जो आरोप लगाया है, उसके गहरे निहितार्थ हैं। क्योंकि यह पहला मौका है जब भारत ने किसी अमेरिकी एजेंसी पर लोकतांत्रिक तरीके से होने वाली चुनावी प्रक्रिया में अमेरिकी एजेंसी की तरफ से हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया है।**

(कमलेश पांडे)

कहना न होगा कि लोकतंत्र, मानवाधिकार, मीडिया की स्वतंत्रता और भूख जैसे मुद्दों पर भारत को जानबूझकर निशाना बनाया जाता है। क्योंकि कुछ सरकारों की आदत होती है कि वह दूसरों से जुड़े हर मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हैं। इसलिए भारत सरकार ने भी सार्वजनिक तौर पर अपनी नाराजगी से अवगत करा दिया है।

भारत सरकार ने अमेरिका की एक प्रतिष्ठित एजेंसी अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग (यूएससीआईआरएफ) पर भारत में जारी आम चुनाव 2024 की प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया है। क्योंकि गत दिनों ही यूएससीआईआरएफ की तरफ से धार्मिक आजादी पर एक रिपोर्ट जारी की गई, जिसमें भारत में धार्मिक आजादी की स्थिति को चिंताजनक बताते हुए इसकी स्थिति लगातार खराब होने की बात कही गई है।

यही वजह है कि भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यूएससीआईआरएफ को राजनीतिक एजेंडे वाला पक्षपाती संगठन करार दिया है। यही नहीं, उन्होंने सालाना स्तर पर जारी होने वाली इस रिपोर्ट को राजनीतिक प्रोपेगंडा कहा है। बकौल रणधीर जायसवाल, यूएससीआईआरएफ को राजनीतिक एजेंडे वाले पक्षपाती संगठन के रूप में जाना जाता है। इसने वार्षिक रिपोर्ट के हिस्से के रूप में भारत के बारे में अपना दुष्प्रचार प्रकाशित करना जारी रखा है। हमें वास्तव में ऐसी उम्मीद भी नहीं है कि यह आयोग भारत की विविधतापूर्ण, बहुलतावादी और लोकतांत्रिक मूल भावना को समझने की कोशिश भी करेगा। उनके द्वारा दुनिया की सबसे बड़ी चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने के लिए किए गए प्रयास कभी सफल नहीं होंगे।

यूँ तो अमेरिका की चुनाव प्रक्रिया के दौरान वहां के राजनीतिक दल और राजनेता कभी चीन तो कभी रूस पर हस्तक्षेप करने का आरोप लगाते रहे हैं, लेकिन अब भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने बजाप्ता प्रेस कांफ्रेंस करके अमेरिका की प्रतिष्ठित एजेंसी यूएससीआईआरएफ पर भारत में जारी चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने का जो आरोप लगाया है, उसके गहरे निहितार्थ हैं। क्योंकि यह पहला मौका है जब भारत ने किसी अमेरिकी एजेंसी पर लोकतांत्रिक तरीके से होने वाली चुनावी प्रक्रिया में अमेरिकी एजेंसी की तरफ से हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया है। संभवतया यह अमेरिकी एजेंसियों को लेकर भारत के बदले रवैये को भी बतलाता है।



इस बात में कोई दो राय नहीं कि अमेरिका भारत का एक अहम रणनीतिक साझीदार देश है। हाल के वर्षों में भारत के द्विपक्षीय रिश्तों में जितनी गहराई अमेरिका के साथ आई है, वैसा किसी भी दूसरे देश के साथ देखने को नहीं मिला है। बावजूद इसके अमेरिका या कुछ दूसरे पश्चिमी देशों की एजेंसियों की तरफ से भारत में मानवाधिकार, धार्मिक आजादी, प्रेस की स्वतंत्रता जैसे मुद्दे के जरिये किये जाने वाले हस्तक्षेप भारतीय नेतृत्व बर्दाश्त नहीं कर सकता है। इसलिए ऐसे हस्तक्षेप को लेकर सख्ती से जवाब देने की रणनीति भारत अपना चुका है, जो बहुत बड़ी बात है।

कहना न होगा कि लोकतंत्र, मानवाधिकार, मीडिया की स्वतंत्रता और भूख जैसे मुद्दों पर भारत को जानबूझकर निशाना बनाया जाता है। क्योंकि कुछ सरकारों की आदत होती है कि वह दूसरों से जुड़े हर मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हैं। इसलिए भारत सरकार ने भी सार्वजनिक तौर पर अपनी नाराजगी से अवगत करा दिया है। हमें इस बात पर फक्र होना चाहिए कि आज का भारत एक गाल पर तमाचा मारने पर दूसरा गाल आगे नहीं बढ़ाता। क्योंकि अगर अमेरिका समेत अन्य पश्चिमी देश यदि भारत विरोधी प्रतिक्रिया दे सकते हैं, तो भारत भी अमेरिका समेत अन्य पश्चिमी देशों के खिलाफ प्रतिक्रिया दे सकता है। उन्हें यह याद रखना चाहिए कि विदेश के मामले में दखल देने की यह आदत कभी कभी उल्टी भी पड़ सकती है।

हैरत की बात तो यह है कि यूएससीआईआरएफ की रिपोर्ट में भारत में धार्मिक स्थिति को लेकर काफी विवादास्पद टिप्पणी की गई है। इसमें भारत को अफगानिस्तान, अजरबैजान, नाइजीरिया, वियतनाम जैसे देशों की श्रेणी में रखा गया है। वहीं, अमेरिकी विदेश मंत्रालय से आग्रह किया गया है कि भारत को भी धार्मिक आजादी को लेकर खास चिंता वाले देश (सीपीसी) की श्रेणी में रखा जाए। इस श्रेणी में रखे जाने वाले देशों को लेकर अमेरिकी प्रशासन का रवैया अलग होता है। साथ ही उन पर कई तरह के प्रतिबंध लगाने की व्यवस्था है।

याद दिला दें कि यूएससीआईआरएफ की रिपोर्ट आने से कुछ दिन पहले ही अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने भारत में मानवाधिकारों की स्थिति पर चिंता जताई थी। जिसपर पलटवार करते हुए भारतीय विदेश मंत्रालय ने दो टूक जवब दिया था कि अमेरिकी संस्थाएं भारत के बारे में अपनी खराब समझ का परिचय दे रही हैं। भारत के प्रति जितना दुराग्रह अमेरिकी विदेश मंत्रालय की रिपोर्ट में झलक रहा था, उतना ही यूएससीआईआरएफ की रिपोर्ट में भी। इससे स्पष्ट है कि पश्चिमी देशों यानी अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन आदि देशों का श्रेष्ठता बोध कभी खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। जबकि इन देशों की हकीकत अब दुनियावी देशों से छिपी हुई नहीं है। अमरीकी नस्लीय हिंसा और वहां के विश्वविद्यालयों में हो रहे पक्षपाती प्रदर्शनों के बारे में वह खुद ही समझ ले, तो उसके दूरगामी हित में होगा।

सीधा सवाल है कि भारत के आंतरिक मामलों में अनावश्यक टिप्पणी करने वाले पश्चिमी देशों की संस्थाएं क्या दुनिया को यह बता पाएंगी कि अमेरिका में पुलिस विश्वविद्यालयों में धावा क्यों बोल रही है और ब्रिटेन अवैध प्रवासियों को पकड़-पकड़ कर रवांडा क्यों भेज रहा है? इसी तरह कनाडा में हड़ताली ट्रक ड्राइवरों से निपटने के लिए आपातकाल क्यों लगा दिया जाता है? इस बात को नहीं भुलाया जा सकता कि ये वही पश्चिमी संस्थाएं हैं जो कृषि कानून विरोधी उग्र आंदोलन और शाहीन बाग के अराजक धरने को एक तरह से न केवल अपना समर्थन दे रही थीं, बल्कि भारत को मानवाधिकारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का पाठ भी पढ़ा रही थीं।

मेरा मानना है कि अमेरिका, कनाडा समेत यूरोपीय देश तब तक बाज नहीं आने वाले जब तक भारत भी इन देशों के मामलों में अपनी प्रतिक्रिया देना नहीं शुरू करता। वैसे भी भारत को केवल प्रतिक्रिया ही नहीं देनी चाहिए, बल्कि बाकायदा रिपोर्ट जारी कर यह बताना चाहिए कि इन देशों में क्या कुछ गड़बड़ हो रही है, क्योंकि किसी भी देश में सब कुछ ठीक नहीं रह सकता है। जब भारत ऐसा करेगा, तभी पश्चिमी देश चेतेंगे, अन्यथा कतई नहीं। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार)



# क्यों खराब हो जाता है आपका फ्रिज

**क्या आपका भी फ्रिज बार- बार खराब हो जाता है? कई लोग को पता भी नही होता कि उनका फ्रिज किन गलतियों के कारण खराब हो गया है। ऐसे में आज के इस आर्टिकल में हम आपको बताने वाले हैं कि कैसे आप अपने फ्रिज को खराब होने से बचा सकती है।**

कई बार हमारी छोटी गलती के कारण हमारा काफी बड़ा नुकसान हो जाता है। क्या आपका भी फ्रिज बार– बार खराब हो जाता है? कई लोग को पता भी नही होता कि उनका फ्रिज किन गलतियों के कारण खराब हो गया है। ऐसे में आज के इस आर्टिकल में हम आपको बताने वाले हैं कि कैसे आप अपने फ्रिज को खराब होने से बचा सकती है। साथ ही यह भी बताने वाले हैं कि फ्रिज कैसे खराब हो जाता है।

### सफाई सही से करें

कई बार फ्रिज में कोई सामान गिर जाता है और हम इसकी सफाई सही तरीके से नहीं करते हैं। फ्रिज की सफाई सही तरीके से करना काफी ज्यादा जरूरी हैं। ऐसे में फ्रिज में फंगस लग जाता है और मिनटों में हमारा महंगा फ्रिज खराब होने लगता है और हमें पता भी नहीं चलता। कई बार हम इसके लिए कपंनी में शिकायत करते हैं। इस दौरान गलती किसी और की नहीं बल्कि हमारी ही होती हैं। कई बार हम फ्रिज में जरूरत से ज्यादा सामान रख देते हैं। ऐसे में भी हमारा फ्रिज खराब हो जाता है। फ्रिज की सही तरीके से केयर करने के लिए आपको इन बातों का ध्यान रखना होगा। अगर आप ज्यादा सामान रखती हैं तब भी आपका फ्रिज खराब हो सकता है।

### फ्रिज को लंबे समय तक खुला ना छोड़े

कई बार हम फ्रिज को लंबे समय तक खुला छोड़ देते हैं। इसके कारण भी हमारा फ्रिज खराब हो जाता है। अगर आप भी अपने पैसे फ्रिज के रिपेयरिंग में बर्बाद नहीं करना चाहती हैं तो आपको इन बातों का खास ख्याल रखना होगा।

### बाहर जाते वक्त फ्रिज बंद ना करें

अगर आप बाहर जानें का प्लान बना रही है तो आपको अपने फ्रिज को पूरे तरीके से बंद नही करना चाहिए। कई बार इसके कारण भी फ्रिज खराब हो जाता है। आगे से आपको इस बाता का खास ख्याल रखना होगा। थोड़ी सी बिजली बचाने के चक्कर में हमारा काफी ज्यादा नुकसान हो जाता है।



# ना करें पैसों से जुड़ी ये गलतियां

**अक्सर महिलाओं की ये समस्या होती है कि घर का खर्च ज्यादा हो रहा है और पैसों से जुड़ी बचत नहीं हो पा रही है। यहां निवेश और बचत की नहीं खर्च की बात हो रही है। घरों में आजकल की व्यस्त लाइफस्टाइल कुछ ऐसी हो गई है कि लोगों को ये समझ ही नहीं आता कि उनका इतना खर्च आखिर कैसे बढ़ गया है। ये सब कुछ पैसे से जुड़ी कुछ गलतियों के कारण होता है।**

आम तौर पर यही देखा जाता है कि पति और पत्नी एक दूसरे से इसके बारे में बात नहीं करते। पत्नी घर संभाल रही हो या फिर बाहर काम कर रही हो तो भी इसके बारे में बातें नहीं की जातीं। बच्चे अगर पढ़ने की उम्र में हैं या टीनएज हो गए हैं तो उन्हें भी अक्सर घर पर ये नहीं बताया जाता है कि निवेश और बचत की जरूरत क्या है। हफ्ते में कम से कम एक बार सभी को बैठकर घर और पैसे के खर्च से जुड़ी बातें करनी चाहिए। इससे वो खर्च भी सामने आ जाता है जिसका शायद अंदाजा भी नहीं होता। ये घर का बजट बनाने में भी मददगार साबित हो सकता है।

### पहले खर्च फिर जो बचा वो निवेश

हमारी भारतीय संस्कृति में एक आम कहावत है कि , 'जितनी चादर है उतना ही पैर पसारो' । ये बहुत अच्छा कथन है, लेकिन इसे हमें थोड़ा सा बदलना होगा क्योंकि हम हमेशा जितना खर्च है उतना कर लो और उसके बाद जो बचा वो बचत। इससे समस्या ये होती है कि जरूरत से अधिक खर्च भी हो जाता है और बचत कम रह जाती है। इसे थोड़ा सा बदलने की जरूरत है और कमाई के बाद एक निश्चित बचत और उसके बाद जितना बचा उसे खर्च करना चाहिए। ये बजट आसानी से बन सकता है कि महीने में कितनी बचत की जा सकती है।

### बचत और निवेश का अंतर न समझना

मान लीजिए आप हर महीने की आय में से कुछ पैसे बचा लेते हैं, लेकिन क्या इन पैसों को बचाने से सिर्फ काम हो जाता है? जी नहीं, बचत और निवेश में काफी अंतर है जिसे समझने की जरूरत है। पैसे ड्रॉअर में पड़े रहें या फिर वो बैंक के सेविंग्स अकाउंट में रखा है तो उससे हमारे भविष्य के लिए कोई फायदा हो रहा है? बिलकुल नहीं। तन्वी जी का कहना है कि उनके पास बहुत से लोग आते हैं और वो यहीं मात खा जाते हैं। उन्हें निवेश इस बारे में सोचकर करना चाहिए कि भविष्य में ये कितना रिटर्न देगा।

### अपनी बचत और निवेश को ऑटोमैटिक मोड पर नहीं डालना

बैंक की आरडी या एफडी जिसका ऑटोमैटिक पैसा कटता है वो ज्यादा सही है। भले ही बचत और निवेश का कोई भी मोड हो पैसा ऑटोमैटिक हर महीने कटना चाहिए। कारण ये है कि अगर बचत हर वक्त नहीं होगी तो हम उस कमाई को खर्च करने के लिए उत्सुक रहेंगे। अकाउंट में या जेब में ज्यादा पैसा होने का मतलब है कि उसे खर्च करने का लालच भी बढ़ जाएगा। अगर सैलरी आते ही एक अच्छे फाइनेंशियल एक्सपर्ट की मदद से पैसे निवेश कर देंगे तो हमारा भविष्य सुरक्षित होगा।



### अपने पैसे को अलग–अलग जगह न निवेश करना


पैसा है आपके पास तो क्या हर बार वो एक ही तरह से निवेश किया जाएगा? कई लोग सिर्फ FD बनाते रहते हैं, कुछ को पोस्ट ऑफिस की NSC अच्छी लगती है, लेकिन इसका सीधा सा मतलब ये होता है कि पैसे के साथ कोई एक्सपेरिमेंट नहीं किया जाता। कारण ये है कि अगर एक ही तरह से पैसा निवेश होगा तो खतरे की स्थिति में एक ही साथ उसके खर्च होने या फिर डूब जाने की गुंजाइश भी होती है।

### फाइनेंशियल भाषा से डरना और रिस्क न लेना

इंसान का दिमाग जो चीज समझ नहीं पाता वो उससे हमेशा डरता रहता है और ये बहुत आम घटना है कि लोग खुद को फाइनेंशियल भाषा सिखा नहीं पाते। ऐसे में उन्हें जानकारी न के बराबर रहती है। होता ये है कि ऐसी स्थिति में निवेश के समय हम बहुत ज्यादा सोच विचार में लग जाते हैं और कई बार डर के कारण रिस्क नहीं ले पाते। इससे बाद में नुकसान होने की गुंजाइश है।

### कर्ज को न समझना

बहुत से लोगों के पास होम लोन होता है, कार का लोन होता है, क्रेडिट कार्ड से खर्च होता है। अर्थव्यवस्था में कर्ज की दरें लगातार बढ़ती और घटती रहती है। ऐसे में हमारे कर्ज पर भी असर पड़ता है। किसी भी तरह के लोन को हमेशा फाइनेंशियल एक्सपर्ट से हर साल रिव्यू करवाना चाहिए। क्या पता ब्याज की दर इससे कम हो सके। इसी तरह से क्रेडिट कार्ड सबसे महंगा तरीका है ऐसे में कई बार वो बहुत महंगा पड़ जाता है। कोशिश करें कि हर वक्त क्रेडिट कार्ड निकालने से बचें।



# अपनी पसंद और फिटिंग के मुताबिक खरीदें ट्रैंडी जींस

**जींस एक ऐसी कॉमन ड्रैस है, जो हर लड़की के वार्डरोब में जरूर मौजूद होती है। बाजार में कई स्टाइलिश जींस आ चुकी हैं, जिन्हें आप अपनी पसंद और फिटिंग के मुताबिक खरीद सकती हैं। जींस खरीदने से पहले आपको यह जानना जरूरी हैं कि आजकल किस पैटर्न की जींस का चलन ज्यादा है। आज हम आपको जींस की इन्हीं वैरायटी के बारे में बता रहे हैं जिनके बारे में जानकर आपको अपनी पसंद की जींस खरीदने में आसानी होगी.**

### रिप्ड जींस

रिप्ड जींस एक दशक से फैशन ट्रैंड में बनी हुई है। कॉमन यंग गर्ल्स से लेकर बॉलीवुड एक्ट्रैस सभी में इसका क्रेज है। शायद ही कोई लड़की होगी जिसके वार्डरोब में रिप्ड जींस न हो। एक दशक पहले ट्रैंड में आई ये जींस आज भी लड़कियों की पहली पसंद बनी हुई है। इसमें जींस के कई हिस्से में कुछ स्लिट्स या कट्स बने होते हैं। कॉमन लैंग्वेज में इसे फटी जींस भी कहते हैं। अगर आपके पास कोई पुरानी जींस है, जिसे आप नहीं पहनतीं तो उसे ब्लेड से कट करके रिप्ड जींस का लुक दें सकती हैं। रिप्ड जींस को आप लॉन्ग कुर्ती या फिर किसी भी टॉप के साथ वियर कर सकती हैं। ये आपको कूल और स्टाइलिश लुक देगी।

### बैगी जींस

बैगी जींस अपने लूज साइज की वजह से काफी कंफर्टेबल होती है। दो से तीन दशक पहले इस पैटर्न की जींस का काफी चलन था। एक बार फिर से इसका ट्रैंड लौट आया है। यही वजह है कि सैलेब्स में भी ये जींस काफी पॉपुलर है। ट्रैवलिंग के दौरान या कहीं आने–जाने के लिए एक्ट्रैस इसे कैरी किए नजर आती रही हैं।

### पैच वर्क जींस

इन दिनों पैच वर्क जींस भी काफी पॉपुलर हैं। यंग गर्ल्स से लेकर सैलेब्स इसे पहने नजर आती रहती हैं। ये जींस अलग–अलग रंग के जींस के चौकोर टुकड़ों को एक साथ पैच करके बनाई जाती है, जो देखने में काफी युनीक और कूल लगती हैं।

### बेल बॉटम जींस

पुराने जमाने में आपने हीरो–हीरोइन को फिल्मों में नीचे से खुली पैंट या जींस पहने देखा होगा। इस स्टाइल को बेल बॉटम स्टाइल कहते हैं। आजकल बेल बॉटम जींस का फैशन फिर से लौट आया है। ये जींस काफी कंफर्टेबल होती हैं। यंग गर्ल्स से लेकर वर्किंग वुमन बेल बॉटम जींस पहनना पसंद कर रही हैं।

### स्किन फिट जींस

इसके नाम से ही क्लियर है कि ये जींस कैसी होगा। ये पूरी तरह स्किन टाइट होती है। ज्यादातर लड़कियां स्किन फिट जींस पहनना पसंद करती हैं, लेकिन अगर कंफर्ट की बात करें तो ये उतनी आरामदायक नहीं होती। तब भी इस जींस का क्रेज लड़कियों में बना हुआ है। इसे आप अपनी मनपसंद कुर्ती या फिर टॉप के साथ कैरी कर सकती हैं।





# व्यक्तिगत रिश्ते बनाएं ताकि काम एवं जीवन में सहजता आए

**आज आप जितना कर सकती हैं, उससे अधिक करने की कोशिश न करें। अपनी गतिविधियों की छंटनी शुरू कर दीजिए और फिर अपनी कार्य-सूची पर पुनर्विचार कीजिए। जो चीजें बेकार एवं महत्वहीन हैं, उन्हें बाहर कर दीजिए। आप जो भी कर सकती हैं या करना चाहती हैं, उन तमाम चीजों को एक ही दिन में करने का प्रयास न करें। सबसे जरूरी चीज पर नजर रखें एवं प्राथमिकता के आधार पर उन्हें करें।**

### एक समय में एक ही काम

अपना समय केवल उन्हीं चीजों पर खर्च करें, जो आपके लिए महत्वपूर्ण हो। दो या उससे अधिक काम एक साथ करने से तौबा करें, तब भी जब चीजें आसान लगती हों या लगता हो कि आप कर लेंगी। जब आप एक से अधिक काम एक ही बार में करती हैं तो आपका ध्यान बंट जाता है। आप एकाग्रता खो देती हैं, जो कि बेहतर प्रदर्शन के लिए जरूरी है।

### कुछ उदाहरण

यदि आप एक साथ खाती एवं पढ़ती हैं तो आपका कुछ ध्यान पढ़ने पर और कुछ खाने पर होता है। आप कोई भी चीज ढंग से नहीं कर पाती हैं। जब आप टहलती हैं तो टहलें, जब आप बैठती हैं तो बैठें। भटकें नहीं। जब ड्राइव करें तो पूरा ध्यान रोप पर रखें। काफी ऊंची आवाज में संगीत सुनना या चालक एवं यात्री के बीच की बातचीत कई सड़क हादसों का कारण होती है। यदि आप यात्री हैं तो चालक को गाड़ी चलानें दें न कि उससे बातचीत करें।

### पांच गुण होना महत्वपूर्ण

किसी भी स्त्री या पुरुष में पांच गुण होना चाहिए। वे हैं– शिष्टाचार, उदारता, लगन, संकल्प एवं दया भाव। शिष्टाचार से आप बेइज्जती को अनदेखा कर सकती हैं, उदारता से सबको जीत सकती हैं। लगन से लोग आप पर विश्वास करेंगे और संकल्प एवं दया भाव से सफलता प्राप्त कर सकती हैं।अच्छी संगत, अच्छी किताबें एवं प्रार्थना– ये तीन चीजें किसी मनुष्य को तीनों लोकों का सम्राट बनाती हैं।

### सफलता नैसर्गिक नहीं होती

सफलता प्राप्त करने की प्रक्रिया नैसर्गिक नहीं है। सफलता हमें विरासत में नहीं मिलती। इसे हम अपने प्रयासों से पैदा करते हैं। यह हमारे कठिन परिश्रम एवं क्रियाओं की पुनरावृत्ति का काल होता है। संघर्ष जीवन है और जीवन की क्रियाएं ही इसे कर सकती हैं। हमें केवल सपने देखने वाला नहीं बल्कि आगे बढ़कर उसे करने वाला बनना चाहिए।

### सेमिनारों में कुछ नहीं

हम समय–समय पर प्रेरित करने वाले लोगों से मिलते रहते हैं या सेमिनारों में ऐसे भाषण सुनते रहते हैं। इस प्रकार के पारस्परिक क्रिया से हमें अपने तरीकों को सुधारने एवं काम करने की शैली की और बेहतर करने के उपाय मिलते हैं। हम उनको अपनाते हैं और महसूस करते हैं कि अपने आप को और बेहतर करें एवं जीवन में बदलाव लाने का रहस्य पा लिया है। यह पूरी गहमागहमी दो–चार दिनों में खत्म हो जाती है और हम फिर वहीं होते हैं जहां हम थे।

### ऊर्जा, समय व पैसे बचायें

याद रखिये सेमिनार एवं कार्यशाला में भाग लेना समय, ऊर्जा और पैसे की बर्बादी है, यदि हम उन चीजों को नहीं अपनाते, जो वे हम तक पहुंचाना चाहते हैं। यदि आपको कोई बेहतरीन आइडिया मिलता है तो आप अपने आप से पूछिए कि आप इससे क्या करने जा रहे हैं और आप इसे कैसे करेंगे। सभी बातों को लिखिए और फिर निर्णय लीजिए कि आप क्या करने जा रहे हैं। किन उपायों को लागू करना है, उन्हें प्राथमिकता दी जानी चाहिए और सब कुछ करने के लिए समय सीमा तय करनी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### टाइटैनिक फेम दिग्गज अभिनेता बर्नार्ड हिल का निधन

**लॉस एंजिलिस , एजेंसी।** मशहूर हॉलीवुड फिल्म टाइटैनिक में कप्तान का किरदार निभाने वाले अभिनेता बर्नार्ड हिल का रविवार सुबह निधन हो गया। वह 79वर्ष के थे। अभिनेता के करीबी लोऊ कुल्सन ने यह जानकारी दी। हिल ने 'टाइटैनिक में कैप्टन एडवर्ड स्मिथ की भूमिका निभाई थी। फिल्म ने 11 अकादमी पुरस्कार जीते थे। बारबरा डिक्सन ने एक्स पर एक पोस्ट साझा किया और कैप्शन में लिखा, बहुत दुख के साथ बर्नार्ड हिल के निधन की खबर साझा कर रहा हूं। हमने जॉन पॉल जॉर्ज रिंगो और बर्ट, विली रसेल के अद्भुत शो 1974-1975 में एक साथ काम किया था। सचमुच एक अद्भुत अभिनेता। आरआईपी बर्नार्ड हिल। प्रसिद्ध अभिनेता की मृत्यु पर शोक व्यक्त करने के लिए प्रशंसकों ने टिप्पणी अनुभाग का सहारा लिया।

### कराची में फिर बढ़े दूध के दाम

**कराची , एजेंसी।** वित्तीय संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के कराची में अब दूध 210 रुपये (पाकिस्तानी) प्रति लीटर पर बिकने लगा है। एआरवाई न्यूज के अनुसार, कराची आयुक्त ने डेयरी फार्मर्स एसोसिएशन की मांग मानते हुए कीमतों में 10 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की है। इससे पहले दूध के दाम में 50 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि किए जाने का अनुमान था। पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे लोगों पर इस कीमत वृद्धि की मार पड़ी है। डेयरी फार्मर्स कराची के अध्यक्ष मुबाशर कादीर अब्बासी के अनुसार, कराची के लोगों के लिए जल्दी ही 50 रुपये की वृद्धि होने का अनुमान है। अब्बासी ने दुग्ध उत्पादन खर्च बढ़ जाने का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की उदासीनता इस वृद्धि के लिए जिम्मेदार कारक है। उन्होंने कहा कि यदि अधिकारियों ने 10 मई तक वृद्धि की घोषणा नहीं की तो उस स्थिति में भागीदार मामले को अपने हाथों में ले लेंगे और सहमति के बाद कीमत बढ़ाएंगे।

### पर्थ में नाबागिल ने शख्स को मारा चाकू, पुलिस ने हमलावर को किया ढेर

**मेलबर्न , एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में एक शख्स को चाकू मारने वाले 16 वर्षीय किशोर को पुलिस ने मार गिराया। यह घटना शनिवार रात विलेटन में एक हार्डवेयर स्टोर की पार्किंग में हुई। किशोर ने शख्स पर चाकू से हमला बोला और पुलिस अधिकारियों की ओर हमला करने के लिए बढ़ा। घायल 30 वर्षीय शख्स की पीठ पर चाकू से वार किया गया था। उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। ऐसे संकेत हैं कि किशोर कट्टरपंथी था। पश्चिमी ऑस्ट्रेलियाई पुलिस आयुक्त कर्नल ब्लैंच ने कहा कि रात 10 बजे के आसपास पुलिस को आपातकालीन फोन कॉल आया। एक किशोर ने कहा कि वह हिंसा की वारदातें करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि मैं यह नहीं कहना चाहता कि उसे कट्टरपंथी बना दिया गया, क्योंकि मुझे लगता है कि यह जांच का हिस्सा है। ब्लैंच ने कहा कि स्थानीय मुस्लिम समुदाय के सदस्यों ने शनिवार को मारे जाने से पहले लड़के के व्यवहार के बारे में पुलिस के सामने चिंता जताई थी। वहीं, सिडनी में 15 अप्रैल को 16 वर्षीय किशोर की ओर से चर्च में बिशप पर किए गए हमले की जांच जारी है। उस लड़के पर आतंकवादी कृत्य का आरोप लगा है। उसके छह कथित सहयोगियों पर भी आतंकवादी कृत्य में शामिल होने या साजिश रचने सहित कई अपराधों का आरोप है। सभी हिरासत में हैं।

### लॉस एंजिलिस में गोलीबारी में सात लोग घायल

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस क्षेत्र में हुई गोलीबारी में सात लोग घायल हो गए, जिनमें से चार की हालत गंभीर बताई जाती है। पुलिस विभाग ने सोशल मीडिया पर पोस्ट एक बयान में कहा कि लांग बीच के अधिकारियों को शनिवार रात करीब 11:15 बजे साउथ स्ट्रीट-पैरामाउंट बुलेवार्ड क्षेत्र में गोलीबारी होने की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस ने कहा कि कम से कम सात लोग गोली लगने से घायल हो गए, जिन्हें क्षेत्रीय अस्पतालों में ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि इनमें चार लोगों की हालत गंभीर बताई जाती है। इसने कहा कि अधिकारियों के पहुंचने से पहले संदिग्ध भाग गए।

# मीडिया पेशेवरों के लिए चीन दुनिया के 10 सबसे खतरनाक देशों में शामिल

**बीजिंग, एजेंसी।**
मीडिया पेशेवरों के लिए चीन दुनिया के 10 सबसे खतरनाक देशों में से एक है। यह दावा किया वॉयस ऑफ अमेरिका की 2024 की रैंकिंग रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक मीडिया निगरानी संस्था रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (आरएसएफ) ने कहा कि एशिया में प्रेस की स्वतंत्रता में गिरावट जारी है, 31 में से 26 देश इसके वार्षिक सूचकांक पर गिर रहे हैं। समूह के नवीनतम प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक के अनुसार, पत्रकारिता के अभ्यास के लिए एशिया दूसरा सबसे कठिन क्षेत्र है। वीओए ने बताया कथित तौर पर इस क्षेत्र के पांच देश म्यांमार, चीन, उत्तर कोरिया और वियतनाम 2024 रैंकिंग में मीडिया पेशेवरों के लिए दुनिया के 10 सबसे खतरनाक देशों में से हैं। इसके अलावा, एशिया-प्रशांत क्षेत्र का कोई भी देश प्रेस



की स्वतंत्रता के मामले में शीर्ष 15 रैंकिंग में नहीं है।

दुनिया की शेष तीन कम्युनिस्ट सरकारें, चीन, उत्तर कोरिया और वियतनाम, लंबे समय से आरएसएफ की 180 देशों की प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक रैंकिंग में सबसे नीचे हैं। इस साल चीन 172वें, वियतनाम 174वें और उत्तर कोरिया 177वें स्थान पर है। कुल मिलाकर, इन देशों और क्षेत्रों में हाल के वर्षों में प्रेस की स्वतंत्रता में गिरावट देखी गई है, जिससे पूर्वी एशिया मीडिया के संचालन के लिए एक कठिन स्थान बन गया है। इसके अतिरिक्त, हांगकांग कभी एशिया क्षेत्र में प्रेस की स्वतंत्रता के लिए एक मॉडल था, लेकिन हाल ही में राजनीतिक अशांति और मीडिया की स्वतंत्रता को प्रभावित करने वाले नए कानूनों के बाद शहर की रैंकिंग 80 से गिरकर 148 हो गई है। 2020 में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू करने के बीजिंग के कदम के बाद से, कम से कम एक दर्जन मीडिया आउटलेट बंद हो गए हैं।

, बीजिंग ने कहा कि 2019 में बड़े पैमाने पर राजनीतिक अशांति के बाद शहर को स्थिर करने के लिए कानून आवश्यक हो गया है।

आरएसएफ के एक वकालत अधिकारी अलेक्जेंड्रा बिलाकोव्स्का ने इस बात पर जोर दिया कि हांगकांग की मीडिया स्वतंत्रता में अभी भी सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, हांगकांग के लिए सबसे खराब स्थिति राजनीतिक और कानूनी कारक हैं।

## अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में हिटलर की एंट्री, ट्रम्प ने बाइडन पर लगा दिए गंभीर आरोप

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव को लेकर उम्मीदवारों में बयानबाजी तेज हो गई है। इसी क्रम में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का एक बयान सामने आया है, जिसमें उन्होंने वर्तमान राष्ट्रपति पर गंभीर आरोप लगाया है। ट्रम्प ने आरोप जो बाइडन की रणनीति की तुलना हिटलर के गेस्टापो से करते हुए आरोप लगाया कि डेमोक्रेटिक उत्तराधिकारी ने उनके खिलाफ अमेरिकी न्याय प्रणाली को हथियार बना लिया है। एक दानकर्ता द्वारा अमेरिकी मीडिया को उपलब्ध कराई गई रिकॉर्डिंग के अनुसार, रिपब्लिकन 2024 के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ने फ्लोरिडा में अपने मार-ए-लागो रिसॉर्ट में पार्टी के शीर्ष नेताओं और धनी दानदाताओं के साथ शनिवार को एक निजी बैठक के दौरान यह टिप्पणी की। गेस्टापो टिप्पणी ट्रम्प की कई अन्य विवादित टिप्पणियों के बाद आई है। आलोचकों ने इसे खतरनाक और भड़काऊ कहा है। ट्रम्प पहले भी राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को कीड़े और अप्रवासियों की तुलना जानवरों से कर चुके हैं। पोलिटिको के अनुसार, मार-ए-लागो में उनकी टिप्पणियों पर वहां बैठे लोगों ने जोरदार तालियां बजाईं, जिसमें कई संभावित उप राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार भी शामिल थे। उन्होंने उन अभियोजकों पर फिर से हमला बोला, जिन्होंने उनके खिलाफ चार अलग-अलग अदालती मामले लाए हैं, जिनमें अब न्यूयॉर्क में चल रहा हश मनी केस भी शामिल है।

## पुतिन ने नए कार्यकाल की मंगलवार को होगी शुरुआत, रूस पर टिकीं दुनिया की नजरें



**मास्को , एजेंसी।**
रूस के नेता के रूप में व्लादिमीर पुतिन मंगलवार को असाधारण शक्ति वाले राष्ट्रपति के रूप में एक और छह साल का कार्यकाल शुरू करेंगे। पुतिन अगले कार्यकाल में क्या करेंगे, इस पर देश और विदेश दोनों की नजर है।

सिरैक्यूज विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और द कोड आफ पुतिनिज्म के लेखक ब्रायन टेलर ने कहा कि यूक्रेन में युद्ध उनकी वर्तमान राजनीतिक परियोजना के केंद्र में है और मुझे ऐसा कुछ नहीं दिख रहा है, जिससे लगे कि इसमें बदलाव आएगा। यह बाकी सब चीजों को प्रभावित करता है। जैसे कौन से संसाधन उपलब्ध हैं।

उन्होंने कहा कि यदि युद्ध किसी भी पक्ष की पूर्ण हार से कम में समाप्त होता है और रूस पहले से कब्जा किए कुछ क्षेत्रों को बरकरार रखता है, तो यूरोपीय देशों को डर है कि पुतिन को बाल्टिक या पोलैंड में सैन्य कार्रवाई के लिए प्रोत्साहित करेगा। यह संभव है कि पुतिन कहीं और नया हमला करने की कोशिश करें। यह भी संभावना है कि उनकी महत्वाकांक्षाएं रूस द्वारा भारी कीमत पर जीत से आगे न बढ़े।

## कनाडा से पलायन कर रहे हैं उसके अपने ही नागरिक, देश छोड़ने वालों पर पैनल्टी लगा सकती है ट्रूडो सरकार



**ओटावा , एजेंसी।**
कनाडा में रहन-सहन इतना महंगा हो चला है कि इसके अपने ही नागरिक अब देश छोड़कर विदेशों में बसने लगे हैं। बढ़ती हुई आवासीय परिसरों की कीमतें लोगों को दूसरे देशों में जाने के लिए मजबूर कर रही हैं। एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि कनाडा सरकार को नए नागरिकों को बसाने के लिए भी संघर्ष कर रहा है। एक हालिया अध्ययन में कहा गया है कि कनाडा में 2017 और 2019 के बीच प्रवासन पर आए लोगों द्वारा देश छोड़ने वालों में 31 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। एक अन्य रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से यह भी कहा गया है कि अपने नागरिकों के पलायन को रोकने के लिए जस्टिन ट्रूडो सरकार महत्वपूर्ण उपायों पर चर्चा कर रही है। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार देश छोड़कर जाने वाले लोगों पर सरकार 25,000 डॉलर की पैनल्टी लगा सकती है।

अध्ययन के मुताबिक आवासीय सुविधाओं की भारी भरकम कीमत कई कनाडाई लोगों को बेहतर काम के लिए विदेशों में जाने के लिए प्रेरित कर रही है। मैकगिल इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ कनाडा किए गए इस अध्ययन में कहा गया है कि कनाडा में आगमन के चार से सात साल के बाद कई कनाडाई लोगों द्वारा देश छोड़ने का निर्णय लेने का प्राथमिक कारण रोजगार के अवसर भी थे। लोगों को आर्थिक तौर पर मजबूत होने के लिए पर्याप्त अवसर नहीं मिल पा रहे थे। यही वजह है कि उन्होंने दूसरे देशों की ओर रुख करना शुरू कर दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कनाडा सरकार के विदेशी डिग्रियों को मान्यता देने के पेचीदा नियमों के कारण अप्रवासियों को उनके चुने हुए क्षेत्रों में नौकरी खोजने और अपने नए देश में अपना करियर बनाने में बाधा उत्पन्न करते हैं। अध्ययन में कहा गया है कि जो लोग कनाडा छोड़कर चले गए, उनमें से आधों ने अपने कनाडाई माता-पिता के माध्यम से अपनी नागरिकता हासिल की थी, जबकि एक तिहाई का जन्म कनाडा में ही हुआ था। कनाडा में जन्मे नागरिक विदेश में रहने के लिए जिन अन्य कारणों का हवाला देते हैं उनमें नौकरी और अध्ययन के अवसरों के साथ-साथ यात्रा भी शामिल है। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि विदेशों में प्रवासी कनाडाई लोगों के साथ जुड़ना सरकार के लिए कम प्राथमिकता रही है। विदेशों में रहने वाले अधिकांश कनाडाई संयुक्त राज्य अमरीका, हांगकांग और यूनाइटेड किंगडम में रहते हैं। सांख्यिकी कनाडा के एक अलग अध्ययन का अनुमान है कि 2016 में लगभग 4 मिलियन कनाडाई नागरिक विदेश में रह रहे थे, जो आबादी का लगभग 11 प्रतिशत या नौ में से एक कनाडाई नागरिक होगा। अध्ययन में पाया गया कि विदेश में रहने वाले कनाडाई लोगों की औसत आयु 46.2 है।

## आपके पास कुछ घंटे है, नहीं तो हर जगह खून बिखरेगा, बम की धमकी भरे ई-मेल्स से अमेरिका में मचा हड़कंप

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।** अमेरिका के न्यू यॉर्क शहर में धमकी भरे 20 ई-मेल्स से हड़कंप मच गया है। शनिवार, 4 मई को 20 से अधिक ई-मेल्स के जरिए यहूदियों के दो दर्जन से अधिक पूजा वाले जमघटों और संस्थानों में बम होने की सूचना दी गई। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, भेजे गए ईमेल में लिखा है कि, नमस्कार, अगर आप इस ईमेल को पढ़ रहे हैं तो आपको यह सूचना मिल जाएगी कि मैंने आपकी इमारत के अंदर एक बम रखा है। यह कोई धमकी नहीं है। मैंने आपकी बिल्डिंग में बम रखा है, आपके पास उसे निष्क्रिय करने के लिए कुछ घंटे हैं, नहीं तो हर जगह खून बिखरेगा।

### टेरराइजर्स 111 समूह, कहां-कहां भेजे गए मेल्स

धमकी भरा यह मेल भेजने वालों ने खुद को टेरराइजर्स 111 समूह का बताया है। बम 14 मैनहट्टन आराधनालयों और यहूदी केंद्रों में रखे होने की सूचना दी गई। वहीं, ब्रुकलिन में दो, और क्वींस में पांच बम होने की सूचना मिली। साथ ही दो और ऊपरी मंदिर और एक लांग आईलैंड पर बम होने की जानकारी दी गई।

बता दें कि न्यूयॉर्क लैंडमार्क्स कंजरवेंसी को भी इसी तरह की धमकी मिली थी। हालांकि, न्यूयॉर्क के अधिकारियों ने बम की मिली धमकियों को निराधार बताया हैं। जांचकर्ता अब यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि इन्हें किसने भेजा है।

### हमास-इजरायल को लेकर अमेरिका में प्रदर्शन

बता दें कि ये धमकियां ऐसे समय में आई हैं जब पांच शहरों और अन्य स्थानों में यहूदी विरोधी भावना बढ़ी है।हमास-इजरायल संघर्ष के बीच सैकड़ों फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने पूरे अमेरिका में कॉलेज परिसरों में इजरायल विरोधी शिविर स्थापित किए हैं।

अमेरिकी सीनेटर चक शूमर और प्रतिनिधि जेरी नाडलर ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्होंने जांच के बारे में एफबीआई से बात की है। सीबीएस न्यूज के अनुसार, शूमर ने कहा, एफबीआई से हर संभव प्रयास करने को कहा है कि यह किसने किया।

गवर्नर कैथी होचुल ने सोशल मीडिया ङ्क (पूर्व में ट्विटर) में लिखा, हम न्यूयॉर्क में सभास्थलों पर कई बम खतरों की सक्रिय रूप से निगरानी कर रहे हैं। यह निर्धारित किया गया है कि धमकियां विश्वसनीय नहीं होंगी, लेकिन हम डर और यहूदी विरोधी भावना फैलाने वाले व्यक्तियों को बर्दाश्त नहीं करेंगे। जिम्मेदार लोगों को उनके घृणित कार्यों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

## गाजा में युद्ध खत्म नहीं करेगा इजरायल, नेतन्याहू ने कहा- हम किसी भी शर्तों को नहीं मानेंगे

**काहिरा , एजेंसी।**
गाजा में युद्धविराम पर दबाव बनाने वाली चालों के बीच इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ कर दिया है कि गाजा में युद्ध खत्म करने, सेना की वापसी और हमास को वहां की सत्ता में बनाए रखने की शर्तों को इजरायल नहीं मानेगा।

उन्होंने कहा, इजरायल के सुरक्षित भविष्य के लिए हमास की सैन्य क्षमता का खात्मा जरूरी है। इजरायल सात अक्टूबर, 2023 को लिए गए संकल्प से पीछे नहीं हटेगा। इस बीच इजरायल ने कतर के न्यूज चैनल अल-जजीरा की देश में गतिविधियों पर रोक लगा दी है और यरुशलम स्थित उसके कार्यालय की तलाशी ली है। न्यूज चैनल को गाजा युद्ध की गलत रिपोर्टिंग का जिम्मेदार माना गया है। बंधकों की रिहाई के लिए अस्थायी युद्धविराम के लिए तैयार

नेतन्याहू ने कहा, बंधकों की रिहाई के लिए इजरायल गाजा में अस्थायी युद्धविराम के लिए



तैयार है। बदले में वह फलस्तीनी कैदियों को भी रिहा करेगा। इजरायल से इससे ज्यादा की अपेक्षा नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने इजरायली बंधकों की संख्या 130 से ज्यादा होने की संभावना जताई है।

इजरायली प्रधानमंत्री के बयान के बाद हमास प्रमुख इस्माइल हानिया ने कहा, उनका संगठन गाजा में स्थायी युद्धविराम स्वीकार करने के लिए तैयार है। इसके बाद फलस्तीनी कैदियों के बदले में इजरायली बंधकों को रिहा कर दिया जाएगा। हानिया ने नेतन्याहू पर आरोप लगाया कि वह गाजा पर हमले जारी रखना और लड़ाई का क्षेत्र बढ़ाना चाहते हैं। विदित हो कि सात अक्टूबर से जारी इजरायली हमले में गाजा में अभी तक लगभग 35 हजार फलस्तीनी मारे गए हैं। बंधकों की रिहाई पर वार्ता सफल न होने पर इजरायल 14 लाख बेघरों की रिहायश वाले रफाह पर जमीनी कार्रवाई के लिए तैयार है। इस सैन्य कार्रवाई में भारी खूनखराबे की आशंका है। मिस्त्र की राजधानी काहिरा में अमेरिकी खुफिया संगठन सीआईए के प्रमुख विलियम बर्न्स, इजरायली अधिकारी और हमास का प्रतिनिधिमंडल युद्धविराम पर वार्ता के लिए मौजूद है। हमास के प्रतिनिधिमंडल ने कहा है कि अगर नेतन्याहू सोच बदलना नहीं चाहते हैं तो वार्ता को जारी रखने की कोई वजह नहीं है। जबकि इजरायली रक्षा मंत्री योएव गैलेंट ने कहा है कि हमास युद्धविराम को लेकर गंभीर नहीं है।

## चमत्कार ! ईरान में अचानक आसमान से होने लगी मछलियों की बारिश

**तेहरान , एजेंसी।**
ईरान में आसमान से अचानक मछलियों की बारिश होने से लोग हक्के-बक्के रह गए। इस अजीबोगरीब घटना से लोग हैरान हैं। यहां तूफान के दौरान आसमान से मछलियां गिरने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि ये एक असामान्य घटना है, जिसे एनिमल रेन या फ़ॉलिंग एनिमल्स भी कहा जाता है। ऐसा तब होता है जब एक बवंडर पानी की सतह से गुज़रता है और इसकी शक्ति मेंढक, केकड़े या छोटी मछलियों को ऊपर उठा लेती है और उन्हें काफ़ी ऊँचाई तक ले जाती है। फिर ये बवंडर इन समुद्री जीवों को दूर तक ले जाता है और वो बारिश के साथ गिरने लगते हैं। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि जमीन पर मछलियाँ बिखरी पड़ी हैं।लोग उन्हें हैरानी से देख रहे हैं और कुछ तो उन्हें उठाकर अपने साथ भी ले जा रहे हैं। इस अद्भुत बारिश को सबको आश्चर्यचकित कर दिया है। इस वीडियो को देखकर सोशल मीडिया पर लोग तरह-तरह की प्रतिक्रियाएँ दे रहे हैं। कुछ लोग इसे प्रकृति का चमत्कार बता रहे हैं, तो कुछ इसे जलवायु परिवर्तन का असर मान रहे हैं। कुछ लोग तो मजाक में कह रहे हैं कि अब तो मछली पकड़ने के लिए समुद्र में जाने की ज़रूरत नहीं पड़ेगी, बस आसमान की तरफ़ देखना होगा। ऐसा नहीं है कि एनिमल रेन की घटना पहली बार हुई है। दुनिया के कई हिस्सों में पहले भी ऐसी घटनाएँ हो चुकी हैं। आस्ट्रेलिया में भी मछलियों और केकड़ों की बारिश हो चुकी है। कहीं मेंढक बरसे हैं तो कभी मछलियाँ. ये घटनाएँ भले ही दुर्लभ हों, लेकिन ये प्रकृति की अद्भुत शक्ति का एक उदाहरण हैं।



## लंदन का रेलवे स्टेशन है बेहद खतरनाक

**लंदन , एजेंसी।** वैसे तो दुनिया के कई देशों के रेलवे स्टेशनों की खामियों की खबरें और वीडियो सामने आते रहते हैं लेकिन इस बार ब्रिटेन का एक रेलवे स्टेशन अपनी बड़ी खामी की वजह से चर्चा का विषय बना हुआ है। यह है लंदन का एलिजाबेथ लाइन रेलवे स्टेशन, जहां ट्रेन में यात्रा करते समय हमेशा कहा जाता है कि माइंड द गैप यानि अंतर का ध्यान रखें ! माइंड द गैप आम तौर पर वहां लिखा जाता है जहां कोई गैप होता है, और आपको उक्त गैप के प्रति सचेत रहने के लिए प्रोत्साहित करता है, कहीं ऐसा न हो कि आप उसमें फंस जाएं। एलिजाबेथ लाइन जो लंदन के व्यापक परिवहन नेटवर्क में नवीनतम वृद्धि का एक हिस्सा है, में ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच का अंतर बहुत अधिक और खतरनाक है और इस गैप की वजह से यहां लोग अक्सर हादसे का शिकार हो जाते हैं।

एलिजाबेथ लाइन पर माइंड द गैप ते खतरे को लेकर एक वीडियो भी शेयर किया गया है। वायरल हो रहे इस वीडियो में इस स्टेशन से यात्रा करने वाला शख्स एरिक लीच अपना अनुभव सांझा करते हुए कह रहा है कि ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच ये गैप वाकई बहुत खतरनाक है। एलिजाबेथ लाइन से सफर दौरान अपने बेहद डरावने अनुभव के बारे में बात करके हुए एरिक ने बताया कि एक बार ट्रेन से उतरते समय इस गैप की वजह से उनका ऐसा संतुलन बिगड़ा कि वह बुरी तरह घुटनों के बल गिर गए जिससे उनका पैर टूट गया।

# जरूरतों के साथ वित्तीय लक्ष्यों की बनाएं सूची, सपनों को हकीकत में बदलने के लिए प्लानिंग की जरूरत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** हममें से कई लोगों को यह पता नहीं होता है कि सपनों को हकीकत में कैसे बदला जाए। इन्हें साकार करने के लिए पैसे और प्लानिंग की जरूरत होती है। इसके लिए पहला यह कि जरूरतें स्पष्ट हों, विशेष रूप से उन्हें पैसे का बहुत जुगाड़ करना है। उन्हें यह पता होना चाहिए कि कार खरीदना कितना जरूरी है या नहीं है और इसके लिए पैसे कैसे आएंगे।

उदाहरण के लिए, यह जानना बेहतर है कि 2026 में 1.2 करोड़ रुपये वाले मकान की खरीद के लिए डाउन पेमेंट के रूप में 20 लाख की जरूरत है। बाकी पैसे होम लोन से मिलेंगे। मकान की कीमत और उसे खरीदने की अवधि तय करने से सपने वित्तीय लक्ष्य में बदल जाते हैं।वित्तीय लक्ष्य आप खुद तय करते हैं, जो भविष्य की जरूरतों और एक समय सीमा से बंधे होते हैं। इसे पाने के लिए समय-सीमा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।



## कम समय के लक्ष्य जल्दी हासिल

कम समय के लक्ष्य वे होते हैं, जो कुछ माह में हासिल हो सकते हैं। जैसे कोई बड़ा गैजेट खरीदना या आपात स्थिति से निपटने के लिए पैसे अलग रखना। मध्यम लक्ष्य वे होते हैं जो कुछ साल में हासिल होते हैं। जैसे घर के लिए डाउन पेमेंट या एक साल बाद पारिवारिक छुट्टी के लिए पैसे जुटाना। लंबे समय के लक्ष्यों के लिए कुछ साल और लग जाते हैं। ये 5 साल से अधिक के होते हैं। जैसे कि रिटायरमेंट, बच्चों की शिक्षा के लिए बचत या होम लोन का भुगतान करना।

## हर महीने करते रहें एक छोटा निवेश

वित्तीय लक्ष्यों को जीवन में मील के पत्थर के रूप में सोचें। उदाहरण के तौर पर मकान का डाउन पेमेंट 2028 में 11 लाख करना है। बच्चे की शिक्षा के लिए 2035 तक 30 लाख जुटाने हैं। सेवानिवृत्त के लिए 2045 तक चार करोड़ की जरूरत है। यह मानते हुए कि 35 साल की उम्र में एक व्यक्ति की 7 साल की बेटी है और लक्ष्य महंगाई से जुड़े नहीं हैं। यह आंकड़ा एक सांकेतिक है। जरूरत इससे कम या ज्यादा भी हो सकती है। आज आपके पास वित्तीय साधन हैं जो वित्तीय लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करते हैं। खासकर यदि आप एक नियमित आय के साथ वेतन पा रहे हैं। इसमें से हर माह एक छोटा निवेश करें, ताकि बड़ी रकम का बोझ आए तो कुछ मदद मिले।

## म्यूचुअल फंड भी बेहतर तरीका

म्यूचुअल फंड में आप हर महीने कम से कम 500 रुपये से निवेश कर सकते हैं। यह नियमित, व्यवस्थित रूप से और विभिन्न फंडों में निवेश करता है। सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) म्यूचुअल फंड में निवेश करने का सरल तरीका है। यह हर माह एक तय तारीख पर यूनिट खरीदता है। इसे यह मानकर चलें कि आप हर महीने किराया या स्कूल फीस दे रहे हैं। चूंकि, आपके पास कई और वित्तीय लक्ष्य हैं तो आप सामूहिक निवेश के बजाय फंड को लक्ष्य से जोड़कर प्रत्येक लक्ष्य के लिए एक विशेष फंड में निवेश कर सकते हैं। आपको एक ही दिन में सभी लक्ष्यों के लिए धन की जरूरत नहीं पड़ती है। हर वित्तीय लक्ष्य की एक अलग समय सीमा होती है। इसका मतलब है कि आपके पास कुछ लक्ष्यों को हासिल करने के लिए कम समय है और कुछ के लिए अधिक। कुछ लक्ष्यों का मूल्य कम होता है और कुछ का अधिक। आप ऐसे फंड चुनकर इस समस्या का समाधान कर सकते हैं। रिटायरमेंट जैसे लक्ष्य के लिए 25 साल बाद 3 करोड़ रुपये की जरूरत होती है। इसके लिए मासिक 15,800 रुपये का निवेश करना होगा। यदि यही लक्ष्य 30 साल में हासिल करना है और दोनों विकल्प 12 फीसदी सालाना रिटर्न दे रहे हैं तो मासिक 8,500 रुपये ही निवेश करना होगा। म्यूचुअल फंड के जरिये आप इस लक्ष्य को पा सकते हैं।

वित्तीय लक्ष्यों को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटने से न केवल आसानी होगी, बल्कि उन तक पहुंचने में डर भी नहीं लगेगा। ऐसे कई ऑनलाइन साधन हैं जो वित्तीय लक्ष्यों की गणना करने में मदद कर सकते हैं। किसी एक दिन अपने जीवनसाथी के साथ उन पर नजर डालें, ताकि आप परिवार के वित्तीय लक्ष्यों की पहले पहचान कर सकें और उन्हें हकीकत में बदल सकें।

# अप्रैल में भारत की सेवा गतिविधियों की वृद्धि दर 14 साल में सबसे तेज, पीएमआई के आंकड़े जारी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश के सेवा क्षेत्र (सर्विस सेक्टर) की वृद्धि दर अप्रैल में थोड़ी कम रही, लेकिन इस दौरान अनुकूल आर्थिक हालात और मजबूत मांग के बीच नये कारोबार और उत्पादन की वृद्धि 14 साल में सबसे तेज रही। एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स मार्च के 61.2 से गिरकर अप्रैल में 60.8 पर आ गया। सर्वेक्षण के सदस्यों ने उत्पादन में ताजा तेजी के लिए अनुकूल आर्थिक परिस्थितियों, मांग में मजबूती और नए काम बढ़ने को जिम्मेदार बताया। परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) की भाषा में सूचकांक का 50 से ऊपर रहना विस्तार को दर्शाता है जबकि 50 से नीचे रहना संकुचन को दर्शाता है।

एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजल भंडारी ने कहा, नए ऑर्डरों में और तेजी से भारत की सेवा गतिविधियां अप्रैल में थोड़ी नरम गति से बढ़ीं। इस दौरान घरेलू मांग में तेजी के अलावा, फर्मों ने दुनिया के कई हिस्सों से नए व्यापार लाभ का उल्लेख किया। सितंबर 2014 में पीएमआई सीरीज शुरू होने के बाद से अंतरराष्ट्रीय बिक्री में दूसरी सबसे तेज वृद्धि दर्ज की गई। एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा, ''अप्रैल में भारत की सेवा गतिविधियों में थोड़ी धीमी गति से वृद्धि हुई, जिसे घरेलू मांग में उल्लेखनीय मजबूती के साथ नए ठेकों और वृद्धि का समर्थन मिला।''

घरेलू मांग में तेजी के अलावा, कंपनियों ने दुनिया के कई हिस्सों से नए कारोबारी लाभ का भी उल्लेख किया जिसने सामूहिक रूप से सितंबर 2014 में श्रृंखला शुरू होने के बाद से अंतरराष्ट्रीय बिक्री में दूसरी सबसे तेज वृद्धि को बल दिया। इस बीच, एचएसबीसी इंडिया कंपोजिट पीएमआई आउटपुट इंडेक्स अप्रैल में 61.5 रहा जो मार्च में 61.8 था। यह 14 वर्षों में दूसरे सबसे मजबूत उछाल को दर्शाता है। भंडारी ने कहा, ''समग्र गतिविधि के संदर्भ में, विनिर्माण व सेवा दोनों क्षेत्रों में कुल उत्पादन अप्रैल में उल्लेखनीय रूप से बढ़ा यद्यपि थोड़ी धीमी गति से जो इन क्षेत्रों में निरंतर बेहतरी का संकेत देता है।''

# एआई के जरिये मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकी फंडिंग पर कसेगा शिकंजा, सरकार की पूरी तैयारी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग के जरिये देश के आर्थिक चैनलों में मनी लॉन्ड्रिंग एवं आतंकी फंडिंग पर शिकंजा कसने को पूरी तरह तैयार है। ऐसी गतिविधियों की जांच के लिए वित्तीय सूचना इकाई (एफआईयू) ने एआई और मशीन लर्निंग को अपनाते हुए अपनी सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली का अत्याधुनिक 2.0 संस्करण शुरू कर दिया है। वित्त वर्ष 2022-23 की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि फिनटेक 2.0 के जरिये मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकी फंडिंग पर शिकंजा कसने में काफी मदद मिलेगी। यह बेहतर विश्लेषणात्मक क्षमताओं, डाटा गुणवत्ता में सुधार, व्यापक अनुपालन निगरानी और अत्याधुनिक सुरक्षा उपकरणों के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों से लैस है। इसकी मदद से तत्काल कार्रवाई के लिए उच्च जोखिम वाले मामलों, संस्थाओं या रिपोर्टों की आसानी से पहचान कर आतंकी फंडिंग जैसी गतिविधियों को रोका जा सकता है।

# दो साल में 10 लाख करोड़ बढ़कर 27 लाख करोड़ हुआ हाउसिंग लोन, आवासीय संपत्ति की मांग मजबूत




**नईदिल्ली, एजेंसी।** मकानों की बढ़तीं कीमतें और ब्याज दरों में तेजी के बावजूद कर्ज लेने की रफ्तार अच्छी खासी बढ़ रही है। पिछले दो साल में हाउसिंग लोन करीब 10 लाख करोड़ बढ़कर इस साल मार्च में रिकॉर्ड 27.23 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। विश्लेषकों का मानना है कि कोरोना के बाद आवासीय संपत्तियों में मजबूत सुधार से हाउसिंग लोन में जबरदस्त तेजी देखी गई है। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, मार्च, 2022 में कुल हाउसिंग लोन 17.26 लाख करोड़ था जो मार्च, 2023 में 19.88 लाख करोड़ रुपये हो गया। आंकड़ों के मुताबिक, वाणिज्यिक रियल एस्टेट में कुल उधारी 4.48 लाख करोड़ रुपये रही है जो मार्च, 2022 में 2.97 लाख करोड़ रुपये थी। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस कहते हैं कि सरकारी प्रयासों से सस्ते मकानों की मांग में तेजी आई है। साथ ही कोरोना में घर की बिक्री अच्छी खासी घटी थी और अब यह उससे ज्यादा रफ्तार से बढ़ रही है। हालांकि आने वाले समय में होम लोन की वृद्धि दर 15-20 फीसदी के बीच रह सकती है।

# सीओओ भावेश गुप्ता के इस्तीफे के बाद पेटीएम की पैतृक कंपनी के शेयरों में 5 प्रतिशत की गिरावट




**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेटीएम की पैतृक कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के सीओओ भावेश गुप्ता के इस्तीफे के बाद कंपनी के शेयरों में बड़ी गिरावट दिखी। सोमवार के कारोबारी सत्र के दौरान कंपनी के शेयरों में 5 प्रतिशत का लोअर सर्किट लगा।सोमवार के कारोबारी सत्र के दौरान कंपनी (वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड) के शेयर 5 प्रतिशत तक टूटकर 351 रुपये प्रति शेयर के भाव पर आ गए थे। यह 13 मार्च के बाद कंपनी के शेयरों का सबसे निचला स्तर है।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर सोमवार को सुबह 09.55 बजे वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के शेयर 4.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 354.40 रुपये के भाव पर कारोबार करते दिखे। पिछले 12 महीनों के दौरान कंपनी के शेयरों में 51 प्रतिशत तक की गिरावट आ चुकी है। वहीं, 2024 में ही कंपनी के शेयर अब तक 44.20 प्रतिशत तक टूट चुके हैं।

भावेश गुप्ता ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए कंपनी से इस्तीफा दिया है। उनका इस्तीफा 4 मई से प्रभावी होगी। कंपनी ने एक एक्सचेंज फाइलिंग में बताया है कि 31 मई को कारोबारी घंटे समाप्त होने के बाद गुप्ता को पदमुक्त कर दिया जाएगा। हालांकि कंपनी ने यह भी बताया है गुप्ता 31 मई के बाद भी सीईओ के दफ्तर से सलाहकार की भूमिका में जुड़े रहेंगे। इससे पहले, वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड के नॉमिनी के रूप में भी गुप्ता का नाम वापस ले लिया था। वे पेटीएम पेमेंट्स बैंक में निदेशक और बोर्ड के सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। पेटीएम के संस्थापक विजय शेखर शर्मा के बोर्ड से हटने के बाद गुप्ता नाम भी नॉमिनी के रूप में वापस ले लिया गया था।

# अरविंद लिमिटेड का चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 104.42 करोड़ रुपए




**नईदिल्ली, एजेंसी।** कपड़ा विनिर्माता कंपनी अरविंद लिमिटेड का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 7.32 प्रतिशत बढ़कर 104.42 करोड़ रुपए रहा। कंपनी का वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में शुद्ध लाभ 97.3 करोड़ रुपए रहा था। अरविंद लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में परिचालन आय 2,074.51 करोड़ रुपए रही जबकि एक वर्ष पहले इसी अवधि में यह 1,880.76 करोड़ रुपए थी।

कंपनी के निदेशक मंडल ने 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए 3.75 रुपए प्रति शेयर का अंतिम लाभांश और एक रुपए प्रति शेयर का एकमुश्त विशेष लाभांश कुल मिलाकर 10 रुपए अंकित मूल्य के प्रत्येक शेयर के लिए 4.75 रुपए का लाभांश देने की सिफारिश की है। इसके लिए आगामी वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों की मंजूरी आवश्यक होगी। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 352.63 करोड़ रुपए रहा जो वित्त वर्ष 2022-23 में 413.17 करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 2023-24 में परिचालन आय 7,737.75 करोड़ रुपए रही जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 8,382.48 करोड़ रुपए थी। अरविंद लिमिटेड के अनुसार, उसके निदेशक मंडल ने संजय लालभाई का पद चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक से बदलकर केवल चेयरमैन करने को भी मंजूरी दे दी है। पुनीत लालभाई अब वाइस चेयरमैन एवं कार्यकारी निदेशक की बजाय केवल वाइस चेयरमैन होंगे।

# हार्पिक और न्यूज18 के संयुक्त अभियान मिशन स्वच्छता और पानी ने 1400 दिनों में बदल दी लाखो लोगों की आदतें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्वच्छ शौचालय पर चर्चा अब देशभर में आम बातचीत का हिस्सा बन गई है। आम व्यवहार में यह एक महत्वपूर्ण बदलाव है, जो पहले अकल्पनीय जैसा था। हार्पिक और न्यूज 18 द्वारा संयुक्त रूप से शुरू मिशन स्वच्छता और पानी अभियान पिछले 1400 से अधिक दिनों से इस बदलाव का नेतृत्व कर रहा है। यह अपनी तरह का पहला जागरूकता अभियान है, जिसने देशभर में स्वच्छ शौचालय पर चर्चा की पहल की। इस चर्चा ने लाखों देशवासियों की आदतों को प्रभावित किया है और विभिन्न क्षेत्रों की सख्शीयतों को इसके साथ जोड़ा है। कला-संस्कृति, संगीत, कॉमेडी, शिक्षा एवं प्रौद्योगिकी की सख्शीयतों को एक मंच पर लाते हुए, हार्पिक के अभियान मिशन स्वच्छता और पानी ने अपने तीसरे संस्करण के पूरा होने का जश्न मनाया, जिसने भविष्य में इसे और आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त किया। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि ऐसे समय में हासिल हुई है,

# लिम्का ने अपना नया रोमांचक कैम्पेन ट्रेवल विथ लिम्का लॉन्च किया

## तृप्ति डिमरी बनी ब्राण्ड का नया चेहरा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोका-कोला इंडिया के घरेलू हेरिटेज ब्राण्ड लिम्का, भारत का पसंदीदा लेमनी फ्लेवर्ड ड्रिंक, ने अपना नया रोमांचक कैम्पेन ट्रेवल विथ लिम्का लॉन्च किया है। इस कैम्पेन में तृप्ति डिमरी को लिम्का गर्ल के तौर पर पेश किया गया है और इस पूरे कैम्पेन को इसआइडिया पर बनाया गया है कि एक नई दुनिया हमारे नजदीक ही हमारा इंतजार कर रही है। ट्रेवल विथ लिम्का कैम्पेन लोगों को अपने-अपने शहरों में नये-नये हॉटस्पॉट्स खोजने के लिये प्रोत्साहित करता है।

स्टूडियो एक्स द्वारा परिकल्पित यह कैम्पेन फिल्म दर्शकों को तृप्ति डिमरी के साथ एक शानदार सफर पर ले जाती है। तृप्ति एक बस में बैठकर शहर का खुशनुमा दौरा करती हैं। जब बस खड़खड़ाते हुए गलियों से गुजरती है, तब लिम्का का प्यास बुझाने वाला पहला घूंट ही तृप्ति को खुशी से भर देता है। वह रोमांचित हो जाती हैं और उनकी जिज्ञासा बढ़ने लगती है। लिम्का के तरोताजा करने वाले स्वाद से एनर्जी लेने के बाद, तृप्ति के सफर में एक रोमांचक मोड़ आता है और वह अपने शहर की आमतौर पर अनजानी, लेकिन प्यारी जगहें देखती हैं। हलचल से भरे बाजारों से लेकर स्ट्रीट स्नैक की शानदार दुकानों तक, उन्हें जबर्दस्त अनुभव मिलता है और वे उपभोक्ताओं को रिफ्रेशिंग लिम्का पीकर अपने शहर में घूमने की प्रेरणा देती हैं।

लिम्का फैमिली में शामिल होने पर अपना उत्साह दिखाते हुए, तृप्ति डिमरी ने कहा, ''मैं लिम्का से जुड़कर बहुत खुश और उत्साहित हूँ। नई-नई जगहें घूमना और विभिन्न संस्कृतियों का अनुभव करना हमेशा से मेरा जुनून रहा है। और दूसरों को भी ऐसा करने की प्रेरणा देकर मैं रोमांचित हूँ। लिम्का के साथ मिलकर, मैं खोज के इस रोमांचक सफर पर जाने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूँ।''

रुचिरा भट्टाचार्य, सीनियर डायरेक्टर, मार्केटिंग- हाइड्रेशन, स्पोर्ट्स एण्ड टी कैटेगरी, इंडिया एण्ड साउथ-वेस्ट एशिया ऑपरेटिंग यूनिट, द कोका-कोला कंपनी ने कहा, ''लाइम एण्ड लेमनी जैसे विशेषणों की विरासत के साथ लिम्का 5 दशकों से अपने अनोखे स्वाद से उपभोक्ताओं को ताजगी दे रहा है। हम ट्रेवल विथ लिम्का कैम्पेन को लॉन्च कर बहुत उत्साहित हैं और तृप्ति डिमरी लिम्का का नया चेहरा बन गई हैं। इस कैम्पेन के साथ हमें उम्मीद है कि हम लोगों को बाहर निकलने और अपने शहरों की खूबसूरती के बारे में जानने के लिए प्रोत्साहित करेंगे और अपने सफर के दौरान वे एकदम ठंडी लिम्का से अपने गले की प्यास बुझा सकते हैं!''

स्टूडियो एक्स के चीफ स्ट्रैटेजी ऑफिसर मुकुंद वीएमएल ने कहा, ''हमारे अपने शहर में ऐसी कई जगहें होती हैं, जिनसे हम अनजान हैं। ट्रेवल विथ लिम्का कैम्पेन आपको अपने शहर का पूरा मजा लेने के लिये प्रोत्साहित करता है। इस विज्ञापन में दिखाया गया सब-कुछ शहर के लिए स्थानीय है- बस अड्डे के नाम से लेकर इलस्ट्रेशंस तक। तृप्ति के उत्साही रवैये ने उनके साथ काम करना तो सहज बनाया ही, बल्कि वह परफेक्ट लिम्का गर्ल भी बन गईं।''

# एसरी इंडिया ने 10 लाख यूज़र्स का कीर्तिमान हासिल किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत मेंजियोग्राफिक इन्फॉर्मेशन सिस्टम (जीआईएस) सॉफ्टवेयर एवं सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने वाली अग्रणी कंपनी एसरी इंडिया ने आज घोषणा की कि उसने 10 लाख यूज़र्स का आंकड़ा हासिल कर लिया है। यह शानदार उपलब्धि इस देश में विविध उद्योगों में फैले व्यापक ग्राहक आधार के विश्वास एवं वफादारी काप्रमाण है।

एसरी इंडिया के प्रबंध निदेशक अगेंद्रकुमार ने कहा, इस ऐतिहासिक उपलब्धि के जश्न के मौके पर मैं हमारे उन सभी यूज़र्स का हृदय से आभार प्रकट करना चाहूंगा जिन्होंने एसरी इंडिया को भारत में एसरी टेक्नोलॉजी का उपयोग करने वाले 10 लाख यूज़र्स का कीर्तिमान हासिल करने में मदद की है। यह बढ़ा हुआ यूज़र आधार इस तथ्य का प्रमाण है कि भारत सरकार के संगठन और उद्योग अपने अपने क्षेत्रों में जबरदस्त परिणाम हासिल करने के लिए जियोस्पैटियल टेक्नोलॉजीज़ की संभावनाओं का व्यापक स्तर पर दोहन कर रहे हैं। वर्ष 2021 और 2022 में भारत सरकार द्वारा घोषित अनुकूल नीतियों के साथ जागरूकता बढ़ने से सरकार, अकादमिक संस्थानों और निजी क्षेत्र में यूज़र्स महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करने और ऐसे ऐप्लीकेशंस तैयार करने जिनका उपयोग संगठनों में बड़ी संख्या में लोगों द्वारा सामूहिक रूप से किया जा सके, जीआईएस को अपना रहे हैं। हमारा लक्ष्य जियोस्पैटियल समुदाय के साथ निरंतर काम करना और यूज़र्स को प्रभावी जीआईएस कार्य प्रवाह के जरिए महत्तम लागत में उनके कार्य में समय की बचत करने में मदद करना है। इन बचतों का भारत की आर्थिक वृद्धि पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने में मदद मिलेगी। वर्ष 2021 में जियोस्पैटियल





डेटा गाइडलाइन्स से उत्साहित एसरी इंडिया एक भारतीय इकाई के तौर पर अब आर्कजीआईएस लिविंग एटलस के भारतीय संस्करण के जरिए जियोस्पैटियल डेटा की 900 से अधिक परतों की पेशकश करती है। डेटा की ये परतें कंपनी के सभी यूज़र्स के लिए इंडो आर्कजीआईएस के जरिए उपलब्ध हैं। इंडो आर्कजीआईएस विभिन्न भारत केंद्रित चुनौतियों को हल करने के लिए 200 से अधिक सॉल्यूशंस भी उपलब्ध कराता है। इस देश में इन उत्पादों के बढ़ते उपयोग से यूज़र्स की संख्या 10 लाख पहुंची है। एसरी इंडिया के यूज़र्स में केंद्र सरकार, विभिन्न राज्य सरकार के वन एवं जल संसाधन विभागों समेत विभिन्न विभाग, करीब 200 नगर निगम, स्मार्ट सिटीज़ और अन्य नगरीय स्थानीय निकाय, राष्ट्रीय मैपिंग एजेंसियां, अग्रणी विनिर्माण एवं दूरसंचार कंपनियां, जनोपयोगी सेवाएं देने वाले संस्थान और 800 से अधिक कॉलेज एवं विश्वविद्यालय इसके 6500 से अधिक संगठन आधार वाले ग्राहकों में शामिल हैं।



## प्रियंका चोपड़ा की जाहिर की खुशी

# यूनिसेफ इंडिया की नेशनल एंबेसडर बनीं करीना

बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान को हाल ही में यूनिसेफ इंडिया का नेशनल एंबेसडर नियुक्त किया गया है। यूनिसेफ के साथ अपनी शानदार यात्रा को लेकर करीना बेहद खुश हैं। अभिनेत्री साल 2014 से यूनिसेफ इंडिया के साथ जुड़ी हुई हैं। इतने वर्षों से वे सेलिब्रिटी एडवोकेट के रूप में संगठन से जुड़ी थीं। अपनी इस उपलब्धि में एक और उपलब्धि जोड़ते वह इसकी नेशनल एंबेसडर बन गई हैं। उनकी दोस्त और अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने इस पर प्रतिक्रिया दी है। प्रियंका चोपड़ा ने करीना कपूर को यूनिसेफ इंडिया की नेशनल एंबेसडर बनने पर बधाई दी है। देसी गर्ल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर बेबी की तस्वीर साझा कर एक नोट लिखा है। प्रियंका ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर तस्वीर साझा करते हुए लिखा, परिवार में आपका स्वागत है करीना कपूर खान, बहुत योग्य। प्रियंका 2006 से यूनिसेफ के साथ जुड़ी हुई हैं। उन्हें 2010 और 2016 में बाल अधिकारों के लिए नेशनल और ग्लोबल यूनिसेफ गुडविल एम्बैस्डर नियुक्त किया गया गया था। वह पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा और महिलाओं के अधिकारों समेत कई मुद्दों की वकालत करती हैं। करीना ने अभिनेत्री के पोस्ट को रीपोस्ट करते हुए लिखा, धन्यवाद पीसीजे। जल्द ही फिर मिलेंगे। इसके साथ उन्होंने एक लाल दिल वाला इमोजी साझा किया है। यूनिसेफ इंडिया का नेशनल एंबेसडर नियुक्त होने पर करीना कपूर को कई सितारे शुभकामनाएं दे रहे हैं। इनमें मलाइका अरोड़ा, अमृता अरोड़ा, आयुष्मान खुराना और उनकी ननद सबा पटौदी समेत कई लोग शामिल हैं। करीना ने यूनिसेफ इंडिया का नेशनल एंबेसडर बनने पर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया। उन्होंने लिखा, मेरे लिए एक भावनात्मक दिन। मैं यूनिसेफ भारत की नेशनल एंबेसडर नियुक्त होने पर सम्मानित महसूस कर रही हूं। पिछले 10 वर्षों में यूनिसेफ इंडिया के साथ काम करना वास्तव में बहुत ज्ञानवर्धक रहा है। हमने जो काम किया है उस पर मुझे गर्व है और मैं बाल अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा करने तथा सभी बच्चों के लिए समान भविष्य के लिए आवाज बनने की अपनी प्रतिबद्धता दोहरा रही हूं। इसके साथ ही उन्होंने पूरी टीम को धन्यवाद कहा।



## 1942 ए लव स्टोरी के लिए विधु विनोद चोपड़ा की पहली पसंद थे शाहरुख खान



विधु विनोद चोपड़ा ने बताया कि 1942 ए लव स्टोरी के लिए पहली पसंद शाहरुख खान थे?। विधु विनोद के मुताबिक, शाहरुख स्टार नहीं थे और उन्होंने ही एक्टर को पहला ऑफर दिया था। शाहरुख खान ने अपने करियर में राजकुमार हिरानी के साथ तो काम किया, लेकिन उनके जोड़ीदार विधु विनोद चोपड़ा के साथ अब तक कोई फिल्म नहीं की है। हालांकि शाहरुख और विधु विनोद चोपड़ा पिछले करीब तीन दशकों से एक साथ आने की प्लानिंग कर रहे हैं। विधु विनोद चोपड़ा ने एक इंटरव्यू में मजेदार खुलासा किया। उन्होंने बताया कि फिल्म 1942−ए लव स्टोरी में पहले शाहरुख काम करने वाले थे। फिल्म के लिए अनिल कपूर नहीं, बल्कि शाहरुख खान पहली पसंद थे। 12वीं फेल के डायरेक्टर ने केलॉग स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में चैट के दौरान यह खुलासा किया। विधु विनोद चोपड़ा ने बताया, शाहरुख का मेरे साथ एक इतिहास रहा है। जब मैं 1942−ए लव स्टोरी बना रहा था तो मैंने उनका काम देखा था। रेनू ( विधु विनोद की तत्कालीन पत्नी ) ने माया मेमसाब नाम की एक फिल्म एडिट की थी।



## मुन्ना भाई की अगली किस्त पर सर्किट ने दिया चौंकाने वाला बयान

बॉलीवुड अभिनेता अरशद वारसी को लोग सर्किट कहकर भी बुलाते हैं। फिल्म मुन्ना भाई एमबीबीएस में उन्होंने सर्किट का किरदार निभाया था। उनका किरदार दर्शकों का खूब पसंद आया था। दर्शक इस फ्रैंचाइजी की अगली किस्त का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। संजय दत्त और अरशद पहली की 2003 में आई फिल्म मुन्ना भाई एमबीबीएस और 2006 में लगे रहो मुन्ना भाई ने दर्शकों को खूब हंसाया था। अरशद ने हाल ही में फिल्म के तीसरे पार्ट को लेकर बात की है। अरशद वारसी से हाल ही में एक बातचीत में पूछा गया कि क्या मुन्ना भाई फ्रैंचाइजी की तीसरी फिल्म बन रही है। इसके जवाब में अभिनेता ने कहा, विधु विनोद चोपड़ा इसे बनाना चाहते हैं। राजकुमार हिरानी भी इसे बनाना चाहते हैं। संजय दत्त भई इसे करना चाहते हैं। मैं भी इसे करूंगा। देश इसे देखना चाहता है। मगर अभी ये बन नहीं रही है। उन्होंने बताया, राजू के पास सीक्वल के लिए तीन शानदार स्क्रिप्ट हैं, जिनमें कुछ चीजें यहां-वहां गायब हैं। मगर मुझे नहीं लगता कि ऐसा हो रहा है। शायद, काफी समय बीत चुका है। मैंने राजू से कहा कि जो शुरू होता है, उसका अंत भी होता है। ऐसा लगता है कि हमने इंटरवल पर छोड़ दिया है। हर कोई अधीर है क्योंकि यह अभी खत्म नहीं हुई है। मुन्ना भाई सीरीज को बंद करने की जरूरत है। मुन्ना भाई एमबीबीएस में संजय दत्त और अरशद वारसी के अलावा जिमी शेरगिल, ग्रेसी सिंह, बोमन ईरानी और सुनील दत्त ने भी अभिनय किया था। मुन्ना और सर्किट की जोड़ी खूब हिट हुई थी। इसके बाद लगे रहो मुन्ना भाई में भी इनकी जोड़ी को खूब पसंद किया गया था।



## रामायण में माता सीता बनेंगी अंजलि अरोड़ा

नितेश तिवारी की रामायण के बारे में तो हर कोई सुन रहा है। दूसरी तरफ, अभिषेक सिंह भी श्री रामायण कथा लेकर आ रहे हैं और इस फिल्म में माता सीता के रोल के लिए अंजलि अरोड़ा को चुना गया है। एक्ट्रेस ने हाल ही में रोल मिलने पर बात की है और खुद को धन्य कहा है। अंजलि ने कहा, मैं इस रोल की पेशकश पाकर धन्य महसूस कर रही हूं। देवी सीता का चरित्र इतना पवित्र है कि इसे कोई भी नकार नहीं सकता एक ही हिंदू महाकाव्य पर आधारित दो फिल्मों के साथ, दूसरी एक्ट्रेस के साथ उनकी तुलना भी होगी और अंजलि इससे इनकार नहीं करती हैं

नितेश तिवारी की रामायण की चर्चा हर तरफ हो रही है, जिसमें रणबीर कपूर और साई पल्लवी भगवान राम और देवी सीता की भूमिका निभा रहे हैं। ये फ्लोर पर चली गई है। इसी बीच, हिंदू महाकाव्य का एक और रूपांतरण चल रहा है। अभिषेक सिंह के डायरेक्शन में बनी प्रकाश महोबिया और संजय बुंदेला की श्री रामायण कथा में सीता के रोल में अंजलि अरोड़ा नजर आएंगी, जिन्होंने लॉक अप में भी हिस्सा लिया था।

देवी सीता का चरित्र इतना पवित्र है कि इसे कोई भी नकार नहीं सकता। यह जानने की उत्सुकता थी कि डायरेक्टर ने मुझे क्यों चुना, मैंने उनसे पूछा और उन्होंने कहा कि उन्होंने कुछ हीरोइनों को शॉर्टलिस्ट किया है, जिनमें मैं भी शामिल हूं। मेरा मानना है कि उन्होंने मुझमें कुछ ऐसा देखा जिससे उन्हें यकीन हो गया कि मैं किरदार के साथ न्याय कर सकती हूं। मुझे पिछले महीने फाइनल किया गया था और तब से, मैं वीडियो देख रही हूं, पढ़ रही हूं और सीख रही हूं। मैं किरदार के साथ न्याय करने के लिए अपना बेस्ट दूंगी।

**दूसरी एक्ट्रेस से तुलना होने पर बोलीं अंजलि अरोड़ा**

एक ही हिंदू महाकाव्य पर आधारित दो फिल्मों के साथ, दूसरी एक्ट्रेस के साथ उनकी तुलना भी होगी और अंजलि इससे इनकार नहीं करती हैं। दरअसल, वह तुलना की उम्मीद कर रही हैं। वह कहती हैं, मुझे पता है कि तुलनाएं होती रहती हैं और तुलनाओं से कोई नहीं डरता?

# एनिमल

## स्टार बॉबी देओल तीन शादियों पर बोले...

बॉलीवुड स्टार बॉबी देओल शनिवार रात को द ग्रेट इंडियन कपिल शो के नए एपिसोड में अपने बड़े भाई सनी देओल के साथ बतौर मेहमान शामिल हुए थे। इस एपिसोड में वे अपनी फिल्मों के अलावा अपनी निजी जिंदगी और अपनी प्यारी पत्नी तान्या देओल के बारे में बातें करते दिखाई दिए। आइए आपको बताते हैं बॉबी देओल ने अपनी पत्नी और अपनी शादी के बारे में क्या कुछ कहा - द ग्रेट इंडियन कपिल शो के नए एपिसोड में बॉबी देओल और उनके भाई सनी देओल ने अपनी मजेदार बातों से दर्शकों के दिलों को लुटते दिखाई दिए। कपिल शर्मा के साथ बॉबी देओल खुलकर बातें करते नजर आए। कपिल ने बॉबी देओल से कहा कि उनके कुछ फैंस ने उनसे कुछ सवाल पूछे हैं। कपिल शर्मा हंसते हुए बॉबी देओल से कहते हैं, बॉबी भाई आपसे आपके फैंस ने पूछा है कि एनिमल में आपने तीन शादियां की हैं। वे भी तीन शादी करना चाहते हैं। उन्हें क्या करना चाहिए। कपिल शर्मा के सवाल को सुनकर को बॉबी देओल मुस्कुराते हुए कहते हैं, अब हम क्या करें। रोमांस के मामले में हम देओल ऐसे ही हैं। हमारा प्यार से दिल भरता ही नहीं हैं। बॉबी देओल अपनी बात जारी रखते हुए कहते हैं, यह सब मजाक है। मैं सच्चे प्यार में विश्वास करता हूं। मैं पिछले 28 साल से तान्या के साथ हूं और मैं बेहद खुश हूं। मेरी शादी को 28 साल हो गए हैं और हर दिन मैं खुद को तान्या के प्यार में पाता हूं। मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मेरे पास तान्या हैं। वे बेहद सरल और सुंदर महिला हैं। बॉबी देओल की यह बात दर्शकों को काफी पसंद आती है। वे खड़े होकर उनके लिए तालियां बजाते हैं।



# कंगना रनौत ने अमिताभ बच्चन से की अपनी तुलना तो उड़ा मजाक



कंगना रनौत जब से राजनीति में उतरी हैं, तब से वह लगातार सुर्खियां बटोर रही हैं। हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से लोकसभा प्रत्याशी कंगना रनौत इन दिनों जमकर कैंपेन कर रही हैं। उनके भाषण लगातार चर्चा में हैं। हाल ही मंडी में एक भाषण के दौरान कंगना रनौत ने अपनी तुलना सदी के महानायक अमिताभ बच्चन से कर दी। कंगना ने कुछ ऐसा कर दिया कि वह ट्विटर पर ट्रेंड होने लगी हैं और यूजर्स भी उनकी खिंचाई कर रहे हैं। कंगना का कहना है कि फिल्म इंडस्ट्री में अगर अमिताभ बच्चन के बाद किसी को सबसे अधिक प्यार और सम्मान मिलता है, तो वह उन्हें मिलता है। वीडियो में कंगना रनौत कह रही हैं, सारा देश परेशान है, कि वो कंगना, चाहे राजस्थान चली जाऊं, चाहे मैं पश्चिम बंगाल चली जाऊं, चाहे मैं दिल्ली चली जाऊं, चाहे मैं मणिपुर चली जाऊं...ऐसा लगता है कि मानो इतना प्यार और इतना सम्मान...मैं दावे से कह सकती हूं कि इतना प्यार और इतना सम्मान अमिताभ बच्चन जी के बाद आज किसी को इंडस्ट्री में मिलता है, तो वो मुझे मिलता है।

# अरनमनई 4 में तमन्ना के अभिनय के मुरीद हुए विजय वर्मा



तमन्ना भाटिया और राशि खन्ना की फिल्म अरनमनई 4 दर्शकों को बेहद पसंद आ रही है। फिल्म में तमन्ना के अभिनय को लेकर उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड विजय वर्मा ने दिल खोलकर तारीफ की है। हॉरर कॉमेडी फिल्म अरनमनई 4 3 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म में तमन्ना भाटिया और राशि खन्ना ने अहम भूमिका निभाई है।

रिलीज के बाद से ही फिल्म सुर्खियों में बनी हुई है। पहले दिन 4.65 करोड़ की कमाई से खाता खोलने वाली इस मूवी ने दूसरे दिन इससे भी ज्यादा नंबर्स में कमाई की। अरनमनई 4 ने दूसरे दिन 6.25 करोड़ का बिजनेस किया है। इससे फिल्म का टोटल कलेक्शन 10.90 करोड़ का हुआ है।

यह फिल्म लगातार बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है। फिल्म में राशी खन्ना और तमन्ना भाटिया के लाजवाब अभिनय के सभी लोग कायल हो गए हैं। अब इस फिल्म में तमन्ना के अभिनय को लेकर उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड ने अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया है।

### विजय वर्मा का स्पेशल पोस्ट

तमन्ना भाटिया की फिल्म अरनमनई 4 को लेकर उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड और अभिनेता विजय वर्मा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी साझा की है। इस पोस्ट में विजय ने तमन्ना की एक्टिंग के तारीफों के पुल बांध दिए हैं। विजय ने अरनमनई 4 का एक स्क्रीशॉट लगाया है साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, शानदार प्रतिक्रिया मिलने के लिए बहुत बधाई... यूं ही काम करते रहो... अरनमनई 4।

### फिल्म अरनमनई की चौथी किस्त है अरनमनई 4

फिल्म अरनमनई 4 से पहले 2021 में रिलीज हुई अरनमनई 3 को दर्शकों ने पसंद किया था। कहानी उस व्यक्ति की है, जो भूतिया हवेली में होने वाली चीजों से अनजान और परेशान एक गुत्थी को सुलझाने के लिए आया है। फिल्म में तमन्ना भाटिया और राशि खन्ना के अलावा संतोष प्रताप, रामचंद्र राजू, कोवई सरला, योगी बाबू अहम भूमिका में नजर आए।

# ईशा मालवीय संग ब्रेकअप पर निकाली समर्थ जुरेल ने भड़ास



उडारियां एक्ट्रेस ईशा मालवीय और समर्थ जुरेल का ब्रेकअप हो चुका है। दोनों अब साथ नहीं। बिग बॉस 17 में साथ दिखाई दिए थे। लेकिन शो के चंद महीने बाद ये अलग हो गए। अब समर्थ ने ईशा को मौकापरस्त बताया है और ब्रेकअप को लेकर कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। समर्थ जुरेल ने आखिरकार ईशा मालविया से अपने ब्रेकअप पर चुप्पी तोड़ी है। हाल ही में एक इंटरव्यू में समर्थ ने ईशा को मौकापरस्त बताया और कहा कि वह पपाराजी के सामने ही उनके साथ फोटो खिंचवाएंगी। वैसे उनको कोई मतलब नहीं। ईशा मालविया और समर्थ जुरेल का पिछले महीने की शुरुआत में ब्रेकअप हो गया था। और दोनों ने ही इस बारे में कंफर्म किया था। बात करते हुए, समर्थ जुरेल ने कहा, वो वास्तव में बहुत बड़ी मौकापरस्त है। उसका ऐसा था कि, कोई भी इवेंट हो रहा है या कोई भी फंक्शन हो रहा है तो मुझसे बात करने लग जाएगी। उदाहरण के लिए, होली फंक्शन था, हमारी बातचीत एकदुम बंद थी। लेकिन एक दिन पहले से मुझसे बात करने लग गई कि तू आ रहा है ना? मेरे को बाहर तक इसलिए ले गई क्योंकि पैप्स खड़े थे, ताकी हमारी स्पॉटिंग हो जाए। पता चल जाएगा लोगो को कि हम साथ हैं।

# अदिति राव हैदरी ने भंसाली के साथ काम करने का अनुभव किया साझा



संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी द डायमंड बाजार लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। इस सीरीज को लेकर दर्शक शुरुआत से ही उत्साहित हैं। हीरामंडी एक मई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। एक तरफ सीरीज को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। वहीं दूसरी ओर इसे आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ रहा है। फिल्म की मुख्य अभिनेत्रियों में से एक अदिति राव हैदरी ने हाल ही में हीरामंडी में संजय लीला भंसाली के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा किया है। अदिति राव हैदरी ने हाल ही में बताया कि फिल्म की शूटिंग के दौरान संजय लीला भंसाली ने उन्हें कई बार डांटा था। यहां तक की भावनात्मक सीन के समय उन्हें लंच ब्रेक भी नहीं दिया था। उन्होंने शूटिंग के दौरान का एक पल साझा करते हुए बताया थकान और कोविड से ठीक होने की वजह से भंसाली का मार्गदर्शन उन्हें रास नहीं आ रहा था। शुरू में उनकी अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा था।

आईपीएल

# सुनील नरेन ने लखनऊ में हासिल की खास उपलब्धि




**लखनऊ, एजेंसी।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के हरफनमौला खिलाड़ी सुनील नरेन का इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में शानदार सफर जारी है। सुनील नरेन आईपीएल के इतिहास में 1500 से अधिक रन और 150 विकेट का दोहरा प्रदर्शन करने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए।

सुनील नरेन ने यह उपलब्धि 5 मई 2024 को लखनऊ स्थित इकाना क्रिकेट स्टेडियम पर लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ हासिल की। सुनील नरेन ने मैच में 39 गेंद में 6 चौकों और सात छक्कों की मदद से 81 रन बनाए। उनके रन 207.69 की स्ट्राइक रेट से आए। अपने आईपीएल करियर में नरेन ने 166.33 के स्ट्राइक रेट के साथ 17.32 की औसत से 1,507 रन बनाए हैं। उन्होंने एक शतक और सात अर्धशतक लगाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 109 रन है।

### सुनील आईपीएल के 5वें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले बॉलर

सुनील नरेन का यह आईपीएल 2024 का भी अब तक का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। वह 173 मैच मे 176 विकेट के साथ लीग के इतिहास में पांचवें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं।

इस सीजन सुनील नरेन ने 41.90 के औसत और 183.66 की स्ट्राइक रेट से 461 रन बनाए हैं। इसमें एक शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं।

### सुनील से पहले जडेजा और ब्रावो ने हासिल की यह खास उपलब्धि

सीएसके के रविंद्र जडेजा और ड्वेन ब्रावो अन्य दो खिलाड़ी हैं जिन्होंने यह डबल हासिल किया है। रविंद्र जडेजा ने 27.30 के औसत और 129.08 की स्ट्राइक रेट से तीन अर्धशतकों के साथ 2,894 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 62 रन है। उन्होंने 237 मैच में 29.81 की औसत से 160 विकेट लिए हैं।

इसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/16 का है। ड्वेन ब्रावो अब संन्यास ले चुके हैं। उन्होंने अपने आईपीएल करियर के दौरान 161 मैच में 22.60 की औसत और 129.56 की स्ट्राइक रेट से पांच अर्धशतकों के साथ 1,560 रन भी बनाए। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 70 रन है। उन्होंने 4/22 के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े के साथ 183 विकेट भी लिए। ड्वेन ब्रावो आईपीएल के इतिहास में तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। सुनील नरेन ने इस आईपीएल में स्पिन के खिलाफ सिर्फ 63 गेंद में 25.00 के औसत से 125 रन बनाए हैं। हालांकि, इस दौरान वह पांच बार आउट भी हुए। स्पिन के खिलाफ उनका स्ट्राइक रेट 198.4 है और उन्होंने उनके खिलाफ आठ चौके और 11 छक्के लगाए हैं।

### लखनऊ में 98 रन से जीती कोलकाता की टीम

लखनऊ सुपर जायंट्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मैच की बात करें तो एलएसजी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। सुनील नरेन के 81 रन, फिल साल्ट (14 गेंद, 32 रन,5 चौके, 1 छक्का), अंगकृष रघुवंशी (26 गेंद, 32 रन, 3 चौके, 1 छक्का) और रमनदीप सिंह (नाबाद 25 रन, 6 गेंद, 1 चौका, 3 छक्के) की ठोस पारियों के दम पर केकेआर ने 20 ओवर में 235/6 का स्कोर किया।

लखनऊ की ओर से नवीन-उल-हक (3/49) ने शानदार गेंदबाजी की। यश ठाकुर, रवि बिश्नोई और युद्धवीर सिंह को एक-एक विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स 16.1 ओवर में 137 रन ही बना पाई। उसकी ओर से केएल राहुल (25), मार्कस स्टोइनिस (36), निकोलस पूरन (10), आयुष बदोनी (15), एश्टन टर्नर (16) ही दहाई का आंकड़ा छू पाए। हर्षित राणा ने 3.1 ओवर में 24 रन देकर 3 विकेट लिए।

# नौवें नंबर पर बैटिंग करने उतरे माही पर भड़के इरफान पठान, सुना दी खरी-खरी

**धर्मशाला, एजेंसी।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान ने महेंद्र सिंह धोनी को आड़े हाथों लेते हुए खरी-खरी सुना दी है। इरफान पठान की माने तो धोनी चेन्नई सुपरकिंग्स के सबसे अनुभवी प्लेयर हैं। उन्हें अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए और टॉप ऑर्डर में बैटिंग करने आना चाहिए। दरअसल, आईपीएल 2024 में रविवार को हुए मैच में धोनी पंजाब किंग्स के खिलाफ नौवें नंबर पर बैटिंग करने आए।

अपने टी-20 करियर में यह पहला मौका था जब माही 9वें नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे थे। ये पारी इस वजह से भी चर्चा में है क्योंकि धोनी पहली ही गेंद पर बिना कोई रन बनाए हर्षल पटेल की स्लोअर गेंद पर क्लीन बोल्ड हो गए। पठान ने बताया, एमएस धोनी का नंबर 9 पर बल्लेबाजी करना सीएसके के लिए काम नहीं करेगा, इससे टीम को मदद नहीं मिलती है। मुझे पता है कि वह 42 साल के हैं, लेकिन वह ठोस फॉर्म में हैं। उन्हें ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्हें कम से कम 4 से 5 ओवर तक बल्लेबाजी करनी चाहिए। वह आखिरी ओवर या आखिरी दो ओवर तक बल्लेबाजी कर रहे हैं और यह लंबे समय तक सीएसके के लिए उद्देश्य पूरा नहीं करता है। धोनी का बल्ले से यह सीजन शानदार रहा है, उन्होंने सात पारियों में 55 की औसत और 224.49 की स्ट्राइक रेट से 110 रन बनाए हैं। पठान ने कहा, ऐसा हो सकता है कि हम सीएसके को यहां से प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करते देखेंगे और उन्हें अपने 90 प्रतिशत मैच जीतने होंगे।



बतौर सीनियर प्लेयर धोनी को टॉप ऑर्डर में बल्लेबाजी करने की जरूरत है। उन्हें वही करना है जो उन्होंने कई मौकों पर किया है। जब टीम को उनकी जरूरत है तो आप शार्दुल ठाकुर को खुद से आगे नहीं भेज सकते। आप धोनी को नंबर 9 पर बल्लेबाजी करते हुए नहीं देख सकते।

मैड्रिड ओपन

## स्वियातेक ने तीन मैच प्वाइंट बचाकर मैड्रिड ओपन का खिताब जीता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इगा स्वियातेक ने पिछले साल के फाइनल में एरिना सबालेंका के खिलाफ हार का बदला चुकता करते हुए शनिवार को यहां मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट का महिला एकल का खिताब अपने नाम किया। इगा स्वियातेक ने पिछले साल के फाइनल में एरिना सबालेंका के खिलाफ हार का बदला चुकता करते हुए शनिवार को यहां मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट का महिला एकल का खिताब अपने नाम किया। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी पोलैंड की स्वियातेक ने दूसरे नंबर की खिलाड़ी सबालेंका को तीन सेट तक चले फाइनल में 7-5, 4-6, 7-6 से हराकर सत्र का अपना तीसरा खिताब जीता। स्वियातेक 2012 में कैरोलिन वोजनियाकी के बाद 20 खिताब के आंकड़े को छूने वालीं सबसे युवा खिलाड़ी हैं। स्वियातेक तीसरे सेट में जब 5-6 के स्कोर पर सर्विस कर रहीं थी तो उन्होंने दो मैच प्वाइंट बचाए। उन्होंने टाईब्रेक में तीसरा मैच प्वाइंट बचाया और फिर सेट जीतकर खिताब अपने नाम किया।

## रियल मैड्रिड ने जीता रिकॉर्ड 36वां ला लीगा खिताब, केडिज को 3-0 से हराया




**नई दिल्ली , एजेंसी।** मैड्रिड ने अपनी बेंच स्ट्रैंथ को आजमाने के बावजूद केडिज को 3-0 से हराया। बार्सिलोना की टीम इसके बाद गिरोना के खिलाफ 2-4 से हार गई जिससे मैड्रिड ने खिताब सुनिश्चित किया। रियल मैड्रिड ने यहां चार मैच शेष रहते स्पेनिश फुटबाल लीग ला लीगा का खिताब जीत लिया।

मैड्रिड ने अपनी बेंच स्ट्रैंथ को आजमाने के बावजूद केडिज को 3-0 से हराया। बार्सिलोना की टीम इसके बाद गिरोना के खिलाफ 2-4 से हार गई जिससे मैड्रिड ने खिताब सुनिश्चित किया। मैड्रिड ने अपने रिकॉर्ड में सुधार करते हुए 36वीं बार ला लीगा का खिताब अपने नाम किया। गिरोना की टीम इस जीत से बार्सिलोना को पछाड़कर 34 मैच में 74 अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई। बार्सिलोना 73 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। मैड्रिड के 34 मैच में गिरोना से 13 अंक ज्यादा 87 अंक हैं। गिरोना अब अधिकतम 12 अंक ही जुटा सकती है जिससे मैड्रिड का खिताब तय हो गया है।

# पाकिस्तान के मिस्ट्री स्पिनर ने बताया अपना ड्रीम




**लाहौर, एजेंसी।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 का आयोजन वेस्टइंडीज और यूएसए में संयुक्त रूप से किया जाएगा और इसमें भारत और पाकिस्तान का मुकाबला 9 जून को खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान को ग्रुप ए में रखा गया है जिसमें मेजबान यूएसके के अलावा कनाडा और आयरलैंड की टीम है। एक तरफ जहां दुनियाभर के क्रिकेट फैंस के इस मुकाबले का इंतजार है तो वहीं पाकिस्तान के मिस्ट्री स्पिनर अबरार अहमद भी इस मैच का बेताबी के साथ वेट कर रहे हैं।

अबरार अपने देश के लिए इस टूर्नामेंट में खेलने के लिए बेहद उत्सुक हैं और भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का विकेट लेने की उम्मीद कर रहे हैं।

अबरार अहमद ने दिसंबर 2022 में इंटरनेशनल क्रिकेट में अपना डेब्यू किया था और इंग्लैंड के खिलाफ उन्होंने पहला टेस्ट मैच खेला था, लेकिन इसके बाद टी20 में अपना डेब्यू करने के लिए उन्हें इंतजार करना पड़ा था और न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी20आई सीरीज में उन्होंने पाकिस्तान के लिए इस प्रारूप में पदार्पण किया था। कीवी टीम के खिलाफ उन्होंने 5 में से 3 मैच खेले हैं और इसमें उन्होंने 5.75 की प्रभावशाली इकॉनमी रेट से दो विकेट लिए। 25 साल के इस खिलाड़ी को अब पाकिस्तान टी20 टीम में आयरलैंड और इग्लैंड दौरे के लिए चुना गया है और उन्हें उम्मीद है कि वो जून में खेले जाने वाले टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान की 15 सदस्यीय टीम में जगह बनाने में कामयाब रहेंगे। इस प्रतिभाशाली गेंदबाज ने कहा कि उनका ध्यान अपने देश के लिए हर मैच जीतने पर है। लेकिन उनका सपना आगामी विश्व प्रतियोगिता में भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली का विकेट लेना है। उन्होंने जियो सुपर पर बात करते हुए कहा कि मैं हर मैच पर अपना ध्यान केंद्रित करूंगा और हमारी टीम में विश्व स्तरीय स्पिनर हैं और हमारा लक्ष्य पाकिस्तान के लिए मैच जीतना है।

टी20 वर्ल्ड कप में हमारा लक्ष्य सभी टीमों को हराना होगा, लेकिन मेरा सपना विराट कोहली का विकेट लेना है। उन्होंने ये भी कहा कि मैं अपनी बल्लेबाजी में भी सुधार करने की कोशिश कर रहा हूं। आपको बता दें कि टी20 वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान का सामना 7 बार हुआ है जिसमें भारत को 6 बार जीत मिली है।

पेरिस ओलंम्पिक

# भारतीय महिला मीटर रिले टीम ने पेरिस ओलंपिक का टिकट किया पक्का

**बहामास, एजेंसी।** भारतीय महिला 4×400 मीटर रिले टीम ने सोमवार को विश्व एथलेटिक्स रिले में दूसरे दौर की हीट में दूसरे स्थान पर रहने के बाद पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। भारतीय महिला 4×400 मीटर रिले टीम ने सोमवार को विश्व एथलेटिक्स रिले में दूसरे दौर की हीट में दूसरे स्थान पर रहने के बाद पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। इसके साथ ही भारतीय पुरुषों की 4×400 मीटर रिले टीम ने भी नासाउ, बहामास में विश्व एथलेटिक्स रिले में दूसरे दौर की हीट रेस के दौरान पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। रूपल चौधरी, एम आर पूवम्मा, ज्योतिका श्री दांडी और सुभा वेंकटेशन ने तीन मिनट और 29.35 सेकेंड का समय लेकर हीट नंबर एक में जमैका (3ः28.54) के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। इससे पहले, भारतीय टीम रविवार को पहले दौर की क्वालीफाइंग हीट में तीन मिनट और 29.74 सेकेंड के समय के साथ पांचवें स्थान पर रही थी।

### दूसरे स्थान पर रही पुरुष टीम




मोहम्मद अनस याहिया, मोहम्मद अजमल, आरोकिया राजीव और अमोज जैकब की पुरुष टीम ने तीन मिनट 3.23 सेकेंड के साथ अपनी हीट में अमेरिका (2ः59.95) के बाद दूसरे स्थान पर फिनिश किया। मालूम हो कि दूसरे दौर में तीनों हीट में शीर्ष दो पर रहने वाली टीमें पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी। पेरिस ओलंपिक का आयोजन इस साल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होगा।

### अब तक 19 ट्रैक एंड फील्ड एथलीट कर चुके हैं क्वालीफाई

पुरुष टीम क्वालीफाइंग हीट के पहले दौर में दौड़ समाप्त करने में नाकाम रही थी क्योंकि सेकेंड लेग रनर राजेश रमेश को क्रैंप्स के कारण बाहर हटना पड़ा था। इस कोटा के साथ ही भारत के पेरिस ओलंपिक में 19 ट्रैंक एंड फील्ड एथलीट हो गए हैं जिसमें टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा भी शामिल हैं। पेरिस ओलंपिक में एथलेटिक्स इवेंट एक अगस्त से शुरू होंगे।

पेरिस ओलंम्पिक

## पेरिस में गेम्स विलेज में नहीं होटल में ठहरेंगे गोल्फर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय गोल्फर गेम्स विलेज में नहीं बल्कि कोर्स के नजदीक होटल में ठहराए जाएंगे। होटल से कोर्स की दूरी आठ से 10 की मिनट की है।

टोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहकर पदक से चूकने वाली गोल्फर अदिति अशोक के 40 किलोमीटर के थकावट भरे सफर को ध्यान में रख इस बार पेरिस में गोल्फरों को कोर्स के नजदीक ठहराया जा रहा है। भारतीय गोल्फर गेम्स विलेज में नहीं बल्कि कोर्स के नजदीक होटल में ठहराए जाएंगे। होटल से कोर्स की दूरी आठ से 10 की मिनट की है। टोक्यों में अदिति को गेम्स विलेज से कोर्स पहुंचने में डेढ़ घंटा लगता था। उन्हें कोर्स जाने के लिए तड़के तीन-साढ़े तीन बजे उठना पड़ता था। तब वह सात बजे शुरू होने वाले मुकाबले में पहुंच पाती थीं।



इस बार भी पेरिस में कोर्स गेम्स विलेज से 40 किलोमीटर दूर है। अदिति अशोक और दीक्षा डागर का पेरिस में खेलना तय है, जबकि शुभंकर शर्मा और गगनजीत भुल्लर क्वालिफाई करने की दौड़ में हैं। भारतीय गोल्फ यूनियन के अध्यक्ष ब्रिजिंदर सिंह के अनुसार टोक्यो के अनुभव को ध्यान में रखते हुए गोल्फर होटल में ठहराए जा रहे हैं।

# टी20 विश्व कप पर आतंकी हमले का खतरा, आईसीसी और मेजबान देश अलर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के तुरंत बाद यूएसए और वेस्टइंडीज में 1 जून से टी20 विश्व कप का आयोजन होना है। हालांकि, इस बीच टूर्नामेंट पर आतंकी हमले का साया आ गया है। वर्ल्ड कप के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं, लेकिन इस बीच आतंकी साजिश की खबर जो सामने निकल कर आई है उसने सबकी टेंशन बढ़ा दी है।

हालांकि, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा है कि वह टी20 विश्व कप के मेजबान देश- वेस्टइंडीज और यूएसए के साथ मिलकर काम कर रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इस मेगा-इवेंट पर आतंकी खतरे से निपटने के लिए पुख्ता तैयारी हो। पुरुषों का टी20 विश्व कप 1-29 जून तक




वेस्टइंडीज और यूएसए में होने वाला है। कैरेबियाई मीडिया रिपोर्ट के अनुसार वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड को उत्तरी पाकिस्तान से वर्ल्ड कप मैचों के दौरान आतंकी हमले का अलर्ट प्राप्त हुआ है।

पुरुष टी20 विश्व कप पर आतंकी खतरे के बारे में पूछे जाने पर आईसीसी के एक अधिकारी ने आईएएनएस को बताया, आईसीसी उचित योजनाएं सुनिश्चित करने के लिए मेजबान देशों के साथ मिलकर काम कर रही है। रिपोर्ट सामने आते ही हमने तुरंत अधिकारियों से बात की और क्रिकेट वेस्टइंडीज ने सभी को आश्वासन दिया है कि किसी भी जोखिम से निपटने के लिए एक मजबूत सुरक्षा योजना बनाई गई है। त्रिनिदाद के स्थानीय डेली एक्सप्रेस अखबार ने पीएम प्रधानमंत्री डॉ. कीथ रोवले के हवाले से लिखा, सुरक्षा एजेंसियां विश्व कप पर खतरे से निपटने के लिए काम कर रही हैं। यह दुर्भाग्य की बात है कि 21वीं सदी में भी दुनिया में आतंकवाद का खतरा अलग-अलग रूपों में बना हुआ है। हालांकि, इन खतरों को कम करने के लिए, हम स्थानीय और क्षेत्रीय स्तर पर हर खतरों के प्रति सतर्क रहे हैं और हमारी खुफिया और अन्य सुरक्षा एजेंसियां पूरे टूर्नामेंट के दौरान देशों और स्थानों पर सबकी सुरक्षा के लिए काम कर रही हैं।

वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप के मैच एंटीगा एंड बारबुडा, बारबाडोस, गुयाना, सेंट लूसिया, सेंट विंसेंट एंड ग्रेनेडाइंस के अलावा त्रिनिदाद एंड टोबैगो में होंगे। अमेरिका के फ्लोरिडा, न्यूयॉर्क और डलास में भी मैच निर्धारित है, लेकिन वहां इन खेलों पर किसी खतरे का कोई संकेत नहीं है। सेमीफाइनल मुकाबले त्रिनिदाद और गुयाना में खेले जाएंगे, वहीं फाइनल बारबाडोस में खेला जाना है। दुनिया की टॉप- 20 टीमों को पांच-पांच के चार समूहों में बांटा जाएगा।

प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें सुपर 8 चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी। सुपर आठ के दो समूहों से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए आगे बढ़ेंगी। सेमीफाइनल मुकाबले 26 और 27 जून को त्रिनिदाद और गुयाना में खेले जाएंगे, वहीं फाइनल 29 जून को बारबाडोस में खेला जाना है।सेमीफाइनल और फाइनल दोनों के लिए रिजर्व दिन रखे गए हैं।

# कैबिनेट मंत्री बाबू लाल खराड़ी को धमकी देने वाला पुलिस के हत्थे चढ़ा

**उदयपुर , एजेंसी।**राजस्थान के कैबिनेट मंत्री श्री बाबूलाल खराड़ी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में उदयपुर जिले में कोटड़ा थाना पुलिस की टीम ने आरोपी जितेंद्र कुमार अहारी पुत्र हाजाराम निवासी बंजारिया थाना खेरवाड़ा जिला उदयपुर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोबाइल जब्त कर लिया गया है। एसपी योगेश गोयल ने बताया कि शुक्रवार को गनमैन भीमा ने थाना कोटडा पर रिपोर्ट दी कि कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी को उनकी इंस्टाग्राम आईडी पर कमेंट कर जान से मारने की धमकी दी गई है। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। कैबिनेट मंत्री को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी की घटना को गंभीरता से लेते हुए एसपी गोयल द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा व सीओ राजेंद्र सिंह राठौड के सुपरविजन एवं एसएचओ कोटडा अशोक कुमार चंपावत के नेतृत्व में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया।गठित विशेष टीम द्वारा तकनीकी सहयोग से आरोपी की पहचान कर जितेंद्र कुमार अहारी को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। जिसे कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया गया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने अपने मोबाइल में इंस्टाग्राम पर अन्य नाम से आईडी बना रखी है। चुनाव के दौरान विभिन्न प्रचार प्रसार व राजनीतिक विचारधाराओं से प्रभावित होकर उसने कमेंट कर दिया।

# घर के बाहर बाइक पार्क करने को लेकर बहस और कुल्हाड़ी से भाई को काट डाला

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में एक शख्स ने अपने ही भाई पर कुल्हाड़ी से वार कर उसकी हत्या कर दी। घटना शुक्रवार रात को कोटा की बताई जा रही है जहां दोनों के बीच बाइक पार्किंग को लेकर कुछ विवाद हो गया था। आरोपी के पहचान 38 साल के सांवरा भील के तौर पर हुई है जिसने अपने ही छोटे भाई 30 साल के मनोज भील की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि सुकेत पुलिस स्टेशन के अंतर्गत झिरी गांव में आरोपी सांवरा भील और उसके छोटे भाई मनोज भील के बीच उनके घर के बाहर मोटरसाइकिल खड़ी करने को लेकर बहस हो गई थी। स्टेशन हाउस ऑफिसर रघुवीर सिंह ने कहा कि यह बहस बाद में इतनी बढ़ गई कि गुस्से में आकर सांवरा ने मनोज पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे वह बेहोश हो गया।

# पहले पत्नी की जान ली और अब बेटे को भी मार डाला, कुणाल के पिता ने लगाए सनसनीखेज आरोप

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
गौतमबुद्धनगर से अगवा किशोर कुणाल की हत्या के मामले में पीड़ित पिता ने कुछ लोगों और थाना पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित पिता के अनुसार, कुछ नामजद आरोपियों ने उनके 23 लाख रुपये हड़प लिए थे। करीब 14 साल पहले उनकी पत्नी को मार डाला था और अब बेटे को अगवा कर हत्या को अंजाम दे दिया।

कुणाल के पिता कृष्ण कुमार शर्मा ने रोते हुए बताया कि कुछ लोगों द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है। घटना वाले दिन वह अपनी बेटी की शादी के कार्य के संबंध में घर गए थे, उसी दौरान उनके पुत्र को अगवा कर उसकी हत्या कर दी गई। गौतमबुद्धनगर पुलिस द्वारा अपहरण में प्रयुक्त कार के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि कार पर गलत नंबर पड़ा हुआ था। सर्विलांस एवं साइबर टीम भी घटना के खुलासे में लगी हुई है।



**किशोर की बहन की 10 मई को थी शादी :** किशोर का शव मिलने के बाद पीड़ित परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पोस्टमॉर्टम हाउस के बाद मृतक पक्ष के साथ आए लोगों ने बताया कि कुछ माह पहले कुणाल की बड़ी बहन की शादी दिल्ली के एक युवक से तय हुई थी। आगामी 10 मई को शादी होनी थी, लेकिन शादी से पहले ही दूल्हे के परिवार से कुछ विवाद हुआ था। इसके चलते युवक पक्ष के कुछ लोगों को गौतमबुद्धनगर पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया है, जिनसे गहन पूछताछ की जा रही है। कुणाल के परिजनों का कहना है कि इस केस में कदम-कदम पर लापरवाही बरती गई है। घटना के बाद परिजनों में काफी गुस्सा है। परिजनों का आरोप है कि घटना के करीब 20 दिन पहले मृतक कुणाल के पिता व्यापारी कृष्ण कुमार पर भी बदमाशों ने फायरिंग की थी, लेकिन शिकायत के बाद भी पुलिस ने जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने घटना की सही से जांच नहीं की। इसके बाद व्यापारी के बेटे कुणाल का अपहरण कर हत्या कर दी गई।

कुणाल अपने पांच भाई-बहनों में सबसे छोटा था। उससे बड़ा एक भाई और तीन बहनें हैं। कुणाल की मां की करीब 14 साल पहले ही संदिग्ध परिस्थिति में आग लगने से मौत हो गई थी। उस समय कुणाल महज छह महीने का था। ग्रामीणों के मुताबिक, मृतक कुणाल निजी स्कूल में 8वीं क्लास का छात्र था। उसके पिता ने कुछ माह पहले ही ग्रेटर नोएडा में ढाबा खोला था। कृष्ण शर्मा ग्रेटर नोएडा में किराये पर फ्लैट लेकर रह रहे थे, जबकि बच्चे दादी और अन्य परिजनों के साथ गांव में रहते थे। कुणाल की हत्या से परिवार में कोहराम मच गया है। फरवरी में कस्बा बिलासपुर के व्यापारी अरुज सिंघल के बेटे वैभव की हत्या कर शव खेरली नहर में फेंक दिया गया था। हत्या का आरोप उसके दो दोस्तों पर है। वैभव के परिजन भी अपहरण की आशंका व्यक्त कर रहे थे। एक सप्ताह बाद शव नहर में मिला था। फरवरी माह में ही ग्रेटर नोएडा स्थित बेनेट यूनिवर्सिटी के छात्र यश मित्तल की अपहरण के बाद हत्या कर दी गई थी। अमरोहा के रहने वाले व्यापारी का बेटा यश 26 फरवरी 2024 को अचानक गायब हो गया था। परिजन ने 27 फरवरी को दादरी कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अप्रैल 2021 में दादरी में साढ़े तीन साले के बच्चे दक्ष लोहिया की अपहरण के बाद बदमाशों ने उसकी हत्या कर दी थी।

# उन्हें कसाब की चिंता, उज्ज्वल निकम के लिए ढाल बने फडणवीस; कांग्रेस को जमकर कोसा

**मुंबई , एजेंसी।** मुंबई उत्तर मध्य लोकसभा सीट पर भाजपा के उम्मीदवार और लोकप्रिय वकील उज्जवल निकम को लेकर सियासी पारा खूब हाई है। कांग्रेस ने महिला सांसद पूनम महाजन की जगह निकम को उम्मीदवार बनाने के लिए भाजपा पर हमला बोला है। कांग्रेस ने उज्जवल निकम पर आरोप लगाते हुए कहा भाजपा ने उस व्यक्ति को उम्मीदवार बनाया है जिसने 26/11 हमले के आतंकी अजमल कसाब को जेल में बिरयानी परोसने के लिए झूठ बोला था। अब कांग्रेस पर पलटवार करते हुए महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस हमलावर हुए हैं। अजमल कसाब को लेकर चिंतित है और निकम को निशाना बनाकर आतंकवादियों का समर्थन करना चाहती है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री ने कहा, विपक्षी नेता विजय वडेट्टीवार के अनुसार, उज्ज्वल निकम ने कसाब का अपमान किया। कसाब ने शहर को आतंकित किया और कांग्रेस उससे चिंतित है। महायुति उज्ज्वल निकम का समर्थन कर रही है और एमवीए कसाब का समर्थन कर रही है। अब आप तय करें कि आपको किसे वोट देना चाहिए। बीते शनिवार को कांग्रेस पार्टी की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने आरोप लगाया कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव में एक महिला सांसद की जगह वकील उज्ज्वल निकम जैसे व्यक्ति को उम्मीदवार बनाया है, जिनका 26/11 हमले के आतंकवादी अजमल कसाब को जेल में बिरयानी परोसे जाने के बारे में बोला गया झूठ पहले ही उजागर हो चुका है। भाजपा ने मौजूदा सांसद पूनम महाजन को हटाकर पूर्व विशेष लोक अभियोजक निकम को मुंबई उत्तर मध्य लोकसभा सीट से टिकट दिया है।

# चंद्रयान-3 के नाम से जाना जाएगा अनोखा जीव, इसे कोई नहीं मार सकता

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अंतरिक्ष में भारत का नाम अमर कर चुके चंद्रयान-3 के नाम से अब एक जानवर की विशेष प्रजाति भी जानी जाएगी। खबर है कि तमिलनाडु के एक विश्वविद्यालय ने मरीन टार्डिग्रेड की एक नई प्रजाति का नाम बैटिलिप्स चंद्रायणी रखा है। शोधकर्ताओं ने इसरो यानी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के चंद्रयान-3 मिशन की सफलता बाद यह फैसला किया है। द हिंदू की रिपोर्ट के अनुसार, तमिलनाडु के दक्षिण पूर्व तट पर मरीन टार्डिग्रेड की नई प्रजाति मिली है। कोचीन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के शोधकर्ताओं ने मरीन टार्डिग्रेड का नाम चंद्रयान-3 पर रखा है। भारत ने बीते साल अगस्त में चांद के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 की लैंडिंग कर इतिहास रच दिया था। नेशनल जियोग्राफिक के अनुसार, टार्डिग्रेड 8 पैरों वाले बेहद ही छोटे जानवर होते हैं। ऐसा कहा जाता है कि उनपर शायद प्रलय का भी असर नहीं होगा। देखने पर ये बहुत छोटे भालू की तरह भी लगते हैं। वेबसाइट के मुताबिक, दुनियाभर में टार्डिग्रेड्स की करीब 1300 प्रजातियां मौजूद हैं। इन्हें एक्रॉटिक भी माना जाता है, क्योंकि डिहाइड्रेशन से बचने के लिए इन्हें अपने शरीर के आसपास पानी की एक पतली परत की जरूरत होती है। खास बात है कि इन्हें पानी का भालू भी कहा जाता है। जबकि, असली भालुओं से इनका कोई कनेक्शन नहीं है।

नेशनल जियोग्राफिक किड्स के अनुसार, ये छोटे जानवर लगभग अविनाशी हैं। ये हिमालय के शीर्ष से लेकर समुद्र की गहराई में कई जगहों पर पाए जा सकते हैं।

# सीएम अरविंद को तोड़ नहीं सकते... आम आदमी पार्टी-एके पर भी बोलीं सुनीता केजरीवाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने रविवार को दक्षिणी दिल्ली लोकसभा सीट से गठबंधन के उम्मीदवार सहीराम पहलवान के समर्थन में रोड शो किया। उन्होंने कहा कि सीएम को तोड़ने और झुकाने के लिए झूठे केस में जेल भेजा गया है, लेकिन उन्हें कोई तोड़ नहीं सकता है।

देवली विधानसभा में आयोजित रोड शो में उन्होंने लोगों से केजरीवाल को जेल भेजने के खिलाफ जनसमर्थन मांगा। इस दौरान वहां मौजूद लोगों से 'जेल का जवाब वोट से' देने की अपील की। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की हर महिला को एक हजार रुपये प्रतिमाह देने की घोषणा की है।



इसलिए इन्होंने (भाजपा) मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया, ताकि महिलाओं को एक हजार रुपये महीना की योजना को रोकी जा सके, परंतु मुख्यमंत्री ने संदेश दिया है कि ये लोग चाहे कुछ भी कर लें, आपके मुख्यमंत्री शेर हैं और अपनी माताओं-बहनों को एक हजार रुपये महीने देकर ही रहेंगे। सुनीता केजरीवाल ने कहा कि इन लोगों ने केजरीवाल को झूठे केस में जेल भेज दिया है। अब तक उन्हें किसी कोर्ट ने दोषी नहीं माना है। ये लोग कह रहे हैं कि जांच चल रही है। क्या यह जांच 10 साल चलेगी तो सीएम को 10 साल जेल में रखेंगे इससे पहले कोई व्यक्ति तब जेल जाता था, जब अदालत उसे दोषी ठहरा देती थी। अब इन्होंने एक नई व्यवस्थआ निकाली है। ये कहते हैं कि जब तक जांच चलेगी, तब तक जेल में रहना पड़ेगा। हजार रुपये की गारंटी पूरी करेंगे सुनीता केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के सरकारी स्कूल अच्छे कर दिए। अब बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल रही है। मोहल्ला क्लीनिक बना दिए और सरकारी अस्पताल अच्छे कर दिए।




आरएनआई रजिस्ट्रेशन : जेएचएचआईएन/2007/24306, समाचार पत्र के स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक सुमन कुमार द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड,काठीटांड़,नियर टेंडर बगीचा,रातू,रांची(झारखंड)-835222 से मुद्रित एवं एच. आई.- 67,हरमू हाउसिंग कॉलोनी रांची (झारखंड)- 834002 से प्रकाशित,संपादकः सुमन कुमार। संपर्क नं. 9470578773,संपर्क नं. (का.) 0651-7960613,फैक्स नं. 0651- 7960613, ईमेलः purvanchalsurya@yahoo.co.in / purvanchalsurya0@gmail.com लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय से संबंधित सभी मामले रांची से ही निबटाये जाएंगे। ( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार)